हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 19.08.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 28 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### सीपी राधाकृष्णन ने मोदी से की मुलाकात

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। प्रधानमंत्री ने राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में राधाकृष्णन का दीर्घ अनुभव और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी भूमिका देश के लिए मूल्यवान सिद्ध होगी। मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। उन्हें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने पर शुभकामनाएं दीं। सार्वजनिक सेवा में उनके वर्षों के अनुभव और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सक्रियता हमारे देश को और समृद्ध बनाएगी। वह उसी समर्पण और संकल्प के साथ राष्ट्र की सेवा करते रहेंगे जैसा उन्होंने हमेशा दिखाया है।
राधाकृष्णन ने एक्स पोस्ट में लिखा, आज नई दिल्ली में हमारे प्रिय जननेता, हमारे अत्यंत सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर धन्य और सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

### जेजेएमपी के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**लातेहार :** पुलिस ने छापेमारी अभियान चला कर सदर थाना क्षेत्र के नरेशगढ़ गांव के पास से झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी )के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।।
गिरफ्तार उग्रवादियों में लातेहार थाना क्षेत्र के नवागढ़ गांव निवासी अमीन अंसारी और नरेशगढ़ गांव निवासी कृष्णा साहू शामिल है। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के दो सदस्य सदर थाना क्षेत्र के नरेशगढ़ गांव के पास देखे गए हैं। सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम गठित की गई और उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। पुलिस को देखकर दोनों उग्रवादियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि पूर्व में भी पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की थी। परंतु उस दौरान दोनों उग्रवादी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। डीएसपी ने बताया कि जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सुप्रीमो पप्पू लोहरा के मारे जाने के बाद संगठन के उग्रवादी इसी प्रकार अलग-अलग बंटकर छुपकर रह रहे हैं। दोनों उग्रवादी भी नरेशगढ़ में छुपे हुए थे।

# महाराष्ट्र में मूसलधार बारिश से हाहाकार, सात लोगों की मौत

## 15 जिलों में अगले दो दिनों के लिए ओरेंज या रेड अलर्ट, सभी एजेंसियों को सतर्क रहने के निर्देश

एजेंसी



**मुंबई :** महाराष्ट्र में सोमवार को हो रही मूसलधार बारिश से हाहाकार मच हुआ है। बारिश की वजह से घर गिरने, बाढ़ में बह जाने आदि कारणों से सात लोगों की मौत हो गई है। भारतीय मौसम विभाग ने 21 अगस्त तक सूबे के कुल 36 जिलों में से 16 जिलों में रेड या एलो अलर्ट की चेतावनी दी है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है।
मुख्यमंत्री फडणवीस ने आज मंत्रालय के राज्य आपदा प्रबंधन कक्ष में पूरे राज्य में वर्षा की स्थिति की समीक्षा की। इसमें संभागीय आयुक्तों ने अपने विभागों में वर्षा के बारे में जानकारी प्रस्तुत की। रत्नागिरी, रायगढ़ और हिंगोली जिलों में अधिक वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने भी 17 से 21 अगस्त के बीच भारी वर्षा की चेतावनी दी है।
इस बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि सूबे में भारी बारिश से पिछले दो दिनों में विभिन्न घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई है। कोंकण की कुछ नदियाँ खतरे के निशान को पार कर गई हैं और जलगाँव में भारी नुकसान हुआ है। अलमट्टी के संबंध में कर्नाटक सरकार से लगातार संपर्क बनाए रखा जा रहा है और हालाँकि फिलहाल कोई खतरा नहीं है फिर भी मुख्यमंत्री ने व्यवस्था को अलर्ट पर रखने का आदेश दिया है। मुखेड़ में स्थिति नियंत्रण में है और विष्णुपुरी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्रपति संभाजीनगर संभाग के 800 गाँव प्रभावित हुए हैं। दक्षिण गढ़चिरौली में प्रशासन अलर्ट पर है। अकोला, चंदूर रेलवे, मेहकर, वाशिम में स्थिति सामान्य हो रही है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, विदर्भ में 2 लाख हेक्टेयर में फसलों को नुकसान पहुँचा है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई में आज सुबह से केवल आठ घंटों में 170 मिमी बारिश हुई है। शहर में दो स्थानों पर जलभराव के कारण यातायात प्रभावित हुआ है। रेलवे, मेट्रो और अन्य परिवहन सुचारू रूप से चल रहे हैं। अगले 10 से 12 घंटे मुंबई के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और मुख्यमंत्री ने प्रशासन को इसका ध्यान रखने का आदेश दिया है। स्थानीय प्रशासन और नगरपालिकाओं को कल के मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए स्कूलों की छुट्टियां घोषित करने का अधिकार दिया गया है।
मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों में नागरिकों से अपील की गई है कि वे एसएमएस अलर्ट भेजते समय सटीक समय का उल्लेख करें, आने वाले अलर्ट को गंभीरता से लें और अपना ध्यान रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि तत्काल सहायता के लिए मंत्रालय से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है, स्थानीय स्तर पर धनराशि और अधिकार दिए गए हैं। घर गिरने पर सहायता प्रदान करने और पंचनामा ठीक से करने के निर्देश भी दिए गए। खतरे का स्तर बढ? से पहले अन्य राज्यों से संपर्क करने को कहा गया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्यटन स्थलों पर पुलिस सतर्क रहे। भूस्खलन क्षेत्रों में व्यवस्था पहले से चालू रहे और आश्रय केंद्रों में पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पानी और कपड़े उपलब्ध कराए जाएं। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन मंत्री गिरीश महाजन, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार, मुख्य सचिव राजेश कुमार, जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कपूर, आपदा प्रबंधन की अतिरिक्त मुख्य सचिव सोनिया सेठी, कृषि विभाग के प्रधान सचिव विकास चंद्र रस्तोगी, लोक निर्माण विभाग के सचिव संजय दशपुते और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# शुभांशु ने पीएम से की मुलाकात अंतरिक्ष यात्रा के बारे में दी जानकारी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में जाकर इतिहास रचने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने सोमवार शाम को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने गले लगाकर शुभांशु शुक्ला का हौसला बढ़ाया। साथ ही उनकी उपलब्धि की सराहना की। इस दौरान शुभांशु शुक्ला ने पीएम मोदी को अंतरिक्ष यात्रा और उनके अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने पीएम मोदी को अपने प्रयोगों से भी अवगत कराया। शुभांशु शुक्ला रविवार सुबह भारत लौटे थे। वतन वापसी पर उनका दिल्ली एयरपोर्ट पर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत हुआ। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और इसरो प्रमुख वी नारायणन समेत बड़ी संख्या में लोग शुभांशु का स्वागत करने पहुंचे थे। शुभांशु की पत्नी कामना और बेटा कियाश भी उनका स्वागत करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थे।
शुभांशु की करीब एक साल बाद वतन वापसी हुई है। आईएसएस जाने के लिए उन्होंने लगभग एक साल तक अमेरिका में प्रशिक्षण लिया। शुभांशु के साथ ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर भी भारत लौटे, जिन्हें एक्सिओम-4 मिशन के लिए बैकअप अंतरिक्ष यात्री के तौर पर चुना गया था। शुभांशु के सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से मिलने और फिर अपने गृहनगर लखनऊ जाने की उम्मीद है।

### लोकसभा में विशेष चर्चा का प्रस्ताव

सरकार ने सोमवार को लोकसभा में एक विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा है। यह चर्चा शुभांशु की भारत वापसी को चिह्नित करने के लिए आयोजित की जा रही है। लोकसभा में होने वाली चर्चा का विषय है, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत का पहला अंतरिक्ष यात्री-विकसित भारत 2047 के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की भूमिका। शुभांशु की घर वापसी पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा, भारत के लिए गर्व का क्षण है। इसरो के लिए गौरव का क्षण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इसे संभव बनाने वाली सरकार के प्रति कृतज्ञता का क्षण है।

# बीजापुर में बारूदी सुरंग में विस्फोट एक जवान शहीद, तीन घायल



एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक बार फिर सुरक्षाबलों को निशाना बनाया है। नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक बारूदी सुरंग में विस्फोट होने से एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया जबकि तीन अन्य जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की।

### कैसे हुआ यह हमला?

यह घटना रविवार (17 अगस्त) को बीजापुर के नेशनल पार्क क्षेत्र में हुई। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) की एक टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान सोमवार की सुबह अचानक बारूदी सुरंग में विस्फोट हो गया। इस हमले में दिनेश नाग नामक जवान शहीद हो गए जबकि तीन अन्य जवान घायल हो गए।
अधिकारियों ने बताया है कि घायल जवानों की हालत सामान्य और खतरे से बाहर है। उन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया और अब बेहतर इलाज के लिए व्यवस्था की जा रही है।

### नक्सलियों के खिलाफ लगातार जारी है अभियान

इससे पहले 7 अगस्त को भी बीजापुर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली थी। उस समय 24 लाख रुपये के इनामी सहित 9 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया था। साथ ही मुठभेड़ में एक माओवादी को मार गिराया गया था।
नक्सलियों ने पहले भी बीजापुर के मुरडंडा और टीमापुर जैसे इलाकों में आईईडी ब्लास्ट किए हैं जिनमें सीआरपीएफ के जवान घायल हुए थे। इस ताजा घटना के बाद इलाके में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि अभियान पूरा होने के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सूची से मृत और अयोग्य लाभुकों को हटाएं और योग्य को जोड़ें : मुख्य सचिव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने राज्य के तमाम उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि खाद्य आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण व्यवस्था में यह सुनिश्चित करें कि कोई योग्य लाभुक उससे वंचित नहीं रहे। वहीं मृत लाभुकों को चिह्नित कर उन्हें प्राथमिकता के स्तर पर हटाये, ताकि नये लाभुक जोड़े जा सके। मुख्य सचिव ने कहा कि इस प्रक्रिया में इस पर फोकस करें कि डाटा में कोई त्रुटि नहीं रहे। लाभुकों के केवाईसी पूर्ण हों। इसमें कोई समस्या हो, तो उसका परीक्षण करें कि कहां दिक्कत है और उसका समयबद्ध तरीके से निपटारा करें। हर माह इसका भौतिक निरीक्षण करें और रिकार्ड व बुक कीपिंग अपटूडेट रखें। वह सोमवार को खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में आवश्यक सुधार को लेकर अपनी अध्यक्षता में समीक्षा कर रही थीं।

### साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण सुनिश्चित करें

मुख्य सचिव ने राज्य के निर्धन लोगों के बीच साल में दो बार धोती-साड़ी वितरण को लेकर निर्देश दिया कि इसमें तेजी लायें। उड़नदस्ता टीम बना कर वितरण की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई अनियमितता नहीं हो। उन्होंने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के जागरूकता पर बल देते हुए निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित होना चाहिये कि लाभुकों को योजना की मूलभूत जानकारी रहे। इसके लिए होर्डिंग, फ्लैक्स, नुक्कड़ नाटक जैसे हर सक्षम माध्यम का उपयोग करें। उसमें स्थानीय भाषा का प्रयोग करें। लाभुकों को यह हर हाल में पता होना चाहिये कि उन्हें क्या मिलना है, कितना मिलना है, कहां मिलना है और कब मिलना है।

### गोदामों को एक्शन प्लान के अनुसार कार्यशील करें

मुख्य सचिव ने राज्य के तमाम गोदामों को समयबद्ध तरीके से कार्यशील करने पर बल देते हुए कहा कि थोड़े प्रयास से सभी गोदामों को कार्यशील बनाया जा सकता है। समीक्षा में पाया गया कि मामूली कमियों के कारण अनेक गोदाम उपयोग में नहीं हैं। इसे देखते हुए निर्देश दिया गया कि उपायुक्त अपने स्तर से इसमें रुचि लेकर गोदामों को उपयोगी बनाना सुनिश्चित करायें। इसके लिए 20 सितंबर तक की टाइम लाइन तय की गई। उन्होंने कहा कि दिसंबर से धान खरीद की प्रक्रिया शुरू होगी। धान खरीद और उसके संरक्षण को सुगम बनाना है और भुगतान भी त्वरित तरीके से करना है, इसलिए समय रहते कमियों को दूर कर लें। गोदामों के रख-रखाव के साथ वहां मूलभूत जरूरतों को भी पूरा कर लें। इसे लेकर मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सहकारिता विभाग के गोदामों का आकलन कर उसका भी उपयोग करें।

# सत्ता पक्ष के इशारे पर काम कर रहा चुनाव आयोग : इंडी गठबंधन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** इंडी गठबंधन के घटक दलों के नेताओं ने सोमवार को चुनाव आयोग पर सत्ता पक्ष के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को असंवैधानिक और एकपक्षीय बताया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा एक दिन पहले विपक्षी दलों पर 'गलत सूचना फैलाने' के आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद इंडी गठबंधन के नेताओं ने इसका जवाब देने के लिए संविधान क्लब में संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया। इस दौरान कांग्रेस, सपा, आम आदमी पार्टी, राजद, टीएमसी, डीएमके और सीपीएम के प्रमुख नेता मौजूद थे। इन सभी नेताओं ने चुनाव आयोग पर निष्पक्षता छोड़कर सत्ता पक्ष के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया।




लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि वोट देने का अधिकार संविधान द्वारा दिया गया सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है और यही लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग विपक्ष के सवालों का जवाब देने से बच रहा है और जिम्मेदारी से भाग रहा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के सामने चुनाव आयोग की दलीलें खारिज हो चुकी हैं, लेकिन आयोग ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में इन मुद्दों पर सफाई देने की बजाय विपक्षी दलों पर हमला किया। सांसद गोगोई ने पूछा कि जब चुनाव महज तीन महीने दूर है तो एसआईआर जैसी प्रक्रिया को इतनी हड़बड़ी में क्यों लागू किया गया? बिहार के 65 लाख मतदाताओं के नाम क्यों हटाए गए और इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? चुनाव आयोग क्यों नहीं बता पा रहा कि कौन से वोटर मृत घोषित किए गए और कितनों को आधार न होने के कारण हटाया गया? सपा नेता रामगोपाल यादव ने कहा कि चुनाव आयोग विपक्ष की शिकायतों पर कभी कार्रवाई नहीं करता। साल 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में जब अखिलेश यादव ने बड़े पैमाने पर वोट काटे जाने की शिकायत की, तब आयोग ने एफिडेविट मांगा और समाजवादी पार्टी ने 18,000 मतदाताओं की सूची सौंपी, लेकिन आज तक एक भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैनपुरी उपचुनाव में सिर्फ एक खास बिरादरी के अधिकारियों की तैनाती की गई और इस पर भी आयोग ने आंखें मूंद लीं।
द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) सांसद तिरुची शिवा ने कहा कि आयोग ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि बिहार में 65 लाख मतदाताओं के नाम किस आधार पर हटाए गए। यह सूची अब 7.9 करोड़ से घटकर 7.24 करोड़ कैसे हो गई? नए मतदाताओं की संख्या इतनी कम क्यों है? यह मामला राजनीतिक दलों का नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों का है।
टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि आयोग विपक्ष पर हमला करने के लिए मंच का इस्तेमाल कर रहा है। आयोग ने दावा किया कि 65 लाख हटाए गए नामों में से 22 लाख मृत हैं। यदि यह सही है, तो इसका मतलब यह है कि 2024 का लोकसभा चुनाव फर्जी मतदाता सूची पर हुआ और ऐसी स्थिति में पूरी लोकसभा को भंग किया जाना चाहिए।
राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि शायद यह पहली बार है जब पूरा विपक्ष एक साथ चुनाव आयोग के खिलाफ खड़ा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की प्रेस कांफ्रेंस का समय जानबूझकर विपक्ष की 'वोटर अधिकार यात्रा' को दबाने के लिए तय किया गया था।

# राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को किया फोन, ट्रंप के साथ हुई बैठक पर की चर्चा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया। फोन कॉल पर पुतिन ने पीएम मोदी को अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में पुतिन के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है। इस संबंध में सभी प्रयासों का भारत समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15 अगस्त को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक की थी। इस बैठक में यूक्रेन में युद्ध विराम को लेकर चर्चा की गई। हालांकि, इसमें रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति नहीं बनी। यह बैठक ऐसे वक्त में हुई थी जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी और अमेरिका के कदम को अन्यायपूर्ण और बेतुका करार दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। अब रूसी राष्ट्रपति और पीएम मोदी के बीच बातचीत से साफ है कि अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ रूस भारत के साथ खड़ा है।



## एक नजर

### भारतीय गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित हुए विक्रांत गुप्ता



**रामगढ़ :** दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय गौरव संघ द्वारा आयोजित भव्य समारोह में भारतीय गौरव सम्मान 2025 प्रदान किए गए। इस अवसर पर कर्णधार सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था के संस्थापक एवं सचिव विक्रांत गुप्ता को उनके सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आदिवासी उत्थान के कार्यों हेतु भारतीय गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के पश्चात विक्रांत गुप्ता ने कहा यह सम्मान रामगढ़ की जनता को समर्पित है, जिन्होंने हर परिस्थिति में कर्णधार संस्था के साथ खड़े रहकर इसे निरंतर आगे बढ़ाने में सहयोग दिया है। उन्होंने संस्था को इस मुकाम तक पहुँचाने में योगदान देने वाले सहयोगियों का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया। इनमें अध्यक्ष जयदीप सोनी, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, संजय चौधरी, दीक्षा साहू, अनिल महतो, संदीप जयसवाल, विकास गुप्ता, करमवीर कुमार, राजेश जयसवाल, विक्की गुप्ता, लक्ष्मी बेसरा, तथा मधु कुमारी प्रमुख हैं।

### जमीन विवाद में हुई मारपीट में एक घायल

**बरही :** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत डपोक पंचायत के खुर्दजवाड़ में जमीन में हिस्सेदारी को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष के मुंशी दास पिता स्व सोमर दास घायल हो गए। घायल मुंशी दास ने बरही थाना में आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। मुंशी दास ने बताया कि वह खेत से पानी निकालने गए थे। शाम को जब घर आए तो उसकी भाभी केशिया देवी, उसकी पतोहु मंजू देवी दोनों मिलकर उसकी पत्नी फुलवा देवी के साथ मारपीट कर रहे थे।वह जब पत्नी को बचाने गया तो दोनों मिलकर उसके साथ मारपीट करने लगे। मंजू देवी लाठी से उसके सिर पर मार दिया जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। झगड़ा का कारण था कि उसकी पत्नी केशिया देवी की जमीन पर लकड़ी रखी थी। केशिया देवी लकड़ी हटाने के लिए बोल रही थी। उसकी पत्नी ने कहा कि बारिश खत्म होने पर वह लकड़ी हटा देगी। जबकि केशिया देवी भी उसकी जमीन पर अपना सामान रखी है और उसके हिस्से के घर में रहती है। मंजू देवी का पति और भाई हमेशा धमकी देता है कि तुमको जान से मार देंगे।

# ग्राम महुदी में धार्मिक स्थल वीडियो प्रकरण पर संयुक्त बैठक, आपसी सहमति से हुआ समाधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना के कांडतरी पंचायत अंतर्गत के बहुचर्चित गांव ग्राम महुदी के दोनों समुदाय के समाज के ग्रामीणों ने एक लड़के के द्वारा धार्मिक स्थल के साथ इडिट कर बीडीओ वायरल के मामले को लेकर तनाव की स्थिति बनने से पूर्व शांति स्थापित करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि के उपस्थिति में संयुक्त बैठक आयोजित किया।बैठक करम पट्टी तलाब के सामने चबूतरा में कांडतरी पंचायत के प्रभारी मुखिया राजदेव महतो की अध्यक्षता में किया। संचालन पूर्वी पंसस रंजीत चौबे ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम महुदी राणा टोला निवासी आशीष कुमार महतो पिता खिरोधर महतो के द्वारा धार्मिक स्थल पर बने मीनार के साथ एक बीडीयो एडिट कर वायरल मामले को लेकर किया गया। बैठक में दोनों समुदाय के समाज के प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध लोगों ने आशीष कुमार महतो के बातों को गंभीरता पूर्वक सुना। और अपनी अपनी बातों व बहुमूल्य विचारों को रखा।बताते चले की कई दिनों से इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ था।इस पर गणमान्य लोगों के द्वारा अगुवाई की गई। और सूझबूझ के साथ पहल कर गण मान्य लोगों की उपस्थिति में सोमवार को बैठक कर आशीष कुमार महतो के इजहार व ब्यान सुनने के पश्चात दोनों समुदाय के



समाज की ओर से पांच - पांच लोगों का चयन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सीताराम राणा, भागेश्वर राणा , रविकांत महतो , राजकुमार राणा एवं खेमलाल राम तथा फारुख हुसैन , आफताब खान , मो. नईम अंसारी , शहबान अंसारी एवं मो. आवेश शामिल थे। इस सभा 10 लोगों के निर्णय को सर्व समिति से पारित कर फैसला दिया गया। जिसे आशीष एवं उसके पिता के द्वारा स्वीकार किया गया। और उपस्थित लोगों के द्वारा हिदायत देते हुए समझौता कर दिया गया।लोगों ने कहा कि आपसी बातचीत और समझ से ही किसी भी समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। दोनों समुदाय के द्वारा एक दूसरे के साथ सहयोग करने और शांति बनाए रखने का संकल्प लिया गया। ताकि क्षेत्र में आपसी सौहार्द और शांति बनी रहे। यह मामला स्थानीय प्रशासन तक भी पहुंची थी जिस पर स्थानीय प्रशासन ने भी इस मामले में सक्रिय भूमिका निभाई और दोनों समुदायों को एक साथ लाने में सराहनीय योगदान रहा।प्रशासन ने भविष्य में भी इस तरह के मामले में शांतिपूर्ण समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाए।इस बैठक के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

## मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर कर्णपुरा महाविद्यालय में शोक सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में झारखंड राज्य के प्रख्यात नेता एवं शिक्षा जगत के प्रकाशपुंज मंत्री रामदास सोरेन जी के आकस्मिक निधन पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इस शोकसभा की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने की। सभा के आरंभ में महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। सभी ने यह संकल्प लिया कि रामदास सोरेन जी के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपने शोक संदेश में प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने कहा कि श्री रामदास सोरेन जी ने सदैव शिक्षा के क्षेत्र में सुधार एवं उत्थान के लिए कार्य किया। उनका संपूर्ण जीवन समाज एवं राज्य की प्रगति के लिए समर्पित रहा। वे अपने सरल स्वभाव, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए सदैव याद किए जाएंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो. सुरेश महतो, प्रो. फजरुद्दीन, प्रो. नरेश कुमार दांगी, डॉ. अनु कुमारी, प्रो. ऋतुराज, प्रो. रंजीत प्रसाद, डॉ. ललिता कुमारी, प्रो. लालदेव महतो, डॉ. चंद्रशेखर राणा, प्रो. रामकिशोर प्रसाद दांगी, श्री प्रकाश पाण्डेय जुबली कॉलेज भुरकुंडा, चित्रदयाल महतो शोधार्थी विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में लेखापाल डॉ. सनवीर कुमार, मालती देवी सहित अन्य कर्मचारी तथा सैकड़ों छात्र-छात्राएँ भी उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## हाईवा पर अज्ञात अपराधियों की फायरिंग, चालक बाल-बाल बचा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के नजदीकी थाना पिपरवार थाना क्षेत्र के बहेरा रेलवे लाईन के सेंडिंग के पास अज्ञात अपराधियों ने टंडवा झंडा चौक निवासी सुनिल कुमार साव के हाईवा पर किया गया गोली बारी, चालक की तरफ मारी गई गोली से चालक बाल बाल बचा घटना सोमवार दोपहर बारह बजे की, है अमन साहू गैंग के नाम से फेका पर्चा कई कॉल खनन परियोजना से कोयला ढूलाई करके साइडिंग में डंपिंग किया जाता है यह लापरवाही गोली बारी चलाने वाला मामला काफी दिनों से देखा जा रहा हैं जो भी अज्ञात अपराधियों ने कहीं भी गोली का



इस्तेमाल कर रहा हैं इसमें साफ जाहिर होता है कि अमन साहू के निदेर्शानुसार जगह-जगह पर अपना टीम छोड़ चुका हैं जिसे रहा गीरों को जान की खतरा में कभी भी हो सकता है क्योंकि अज्ञात अपराधियों के द्वारा ग्रामीणों को नहीं पहचानता हैं कि अज्ञात अपराधियों के द्वारा अचानक किसी भी स्थान में पिस्तौल निकाल कर ग्रामीणों के बीच चला देता है जो आज दोपहर में गोली चला है इसमें गरीब का बेटा जो हाईवा गाड़ी का चालक करके अपना परिवार का भरम पोषण करता है आज वह परिवार को दुनिया से छोड़ चला जाता है वह हाईवा चालक अपना जान बचाकर भागने में सफल रहा चालक डर से हालत काफी गंभीर हो चुका पीपरवार थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल जारी किए।

## दो लाख लोगों को दिया जाएगा सीपीआर व फर्स्ट एड प्रशिक्षण, अब तक एक लाख लोग हुए प्रशिक्षित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। अभियान के तहत अब तक जिले में 1 लाख लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा चुका है वही यह प्रशिक्षण निरंतर जारी है। इसी क्रम में सोमवार को जिले के विभिन्न कारखानों यथा रामगढ़ कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड मरार रामगढ़, मैहर एलॉयज, आलोक स्टील इंडस्टरीज प्राइवेट लिमिटेड करमा मांडू, ब्रह्मपुत्र मेटलिक्स प्राइवेट लिमिटेड गोला, इनलैंड पावर लिमिटेड गोला सहित अन्य क्षेत्रों में अनुभवी चिकित्सकों एवं जिला स्तर से तैयार किए गए मास्टर ट्रेनरों के द्वारा कर्मियों, ग्रामीण,आम जनों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही लोगों को प्रैक्टिकल कराकर भी आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। गौरतलब होकि अगले एक माह में अभियान मोड में जिले के पंचायतों, विद्यालयों, कारखानों, खदानों आदि में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## नुक्कड़ नाटक और सिग्नेचर कैंपेन के जरिए छात्रों ने लिया रैगिंग मुक्त कैंपस का संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में चल रहे एंटी रैगिंग सप्ताह 12 अगस्त से 18 अगस्त 2025 तक हुआ जिसका समापन सोमवार को एक सार्थक और भावनात्मक कार्यक्रम के साथ हुआ। सप्ताह भर तक चले इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग जैसी सामाजिक और शैक्षणिक कुप्रथा से मुक्त वातावरण उपलब्ध कराना तथा उन्हें सुरक्षित, अनुशासित और सकारात्मक शैक्षिक माहौल प्रदान करना था। अभियान के अंतिम दिन रामगढ़ ब्लॉक में नुक्कड़ नाटक और सिग्नेचर कैंपेन का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने रैगिंग के खिलाफ जोरदार संदेश दिया। पूरे आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह, सचिव प्रियंका कुमारी,कुलपति प्रो ( डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ



संजय कुमार,प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार,एंटी रैगिंग कमेटी के संयोजक डॉ प्रेम प्रकाश,कमेटी सदस्य डॉ पूनम, डॉ ममता डॉ रंजना डॉ अमरेश, निशा,अरविंद, राजू ,प्रदीप, महेंद्र मंडल सभी संकायों के शिक्षक, व्याख्याता और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय प्रांगण में हुआ। एंटी रैगिंग वीक के दौरान विभिन्न विभागों में परिचर्चा, संगोष्ठी, पोस्टर प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। समापन दिवस को विशेष रूप से यादगार बनाने के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

## कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल क्षेत्र में मां मनसा पूजा श्रद्धा के साथ संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़) :** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल, पतरातु, सयाल-उरीमारी सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार को मां मनसा पूजा पूरे श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुई। इस अवसर पर पूजा स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने मां मनसा के दरबार में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित बिजली सब-स्टेशन के समीप, हुरूमगढ़ा सहित कई स्थानों पर मां मनसा की भव्य पूजा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूजा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेष रूप से हॉस्पिटल कॉलोनी में आयोजित पूजा का वातावरण भक्तिमय रहा। पुरोहित बादल खवास के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना सम्पन्न हुई। इसके बाद पुष्पांजलि, आरती और हवन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मां मनसा की भक्ति में डूबे श्रद्धालु दिनभर पूजा पंडालों में जुटे रहे। जगह-जगह भक्ति गीतों की धुन और ढोल-नगाड़ों की गूंज ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। श्रद्धालुओं ने इसे आस्था और परंपरा का पर्व बताया और कहा कि मां मनसा की पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। पूजा-अर्चना में नीलिमा डे, प्रदीप मुखर्जी, राजवीर डे, मौसमी डे, गौतम मुखर्जी सहित अन्य भक्तों ने सक्रिय सहयोग दिया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में अपार उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे ग्रहण कर सभी ने मां के आशीर्वाद की अनुभूति की। इधर भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत लपंगा पंचायत के सरना टोला में भी रविवार को पुजारी नागेश्वर ठाकुर द्वारा पूरे विधि-विधान से मां मनसा पूजा की गई। इस दौरान बत्तख और बकरा की बली देकर घर-परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

# कट ऑफ डेट सुधार की मांग पर युवा विस्थापित संघर्ष समिति का आंदोलन, एनटीपीसी को 10 करोड़ का नुकसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** युवा विस्थापित संघर्ष समिति के द्वारा कट ऑफ डेट को लेकर निर्धारित तिथि के अनुसार 18 अगस्त को आंदोलन किया गया । इस दौरान एनटीपीसी के कोयला हाईवा का परिचालन के अलावा कोयला खनन कार्य प्रभावित रहा है। सुबह 6:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक पूर्ण रूप से प्रभावित रहा। जिसके कारण एनटीपीसी कंपनी को तकरीबन 10 करोड रुपए का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है । खदानों में कोयला माइनिंग के अलावा लगभग 4:30 सौ हाईवा जहां जहां खड़े रहे परिचालन पूर्ण रूप से बंद रहा। कट अप डेट सुधार एवं फिक्स नहीं करने की मांग को लेकर 13 माइल के पास विगत 68 दिनों से युवा विस्थापित संघर्ष समिति के द्वारा निरंतर आंदोलन किया जा रहा है। पिछले बार कंपनी के खिलाफ



सड़क जाम की तुलना में इस बार काफी असरदार नजर आया । भारी संख्या में महिला पुरुष जुटे हुए थे। आंदोलनकारीओं ने राजा बागी, पकवानाला, अंबे गेट, चेपाकला और चमगढ़ा के पास कंपनी के वाहनों की आवागमन को पूर्ण रूप से बंद कर दिया ।जिसके कारण कंपनी के कर्मी कोयला माइनिंग क्षेत्र खदान में पहुंच नहीं पाए फल स्वरुप करोड़ों का नुकसान कंपनी को उठाना पड़ा।इस दौरान विस्थापित संगठन ने कन्वेयर बेल्ट को बंद कराने का प्रयास किया, परंतु सीआईएसएफ की सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा के कारण सुचारू रूप से कन्वेयर बेल्ट से कोयला का परिचालन जारी रहा। अंबे गेट के पास भारी संख्या में पुलिस बल एवं ग्रामीणों के बीच की उपस्थिति देखी गई ग्रामीण और पुलिस आमने-सामने आ गए थे ।इस दौरान ग्रामीण अपनी मांगों को पूरा करने की मांग कंपनी से कर रहे थे। विगत 70 दिनों से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है । परंतु अब तक ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं हुई है जिसके कारण अनिश्चितकालीन भरना आंदोलन जारी है। आंदोलन को देख सोमवार को हजारीबाग सदर अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ कामती धरना स्थल पर पहुंचे और आंदोलनकारी के मांगों को समझने का प्रयास किया। इस दौरान वार्ता के लिए आज मंगलवार को हजारीबाग एसडीएम कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता करने का आश्वासन दिया गया है। जिसमें एनटीपीसी प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण ,एनटीपीसी के अधिकारी एवं जिला से एसडीएम एवं डीएलएओ शामिल रहेंगे। मौके पर वार्ता में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, एसडीपीओ पवन कुमार ,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, राकेश कुमार, विकास कुमार, अमित कुमार, सुनीता साहू, मिथिलेश महतो, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आदर्श युवा क्लब पतरा के द्वारा दो दिवसीय टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**बड़कागांव :** बड़गांव प्रखंड अंतर्गत तालाश्वर पंचायत के पतरा गांव में दो दिवसीय टूनार्मेंट का आयोजन किया गया इस टूनार्मेंट का अध्यक्ष –कमलनाथ कुमार सचिव–शंकर कुमार कोषाध्यक्ष–पिंटू कुमार को बनाय गया! इस टूनार्मेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया इस टूनार्मेंट में भाग लेने वाली टीम– लुकिया, बगवारी, पसेरीय, कटिया बरतुआ इस्को पलांडू बरतुआ, पतरा, कुठान है सभी टीमों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया। सभी टीमों के हरता हुआ कटिया बरतुआ बनाम लुकईया ने फैनल मे जगह बनया इस टूनार्मेंट के फाइनल में समाजसेवी कोलेश्वर गंझु और राजेन्द्र प्रसाद ने किक मार कर शुरूआत किया फाईनाल मैच कटिया बरतुआ बनाम लुकईया ने खेल जिसमें पलेनटी सुट के व्दारा कटिया बरतुआ ने दो जीरो से जीत लिया। मौके पर उपस्थित मिथलेश साव, विनय महतो, अजय महतो, मोहित महतो, शंकर साव, ईश्वर कुमार महतो, टिकेश्वर महतो, अमन गंझु अलबिन टोप्पो प्रकाश गंझु अमन महतो, ईश्वर महतो, सोहन महतो, एवं तमाम खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### लगातार बढ़ रहे अनुमंडलीय अस्पताल में वायरल फीवर के मरीज



**बरही :** बरही में इन दिनों वायरल फीवर की मरीज काफी बढ़ रहे हैं। मौसम साफ होते ही बरही में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। सोमवार को बरही अनुमंडलीय अस्पताल के ओपीडी में 376 मरीज पहुंचकर अपना उपचार करवाया। इसमें ज्यादातर मरीज सर्दी, खांसी, बुखार, टायफायड एवं मलेरिया के शामिल है। वहीं ओपीडी चिकित्सक ने मरीजों को जांच कर उन्हें आवश्यक दवाई के साथ परामर्श दी, साथ ही मरीजों को आवश्यक निर्देश भी दिया। बताते चलें कि पिछले चार – पांच दिनों से लगातार तेज धूप होने के कारण लोग वायरल फीवर के चपेट में आ रहे है। बरही के प्रत्येक घर में कोई न कोई व्यक्ति वायरल फीवर से पीड़ित है। इस संबंध में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि इन दिनों वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। इन मरीजों को हमेशा मास्क पहनकर रहना चाहिए। ऐसा नहीं करने से उनके संपर्क में आने वाले लोग भी वायरल फीवर के चपेट में आ सकते हैं। उन्होंने सलाह देते हुए कहा कि सभी लोग गर्म पानी पीएं। आस पास साफ सफाई रखें। किसी तरह की परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक से सलाह लें।

### शिबू सोरेन और शिक्षा मंत्री के नाम पर शोक सभा हुआ आयोजन



**हजारीबाग :** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष हजारीबाग नरेश बेदिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजकुमार बेदिया, बिनोद बेदिया, सुनील बेदिया, निर्मल बेदिया, सीता देवी, सीतामुनी देवी, फुलतोरिया देवी, मखवा देवी, मुलो देवी, उर्मिला देवी, ललिता देवी, शांति देवी, मंजरी देवी, सुक्रमणि देवी, सुकरी देवी और भुटकी देवी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दाड़ी प्रखंड से बाबूचरण बेदिया, अजय बेदिया, मुकेश बेदिया, टिंकू बेदिया और रामजीत बेदिया की उपस्थिति ने आयोजन को और भी सफल बनाया। सभा में सरना धर्म के पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सामूहिक प्रार्थना की गई और समाज की एकता एवं कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा गया।

### बस के चपेट में आने से 4 वर्षीय जीतू की हुई मौत



**बड़कागांव :** सोमवार सुबह तकरीबन 8:00 बजे बड़कागांव से हजारीबाग जा रही लवली बस ने हेटगढ़ा निवासी मिथुन साव के 4 वर्षीय पुत्र जीतू साहू को उसके ही घर के सामने रोड पर चपेट में ले लिया 10 मीटर तक घसीट ले गया। जिसके कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने 10 से 15 मिनट तक बस को सड़क पर ही खड़ा रख विरोध प्रदर्शन किया। बच्चे की स्थिति काफी गंभीर देख तुरंत इलाज के लिए बड़कागांव समुदाय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची हॉस्पिटल ले जाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मामले को लेकर मृतक के पिता ने बड़कागांव थाने में आवेदन देकर वाहन मालिक हजारीबाग निवासी राकेश कुमार यादव, ड्राइवर रामचरण महतो एवं बिरजू महतो के ऊपर मामला दर्ज कराया है। मिथुन ने आवेदन लिखा है कि हम लोगों के द्वारा हजारीबाग आरोग्य में इलाज हो रहा था परंतु वाहन मालिक पांच लोगों के साथ आए और जबरन आरोग्यम से दूसरे आयुष्मान अस्पताल ले गए । जहां सीटी स्कैन को देखते हुए बच्चे को तुरंत रांची रेफर कर दिया गया। 1:00 बजे दोपहर बच्चे की मौत की सूचना आते ही पूरा गांव में, मातम पसर गया ।आक्रोशित ग्रामीणों ने लाश लेकर थाना पहुंच गए और इंसाफ की गुहार करने लगे। इस दौरान थाना प्रभारी ने कार्रवाई हेतु वाहन को कब्जे में ले लिया और लाश को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने मृतक के परिजन को ?10000 का सामाजिक सहयोग किया । पुलिस के साथ बातचीत के दौरान ग्रामीणों ने बरवाडीह, हेठगढ़ा में कई जगह ब्रेकर देने की मांग की है। ताकि दुर्घटना को रोका जा सके।

### अमित मेडिकल स्टोर के संचालक से सोने की चेन की छिनतई

**बरही :** बरही धनबाद रोड निवासी अमित मेडिकल स्टोर के संचालक अमित केशरी के साथ सोने की चेन की छिनतई की घटना हुई। भुगतभोगी अमित केशरी ने बताया कि वह अपने घर से पैदल अपना दवा दुकान आ रहे थे। इसी बीच पीछे से एक बाइक पर सवार दो लोग आए और गला में पहना हुआ सोने का चेन जिसकी कीमत लगभग छह लाख की थी छीन कर भाग गए। इस घटना की जानकारी अमित केशरी ने बरही पुलिस को दी। पुलिस छापेमारी कर रही है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। अपराधी की धर पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

## एक नजर

### दीक्षांत मंडप में दो सितंबर को करम पूर्व संध्या का होगा आयोजन

रांची : सरना नवयुवक संघ, केंद्रीय समिति की ओर से आगामी दो सितंबर को रांची के दीक्षांत मंडप में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष डॉ. हरि उरांव ने सोमवार को बताया कि आगामी 2 सितंबर को रांची के दीक्षांत मंडप में करम पूर्व संध्या समारोह की तैयारी चल रही है। इसमें एकल गीत और उद्घोषिका के लिए स्वरों का परीक्षण भी किया गया। उन्होंने बताया कि संघ की अगली बैठक 24 अगस्त को होगी। जिसमें उपसमितियों का गठन कर काम संबंधित व्यक्ति को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष साधु उरांव, सचिव बिरेंद्र उरांव, कोषाध्यक्ष डॉ. बंदे खलखो सहित अन्य जुटे हुए है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की दर्दनाक मौत

रांची : रांची जिले के अनगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंदली पोखर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद अनगड़ा थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान की प्रक्रिया जारी है। फिलहाल पुलिस ने ट्रक और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद से इलाके में आक्रोश और तनाव का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं।

### राजस्थानी महिलाओं का लोकप्रिय पर्व बछवारस कल

रांची : राजस्थानी महिलाओं का लोकप्रिय पर्व बछवारस (गोवत्स द्वादशी) 20 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन गाय और बछड़े की पूजा करने से भगवान कृष्ण समेत सैकड़ों देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। परंपरा अनुसार महिलाएं व्रत रखती हैं, गेहूं से बने पकवान नहीं खाए जाते और बाजरे की रोटी, अंकुरित अनाज की कढ़ी एवं सूखी सब्जी बनाई जाएगी। कांके रोड स्थित तिरुपति अपार्टमेंट में श्री कृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाई गई। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ के आवास पर कार्यक्रम आयोजित हुई। इस अवसर कृष्ण कन्हैया को आकर्षक ढंग से सजाया गया। विभिन्न प्रकार के फूलों और बैलून से श्रृंगार किया गया। मध्यरात्रि शंखनाद के बीच भगवान कृष्ण का जन्म हुआ। लड्डू गोपाल को झूले में झुलाया गया। सामूहिक आरती हुई। भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ।

### राधा-कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का हुआ वितरण

रांची : पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम में रविवार को 223वां अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन उषा देवी शर्मा ने अपने पति सुरेश शर्मा और पुत्र पुनीत शर्मा की पुण्य स्मृति में किया। मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इसमें केसरिया खीर, पुड़ी, आलू-चना सब्जी, जीरा राइस और चिप्स परोसे गए। वहीं, श्री राधा-कृष्ण मंदिर में दिनभर में 20 हजार से भी ज्यादा भक्तों ने दर्शन किए। भजन-संध्या में ट्रस्ट के गायक कलाकारों ने सुमधुर भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद सामूहिक महाआरती की गई।

# बारिश से बढ़ी मूर्तिकारों की परेशानी, मूर्तियों को सुखाने में हो रहा गोयठा का उपयोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



रांची : गणेश पूजा, विश्वकर्मा पूजा और दुर्गा पूजा नजदीक है। शहर में विभिन्न स्थानों पर मूर्ति बनाए जा रहे है। मूर्तिकारों को मूर्ति को बारिश से बचाने के लिए इस समय भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। मूर्तिकार दिन-रात मेहनत कर भगवान की प्रतिमाएं गढ़ रहे हैं, लेकिन बारिश और तेज हवाओं ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया है। खुले में मूर्तियों को सुरक्षित रखना बड़ी चुनौती बन गया है। प्लास्टिक से ढककर बचाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन हवा और नमी के आगे यह भी नाकाम हो रही है।

**रंग-रोगन में बन रही है बाधा**

बारिश के कारण मूर्तियों पर चढ़ा लेप बार-बार उखड़ जा रहा है। नमी की वजह से प्रतिमाएं सूख नहीं पा रहीं, जिससे उन पर रंग चढ़ाना लगभग मुश्किल हो गया है। कई बार तेज हवा से मूर्तियों में दरार पड़ जा रही है। मूर्तिकारों को दोबारा मेहनत करनी पड़ रही है। त्योहार करीब आते ही मूर्तिकारों की बेचैनी बढ़ गई है। जहां एक ओर आस्था से जुड़ी मूर्तियों की मांग तेजी से बढ़ रही है, वहीं मौसम की मार ने मूर्तिकारों को भारी परेशानी में डाल दिया है।

**मूर्तिकार गोयठा जलाकर मूर्तियों को सुखाने को मजबूर**

हर बार बारिश होने पर कारीगरों को मूर्तियों को तुरंत ढकना पड़ता है। सुखाने के लिए अब ब्लू लैम्प का सहारा लिया जा रहा है। पहले मिट्टी तेल आसानी से उपलब्ध था, लेकिन अब उसकी कमी से मूर्तिकार गोयठा जलाकर मूर्तियों को सुखाने को मजबूर हैं।

## अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देनेवाली बाबूलाल की याचिका खारिज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को झारखंड के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की। यह मामला सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ, मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एन.वी. अनजारिया के समक्ष पेश हुआ। सुनवाई के दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा दायर की गई अवमानना याचिका पर विचार किया गया। मरांडी ने अपनी याचिका में दावा किया था कि अनुराग गुप्ता की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के प्रकाश सिंह बनाम केंद्र सरकार मामले में दिए गए दिशा-निर्देशों के खिलाफ की गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि गुप्ता की नियुक्ति के लिए यूपीएससी द्वारा तैयार पैनल में शामिल अधिकारी को अनुचित ढंग से पद से हटाया गया।



हालांकि, सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि डीजीपी की नियुक्ति राज्य सरकार का विशेषाधिकार है और यह नियुक्ति नियमानुसार की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद बाबूलाल मरांडी की अवमानना याचिका को खारिज कर दिया, जिससे अनुराग गुप्ता को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने माना कि नियुक्ति में किसी प्रकार की अवमानना नहीं हुई है। इस निर्णय के बाद अनुराग गुप्ता की डीजीपी पद पर नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट की वैधानिक मान्यता मिल गई है।

## रांची पॉलिटेक्निक कॉलेज में जन्माष्टमी पर अश्लील कार्यक्रम के खिलाफ अभाविप का प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड की राजधानी रांची के गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अश्लीलता प्रस्तुत किए जाने के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), महानगर इकाई ने सोमवार को प्रदर्शन किया और कॉलेज के प्राचार्य को एक ज्ञापन सौंप कर आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शन में शामिल अभाविप के पदाधिकारियों ने कहा कि जन्माष्टमी जैसे पावन पर्व पर कॉलेज प्रशासन की ओर से अश्लीलता फैलाने वाले कार्यक्रम को अनुमति देना अत्यंत ही निंदनीय है। यह घटना न केवल धार्मिक आस्था को आहत करती है, बल्कि छात्र-छात्राओं के नैतिक और शैक्षणिक वातावरण पर भी गहरा दुष्प्रभाव डालती है।

अभाविप ने कहा कि कॉलेज के भीतर कुछ छात्र, जो गुंडागर्दी का माहौल बनाते हैं, उन्हीं लोगों ने इस अश्लील कार्यक्रम का आयोजन किया था। यही तत्व बाद में एबीवीपी के विरोध का भी विरोध करने लगे, ताकि अपनी गलती छुपा सकें। परिषद् यह मानती है कि यही छात्र इस पूरे कृत्य के असली दोषी हैं और इन्हीं की वजह से कॉलेज का शैक्षणिक वातावरण दूषित हुआ है।



परिषद की ओर से ज्ञापन में यह भी कहा गया कि संगठन इस कृत्य की कड़ी निंदा करता है और कॉलेज प्रशासन से मांग करता है कि इस घटना के लिए जिम्मेदार कॉलेज के पदाधिकारियों को तत्काल पद से हटाया जाए। साथ ही इस घटना में शामिल छात्रों की पहचान कर उन पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। परिषद ने आरोपितों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

अभाविप प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य दिशा आदित्य, रांची महानगर मंत्री तुषार दुबे, शिवम्‌ लोहारा, अंशुल उज्जैन और गोपाल चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## चैंबर चुनाव : आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू और मुकेश अग्रवाल सामने आये, अब टीम बनाने की चुनौती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव का बिगुल बज चुका है। 21 सितंबर को मतदान है। अब तक तीन प्रमुख गुट इस बार चुनाव मैदान में ताल ठोकने की तैयारी कर रहे हैं। अध्यक्ष पद के दावेदार मुकेश अग्रवाल ने रविवार को होटल ली-लैक में चैंबर के पूर्व अध्यक्षों व सक्रीय सदस्यों की बैठक बुला कर अपनी दावेदारी पेश कर दी है। वहीं व्यवसायियों, पूंजीपतियों व चैंबर के सक्रिय सदस्यों से मिल रहे संकेत के अनुसार राहुल साबू और आदित्य मलहोत्रा भी चुनावी तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके अलावा दबे स्वर विकास विजयवर्गीय के भी कूदने की संभावना जतायी जा रही है।

लेकिन इन प्रमुख दावेदारों के लिए सबसे अधिक टीम बनाने की चुनौती है। चैंबर के चुनाव में जिसकी जितनी मजबूत टीम रही है, उसकी जीत उतना ही आसान होता रहा है।

जानकारों का कहना है कि पंजाबी बिरादरी से आनेवाले आदित्य मलहोत्रा की पत्नी मारवाड़ी है। वर्तमान में वह चैंबर के महासचिव भी हैं। उन्हें पंजाबी के साथ साथ मारवाड़ी समुदाय के एक बड़े वर्ग का समर्थन मिलने की उम्मीद है। मालूम हो कि व्यवसाय के क्षेत्र में इन दोनों समुदाय की मजबूत पकड़ है। चैंबर में इन दोनों समुदायों की अच्छी-खासी संख्या भी है। लगभग यही स्थिति राहुल साबू की भी है। वह चैंबर की वर्तमान कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष हैं। इनकी पत्नी पंजाबी है। इसलिए इन्हें भी अपने समुदाय के अलावा पंजाबी बिरादरी का भरपूर समर्थन मिलने का भरोसा है। इसके अलावा मुकेश अग्रवाल का भी व्यवसायियों के बीच अपनी अलग पहचान है। मजबूत पकड़ है। जानकारों का कहना है कि इसके अलावा विकास विजवर्गीय भी चुनाव मैदान में कूदने को बेताब हैं।

लेकिन चैंबर चुनाव में कब्जे की पहली शर्त टीम है। कार्यकारिणी के कुल 21 सदस्यों के चुनाव में प्रत्येक टीम 21 उम्मीदवारों को खड़ा करती रही है। जिस टीम के विजयी उम्मीदवारों की संख्या 11 या इससे अधिक होती है, उसी का अध्यक्ष बनता है। उसका चैंबर पर कब्जा होता है। लेकिन इस बार चुनाव जीतने को ब्याकुल व्यवसायियों के लिए फिर से टीम बनाने की चुनौती है। वैसी टीम जिसमें जिताऊ उम्मीदवारों की संख्या अधिक हो। सूत्रों का कहना है कि इसके लिए जोड़-तोड़ शुरू हो चुका है। उसी कड़ी में कल मुकेश अग्रवाल ने पूर्व अध्यक्षों व चैंबर से जुड़े वरिष्ठ सदस्यों की बैठक बुलायी थी। समर्थन प्राप्त करने का प्रयास किया था। इसके बाद अब आदित्य मलहोत्रा, राहुल साबू जैसे दावेदारों द्वारा भी इसी तरह की बैठकों का दौर शुरू हो सकता है।

### 22 अगस्त से सेना भर्ती रैली, प्रशासन ने की तैयारी पर बैठक

रांची : झारखंड में इस साल की सेना भर्ती रैली 22 अगस्त से 4 सितंबर तक रांची में होने वाली है। इसे लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में एक बैठक हुई।बैठक में सेना भर्ती निदेशक, कर्नल विकास भोला समेत जिला प्रशासन और पुलिस के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कर्नल विकास भोला ने कहा कि इस भर्ती रैली का मकसद है कि रांची के अधिक से अधिक युवा सेना में शामिल हों और अपने भविष्य को बेहतर बनाएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रैली के दौरान उम्मीदवारों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। रैली के लिए प्रशासन ने कई इंतजाम करने की बात कही है। मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था सुबह 4 बजे से।

## बाबा दिशोम गुरु के संघर्ष के साथ जो लोग खड़े रहे, उनके लिए हम अडिग रहेंगे- सीता सोरेन की बेटियों का भावुक संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड आंदोलन के प्रणेता, राज्य निमार्ता और आदिवासी समाज के पुरोधा स्वर्गीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भव्य श्राद्ध भोज में शामिल होकर उनकी पोती जयश्री भावुक हो गईं। पूर्व विधायक सीता सोरेन और स्व. दुर्गा सोरेन की बेटी जयश्री ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर दादा शिबू सोरेन के जीवन, उनके संघर्ष और विचारधारा को याद किया। जयश्री ने लिखा कि उन्हें और उनकी बहनों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि वे झारखंड के कोने-कोने से आए अपने बाबा के अनुयायियों व प्रशंसकों को



श्रद्धांजलि भोज में अपने हाथों से भोजन परोस सकीं। उन्होंने इसे अपने बाबा की सेवा का सबसे सच्चा रूप बताया और कहा कि - सेवा करते हुए दिल से महसूस हुआ कि यही गुरु जी की असली राह है। उनकी धरोहर सिर्फ किसी मंच या भाषण तक सीमित नहीं, बल्कि उन मुस्कानों में है जो सेवा पाकर खिल उठीं।

जयश्री ने अपने पोस्ट में लिखा कि दिशोम गुरु ने अपना संपूर्ण जीवन जनता को समर्पित कर दिया था। उनका संघर्ष केवल राजनीतिक नहीं था, बल्कि हर उस आम इंसान के लिए था जो न्याय, सम्मान और सहारे का हकदार था। भोज में उमड़ी अपार भीड़ को उन्होंने इस बात का प्रतीक बताया कि लोगों के दिलों में शिबू सोरेन के लिए कितनी गहरी श्रद्धा और प्रेम है।

उन्होंने कहा बाबा की विचारधारा और संघर्ष के साथ जो लोग खड़े रहे, उनके लिए हम भी सदैव अडिग रहेंगे। यही हमारी प्रतिज्ञा है और यही बाबा को सच्ची श्रद्धांजलि। दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें। जयश्री के इस भावुक संदेश ने झारखंडवासियों के मन में एक बार फिर दिशोम गुरु की स्मृतियों को जीवंत कर दिया है। यह पोस्ट अब सोशल मीडिया पर तेजी से साझा की जा रही है और लोगों की भावनात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जाना झारखंड के लिए एक युग का अंत माना जा रहा है, लेकिन उनकी विचारधारा आज भी नई पीढ़ी को प्रेरणा दे रही है, और जयश्री की यह भावपूर्ण श्रद्धांजलि इसी का प्रमाण है। बता दें कि दिशोम गुरु झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, सीएम हेमंत सोरेन के पिता का दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में 4 अगस्त को निधन हो गया था। 81 वर्ष के शिबू सोरेन किडनी से जुड़ी बीमारी के चलते पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उनके निधन की खबर से पूरे झारखंड में शोक की लहर है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में एक बार फिर से बारिश का दौर शुरू, किसानों के खिले चेहरे



रांची : झारखंड के विभिन्न जिलों में फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया है। बारिश की वजह के किसानों के चेहरे खिल गए हैं। हालांकि, भारी बारिश से आम जन-जीवन भी प्रभावित हुआ है। झारखंड में राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों में बारिश हो रही है। कहीं रुक-रुक कर, तो कहीं लागातार बारिश हो रही है। यह बारिश जहां किसानों के लिए राहत बनकर आई हैं, वहीं आम लोगों को दैनिक कार्यों में थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आनेवाले कुछ दिनों तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका जताई है। विभाग के अनुसार 21 अगस्त को राज्य के उत्तर-पूर्वी जिले देवघर, दुमका, गिरिडीह, साहेबगंज, पाकुड़, जामताड़ा और गोड्डा के अलावा इससे लगे मध्यवर्ती जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। साथ ही आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी आशंका है। रांची और आसपास के इलाकों में सोमवार को सुबह से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। रांची में अधिकतम तापमान 30 .2 डिग्री सेल्सियस , जमशेदपुर में 33 डिग्री, डालटेनगंज में 34 डिग्री, बोकारो में 35 .2 डिग्री और 33 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### जवाहरलाल नेहरू कला केंद्र का धूमधाम से मना 43वां वार्षिकोत्सव




रांची : जवाहरलाल नेहरू कला केन्द्र (जेएनकेके) का 43वां वार्षिकोत्सव सोमवार को दयानन्द ऑडिटोरियम, जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद केन्द्र की प्राचार्या लिली मुखर्जी ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि समारोह में 175 विद्यार्थियों ने शास्त्रीय गायन, तबला, रवीन्द्र संगीत, शास्त्रीय और हल्के संगीत की प्रस्तुतियों से माहौल को सुर-लहरियों से भर दिया। ओडिसी, कथक और क्रिएटिव डांस वर्ग की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, लोकनृत्य की जोशीली प्रस्तुति ने भारतीय परम्पराओं की झलक पेश की। वाद्य संगीत वर्ग की मेलोडी ऑफ गोल्डन ट्यून, फ्लेमिंगो और मेलोडी अंडर स्टार्स जैसी प्रस्तुतियों ने भी श्रोताओं का दिल जीत लिया। सांस्कृतिक संध्या के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में वर्षभर की प्रतियोगिताओं में अव्वल छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय कुमार वर्मा, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, मेकॉन लिमिटेड उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जयंत कुमार झा, निदेशक (वाणिज्यिक), मेकॉन भी मौजूद थे।

### नारी स्वास्थ्य संकल्प प्रियदर्शनी उड़ान कार्यक्रम लॉन्च




रांची : प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कांग्रेस भवन में नारी स्वास्थ्य संकल्प प्रियदर्शनी उड़ान कार्यक्रम (सनैटरी नैपकिन) की लॉन्चिंग की गई। इस दौरान नारी स्वास्थ्य संकल्प प्रियदर्शनी उड़ान कार्यक्रम के तहत सभी जिला महिला कांग्रेस अध्यक्षों के बीच 100-100 पैकेट सेनेटरी नैपकिन वितरित की गई। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर 20 अगस्त को जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा गरीब महिलाओं के बीच सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक में जिला से लेकर मंडल तक की कमिटियों की समीक्षा की गई। इसमें महिला मेंबरशिप रिपोर्ट के अलावा जनवरी से लेकर जुलाई तक किये गये कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। साथ ही वोटर अधिकार यात्रा को लेकर बिहार में घर-घर जाकर महिलाओं से संपर्क करने का भी निर्णय लिया गया। लॉन्चिंग कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मार्केटिंग बोर्ड चेयरमैन रविन्द्र सिंह, जयशंकर पाठक, अशोक चौधरी, आभा सिन्हा, आलोक दूबे, किशोर नाथ शाहदेव, अभिलाष साहु, केदार पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

### नई दिल्ली में होगी अखिल भारतीय शौंडिक संघ के संयोजक मंडली की बैठक



रांची : सुंडी शौंडिक समाज को दुनिया के मानचित्र पर स्थापित करने के लिए दिनांक 17 अगस्त 2025 को अखिल भारतीय शौंडिक संघ के संयोजक मंडली की बैठक नई दिल्ली स्थित मीरा प्रकाश सुंडी भवन में आयोजित की गई, जिसमें समाज के विभिन्न गतिविधियों एवं अन्य अनेक राज्यों की जन समस्याओं एवं उनकी आवश्यकताओं पर चर्चा की गई, बैठक में 14 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में अंतराष्ट्रीय सुंडी शौंडिक महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन की विस्तृत रूप रेखा पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 14 दिसंबर 2025 को पूर्वाहन 11 बजे से दिल्ली आई टी ओ स्थित प्यारेलाल भवन में इस कार्यक्रम को करने का निर्णय लिया गया। आज के बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय संयोजक शिवरतन प्रसाद गुप्ता जी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज, श्याम सुंदर प्रसाद जी अखिल भारतीय शौंडिक संघ, झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ से बीरेंद्र साहु जी, रामनारायण गुप्ता जी अध्यक्ष दिल्ली सुंडी समाज, रंजन कुमार जी महासचिव दिल्ली सुंडी समाज, एवं अरुण पंजीयार जी दिल्ली सुंडी समाज, इनके सामूहिक प्रयास से कार्यक्रम किए जाने का निर्णय लिया गया।

एक नजर

## ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता एवं हरित पर्यावरण का संदेश



**कोडरमा :** ग्रिजली विद्यालय के छात्रों ने विद्यालय के वेलनेस क्लब के बैनर तले ह्यस्वच्छ कोडरमा, हरित कोडरमा विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन बडकी धमराई में किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिला प्रशासन के अभियान के तहत समुदाय में स्वच्छता, स्वास्थ्यवर्धक आदतों और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राजकीय कृत मध्य विद्यालय की प्रधानाचार्या माधवी मैम, ग्रिजली विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजना कुमारी एवं क्षेत्र के मुखिया सरयू प्रसाद वर्मा उपस्थित थे।नुक्कड़ नाटक का सशक्त प्रदर्शन श्रेया विजय जैसवाल, रिद्धि कुमारा, इंशा वारिस, डोना सिंह, आश्वी कुमारी, अमीरा, आरुषि कुमारी, शोस्ती सिंह, प्रिया रानी, नव्या जैसवाल, अश्मिका, रितुल जोशी, श्रेया कुमारी, शिवानी यादव, मानसी वर्मा, अंतर कसेरा एवं वर्षा कुमारी द्वारा किया गया। इसमें सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण को हरित बनाए रखने के महत्व को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में विचारोत्तेजक भाषण भी दिए गए। हिंदी में ईशिका रंजन ने जनभागीदारी और सतत जीवनशैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला, वहीं अंग्रेजी में ज्योति ने प्लास्टिक उपयोग को कम करने, वृक्षारोपण करने और कचरे के उचित निपटान जैसे छोटे-छोटे कदमों के माध्यम से एक स्वच्छ और हरित भारत के निर्माण की अपील की।

## इस्पात भवन के नवीकृत कैंटीन का उद्घाटन



**बोकारो :** इस्पात कर्मियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की कड़ी में इस्पात भवन स्थित कैंटीन का नवीनीकरण कर उसे एक नया लुक दिया गया है, साथ ही कुछ नई सुविधाएं भी जोड़ी गई है। 18 अगस्त को बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बी के तिवारी ने नवीकृत कैंटीन टेस्टी बाइट्स का उद्घाटन किया. इस अवसर पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, महिला समिति की अध्यक्ष अनिता तिवारी, महिला समिति की उपाध्यक्षगण, अन्य वरीय अधिकारी तथा एच आर डिविजन के अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस की ताबड़तोड़ छापामारी, 152 किलो गांजा और अवैध शराब जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** जिले में पुलिस ने रविवार की रात अवैध गांजा और शराब कारोबार का बड़ा खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर जरीडीह थाना क्षेत्र के कुम्हारडीह गाँव में छापामारी की गई। इस दौरान पुलिस ने दो तस्करों झ सुभाष कुमार साव (23 वर्ष) और सोनू कुमार राय (27 वर्ष) को गिरफ्तार कर करीब 1 किलो गांजा बरामद किया। गिरफ्तार तस्करों से मिली जानकारी पर छापामारी दल ने गोमिया और पेटरवार थाना क्षेत्रों में एक के बाद एक छापेमारी कर दी। गोमिया के सुझीत कुमार साव उर्फ लिटू के घर से 77 किलो गांजा और अवैध शराब बरामद की गई, वहीं पेटरवार के चिंटू साव के घर से 75 किलो गांजा पुलिस ने जब्त किया। कुल मिलाकर पुलिस ने 152 किलो गांजा, 164 से अधिक बोतल शराब और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद कर तस्करी के बड़े नेटवर्क का पदार्फाश किया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है जबकि अन्य फरार तस्करों की तलाश जारी है। यह कार्रवाई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो (तेनुघाट) वशिष्ट नारायण सिंह के नेतृत्व में की गई, जिसमें जरीडीह, गोमिया और पेटरवार थाना की टीमों ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया।

**जप्त सामानो की विवरणी**

जरीडीह थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हारडीह से करीब एक (01) ङत्रॢ अवैध गांजा, पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत चिंटू साव के घर से 75 ङत्रॢअवैध गांजा, गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत सुजित कुमार साव उर्फ लिटूके घर से 77 KG अवैध गांजा, स्टरलिंग रिजर्व बी7180 एम एल का 47 बोतल शराब, आईकोनिक वाइट 180 एम एल का 46 बोतल शराब, स्टरलिंग रिजर्व बी7 375 एम एल का 47 बोतल शराब ,रोयल होल्ड कप विस्की 750 एम एल का 24 पीस बोतल,इलेक्ट्रोनिक तराज दो अदद आदि मौजूद था।

## मजदूरों ने प्रबंधन को दी चेतावनी, 5 सितंबर तक न्याय नहीं मिलने पर होगा आंदोलन : राजेंद्र




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सोमवार को एक बजे सेल बोकारो इस्पात संयंत्र के ट्रैफिक विभाग के मजदूरों ने क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ सम्बद्ध हिन्द मजदूर सभा के नेतृत्व में प्रबंधन की दमनकारी नीतियों के खिलाफ मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय पर विराट प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि यातायात विभाग यानि ट्रैफिक डिपार्टमेंट शोषण का उत्कृष्ट उदाहरण है। आपको अंग्रेजी शासन की गुलामी और दासता से रूबरू होना है तो ट्रैफिक डिपार्टमेंट का उदाहरण आपके सामने प्रस्तुत है। यातायात प्रबंधन के असीम दया से यहाँ के मजदूर आज के दौर में भी बिना किसी छुट्टी के लगातार तीसो दिन सिर्फ 350 में मजदूरी को मजबूर हैं। इन्होने अपने लाडले ठेकेदारो को न्याय और अधिकार की आवाज उठाने वाले मजदूरो को मारने,गाली-गलौज कर धमकाने तथा काम से निकाल देने की खुली छुट दे रखी है।शोषित मजदूर गर्मी से झुलस कर सर्वोत्तम उत्पादन का इतिहास रच रहें हैं और ये ए.सी. कमरे में बैठकर ठेकेदारो के साथ मुनाफे में हिस्सेदारी बाँट प्लान्ट को लूट रहें हैं। ये ना सिर्फ मिनिमम वेज की डकैती कर रहें हैं बल्कि ई.एल,बोनस तथा फाईनल भी डकार कर अय्याशी कर रहें हैं। सेल प्रबंधन की तानाशाही और निरंकुशता तो किसी परिचय की मोहताज हीं नहीं है। सभी जानते हैं एक तो घोर विलंब के बाद वेज रिवीजन वो भी अधूरा। 39 माह के एरियर पर इनका रवैया बेहद आक्रोशित करने वाला है।

## बीजीएच में नॉन एग्जिक्यूटिव कर्मचारियों के लिए ए.सी. वार्ड तैयार, यूनियन ने जताया आभार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** इस्पात डिप्लोमाधारी कामगार यूनियन का प्रतिनिधि मंडल बोकारो जनरल अस्पताल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बी बी करुणामय से मिला एवम बोकारो स्टील प्लांट के नॉन एग्जेक्युटिव कर्मचारियों के लिए ए सी वार्ड बनवाने, हेल्थ रिट्रीट सेंटर, नवीनीकृत इंटेंसिव बर्न यूनिट, न्यूरो सर्जिकल आईसीयू और जनरल वार्ड के शौचालय का नवीनीकरण आदि कार्यों के लिए बुके देकर उनका धन्यवाद किया। यूनियन के महामंत्री संदीप कुमार ने कहा कि बीजीएच को आधुनिक स्तर का अस्पताल बनाने की दिशा में प्रबंधन के तरफ से उठाया गया बहुत ही सकारात्मक कदम है। बीडू के द्वारा 29 मई 2024 को बी जी एच में नॉन एग्जेक्युटिव कर्मचारियों के लिए ए सी वार्ड बनाने, नए आधुनिक बेड लगवाने सहित अन्य मांगों को लेकर उस समय के तत्कालीन संयुक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वर्षा घाणेकर से मिलकर उनको मांग पत्र दिया गया था। उसके बाद पुनः अपने मांगों को लेकर बीडू का प्रतिनिधिमंडल बोकारो जनरल अस्पताल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री बी बी करुणामय से दिनांक 19 जून 2025 को मिला एवम अपने मांगों के प्रति उनका ध्यानाकर्षण कराया, जिसपर उन्होंने अश्वस्त कराया था कि इन मुद्दों पर बी जी एच प्रबंधन बहुत ही संवेदनशील है और इसपर काम चल रहा है। जल्द ही बहुत से सार्थक परिणाम सामने आएंगे। और अब एस-9 से ऊपर ग्रेड के नॉन एग्जेक्युटिव कर्मचारियों एवम उनके आश्रितों के लिए एक ए सी वार्ड तैयार किया गया है। अगले चरण में बाकी कर्मचारियों के लिए भी ए सी वार्ड की व्यवस्था की जाएगी।

## स्वतंत्रता दिवस पर मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत व विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में मंडल कारा कोडरमा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जेल अदालत एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बंदियों के बीच आयोजित विधिक जागरूकता शिविर के मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश ने कहा कि बंदी अपने बीच से नकारात्मक सोच को हटाकर सकारात्मक सोच पैदा करे तथा अपराध की दुनिया से निकल कर समाज की मुख्य धारा में शामिल हो ताकि स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बंदियों को प्ली-बार्गेनिंग की जानकारी देते हुए कहा कि इसके तहत बंदी अपना दोष स्वीकार कर अपनी सजा कम करा सकते हैं। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय सविंधान में बंदियों के लिए प्रदत मौलिक अधिकारों को काफी विस्तार से बताया। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी मामले में आधे से अधिक सजा काट चुके बंदी अपना दोष स्वीकार कर कारा मुक्त हो सकते है यदि वह अपराध बच्चो एवं महिलाओ के विरुद्ध नहीं हो। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जेल में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को अपराधी नही माने। उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले अधिकारों को काफी विस्तार से बताया। वहीँ उन्होंने प्राधिकार द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर जेल अदालत का भी आयोजन किया गया परन्तु किसी भी बंदी द्वारा कोई भी आवेदन नहीं दिए जाने के कारण जेल अदालत में किसी भी मामले का निष्पादन नहीं किया जा सका। इसके अलावा इस अवसर पर सदर अस्पताल कोडरमा द्वारा बंदियों के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे बंदियों के शुगर, ब्लड प्रेशर सहित अन्य जाँच किये गए। एल ए डी सी एस के अधिवक्ताओ ने भी बंदियों को उनके अधिकारों से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह ने किया।

## उपायुक्त को नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति का धन्यवाद, होल्डिंग टैक्स संशोधन की बनी संभावना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति के पदाधिकारीयों ने उपायुक्त कार्यालय कोडरमा पर उपस्थित होकर जिले के निबंधन शुल्क को संशोधित कर आम जन को राहत पहुंचाने हेतु जिले के उपायुक्त ऋतुराज को धन्यवाद प्रेषित किया। समिति के महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने मांग पत्र के माध्यम से उपयुक्त को बताया कि जब निबंधन शुल्क( सर्किल रेट) को संशोधित करने का आदेश दिनांक 1 अगस्त 2025 से पारित किया जा चुका है तो स्वतः ही जिला के झुमरी तिलैया नगर परिषद, कोडरमा नगर पंचायत एवं डोमचांच नगर पंचायत में बढ़े हुए होल्डिंग टैक्स को भी संशोधित किया जाना जनहित में अति आवश्यक है । निवेदन किया कि जिस प्रकार से निबंधन शुल्क को संशोधित करने हेतु जिला स्तरीय कमेटी उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित की गई थी उसी प्रकार जिले में बढ़े हुए होल्डिंग टैक्स से राहत प्रदान करने हेतु भी उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता में जिले के सक्षम पदाधिकारी का एक कमेटी घटित कर होल्डिंग टैक्स को संशोधित किया जाना जनहित में एक सराहनीय कदम होगा। उपायुक्त महोदय ने उक्त आशय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एक कमेटी गठित करने का आदेश पारित किया और विश्वास जताया कि जल्द ही जिले में बढ़े हुए होल्डिंग टैक्स से भी आमजन को राहत पहुंचाने का काम किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में शामिल निवर्तमान वार्ड पार्षद नीरज कर्ण ,समाजसेवी विनय सिन्हा बेलू ने उपायुक्त को जिला वासियों की और से धन्यवाद दिया।

# कौडिणिनिया पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** आश्रम रोड स्थित कौडिणिनिया पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र सीबीएसई द्वारा अनुमोदित रिसोर्स पर्सन अजय सिंह के द्वारा सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण का विषय था - शिक्षक कैसे कक्षा को खुशनुमा बना सकते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर सीईओ विक्रांत सिंह, विद्यालय के प्राचार्य संजय सिन्हा, उप-प्राचार्या सुमन सिंह, प्रशिक्षक अजय सिंह एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान अजय सिंह ने विस्तार से बताया कि शिक्षक का मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक स्वास्थ्य सीधे तौर पर विद्यार्थियों और कक्षा के माहौल पर प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षक स्वयं प्रसन्नचित्त रहेंगे तो उनकी ऊर्जा और उत्साह से छात्र भी प्रेरित होंगे। उन्होंने शिक्षकों को तनाव प्रबंधन की विभिन्न तकनीकें, सचेतन शिक्षण दृष्टिकोण, प्रभावी कक्षा संचार और स्वस्थ कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखने जैसी व्यावहारिक रणनीतियों की जानकारी दी। सत्र में उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एक खुशहाल शिक्षक न केवल पढ़ाई को रोचक बनाता है, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, जिज्ञासा और सकारात्मक सोच का विकास भी करता है। इसके लिए उन्होंने शिक्षकों को कुछ व्यावहारिक सुझाव दिए जैसे- विद्यार्थियों से सकारात्मक संबंध बनाना, उनकी छोटी-बड़ी उपलब्धियों का जश्न मनाना, जीवन कौशल सिखाना, हास्य का उपयोग करना और उन्हें विकल्प देकर निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना। इस मौके पर शिक्षकों ने भी बड़ी उत्सुकता से भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। कई शिक्षकों ने कक्षा में आने वाली चुनौतियों से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर प्रशिक्षक ने सरल और रोचक अंदाज में दिया। उनकी व्याख्या और उदाहरण इतने सहज थे कि शिक्षकों ने तुरंत उन्हें व्यवहार में लागू करने की उपयोगिता को समझ लिया। विद्यालय के प्राचार्य संजय सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक जब प्रसन्न और प्रेरित होंगे तभी वे विद्यार्थियों को भी प्रेरित कर पाएंगे। आज का यह सत्र निश्चित ही शिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। सीईओ विक्रांत सिंह ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय समय-समय पर शिक्षकों के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा, ताकि छात्रों को सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

संक्षिप्त खबरें

## कृष्णा जन्माष्टमी को लेकर मटका फोड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मरकच्चो :** मरकच्चो में कृष्णा जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला परंपरागत ढंग से ऊंचाई पर लटके मटके को फोड़ने के लिए क्षेत्र की कई टीमों ने भाग लिया। दर्शकों की भीड़ जयकारे लगाते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करती रही। प्रतियोगिता में विजय टीम को आयोजन समिति की ओर से पुरस्कृत किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा और लोग भगवान श्री कृष्णा के जयकारों का नारा लगाते रहे। प्रखंड के मरकच्चो बाजार पर, जामु, दरदाही, मुरकमनाय समेत कई गांव में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया मरकच्चो-बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित दरदाही चौक पर कृष्ण जन्माष्टमी पर मटकाफोड़ कार्यक्रम में दरदाही, तेलोडीह, नावाडीह, गगरेसिंगा, कादोडीहआदि गांव की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के पूर्व मौजूद श्रद्धालुओं ने राधा कृष्ण प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की । साथ ही झूलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।मौके पर तेलोडीह मुखिया टीपन पांसी, पूर्व मुखिया मानिन्दर राम,राम लोचन साव, चिंतामणि साव, सुरेश यादव, पुखराज साव, राम प्रसाद साव, सहदेव यादव, वीरेंद्र गुप्ता, महेंद्र यादव, भागीरथ साव, विजय यादव, शंकर यादव, मनोज मोदी,रोबिन साव, सुदामा ठाकुर,प्रकाश साव, खूबलाल साव, पूरन महतो, रेवत साव, वीरेंद्र मोदी,रंजीत मोदी,छत्तर साव, अशीष साव आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

## विवेकानंद कान्वेंट स्कूल के द्वारा छात्र - छात्राओं के बीच किया गया पौधे का वितरित



**कोडरमा :** चेचाई, चाराडीह स्थित विवेकानंद कान्वेंट स्कूल मे विद्यालय मे पढ़ रहे सभी छात्र-छात्राओं के बीच फालदार पौधा का वितरण मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष श्री रामधन यादव एवं विद्यालय के निदेशक व प्राचार्य के हाथो किया गया। विद्यालय निदेशक अनिल कुमार ने बतलाया कि केंद्र सरकार व सीबीएसई के निदेर्शानुसार सभी को अपने अपने मां के नाम एक पौधा लगाना हैं। इसी निमित आज विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी छात्र -छात्राओं को एक एक उन्नत किस्म के फालदार पौधा दिया गया। पौधा देते हुए सभी बच्चों को निर्देश दिया गया कि सभी लोग अपने अपने मां के नाम पौधा लगाकर बड़ा होने तक इसकी देखभाल करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि प्रकृति कि संरक्षण के लिए विद्यालय प्रबंधन के द्वारा उठाया गया यह कदम काफी सराहनीय हैं। विद्यालय प्रबंधन अपने कैंपस मे पौधा रोपण के साथ साथ सभी बच्चों को पौधा देकर इस मुहिम मे शामिल किया। यदि सभी लोग प्रकृति के प्रति इस तरह से जिम्मेदारी निभाए तो मानव जाति को इससे कई तरह के लाभ मिलेगा। वही निदेशक अनिल कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों के बीच पौधा वितरण का कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से किया जा रहा हैं, और आगे भी किया जाता रहेगा। सरकार के निर्देश हो या न हो, हम सभी को प्रकृति के संरक्षण के प्रति कतिबद्ध होना पड़ेगा। अधिक से अधिक पेड़ो को लगाना और पेड़ो कि कटाई को रोकना हम सभी कि नैतिक जिमेवारी होनी चाहिए। बच्चों को इस मुहिम से जोड़ने से समाज मे एक सकारात्मक मैसेज जाता हैं। बच्चे भी पौधा लेकर काफी उत्साहित थे। इस अवसर प्राचार्य राधेश्याम पंडित सह निदेशिका खुशबु गुप्ता सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## बीएसएल में ठेका श्रमिक की पत्नी को मिला 10 लाख का बीमा मुआवजा



**बोकारो :** स्टील प्लांट में विभिन्न ठेकेदारों के अधीन कार्यरत ठेका श्रमिकों के लिए लागू की गई समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत पहला दावा का सेटलमेंट करते हुए स्व. अशोक पंडित की पत्नी परमिला देवी को 10 लाख रुपये की बीमा राशि का चेक 18 अगस्त को प्रदान किया गया। इस अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक ए.के. शरण सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे। इस योजना के अंतर्गत बजाज एलियांज बीमा कंपनी द्वारा पहला दावा का सेटलमेंट परमिला देवी के पक्ष में किया गया है। स्व. अशोक पंडित का 24 अप्रैल 2025 को बेगूसराय, बिहार में एक सड़क दुर्घटना हुआ था और कुछ दिनों बाद इलाज के दौरान उनका निधन हो गया था । उल्लेखनीय है कि बीएसएल ने अपने ठेका श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा और कल्याण को सुदृढ़ करने की दिशा में नवंबर 2024 में समूह व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना की शुरूआत की थी। यह योजना बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट, जो बीएसएल के पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा गठित निकाय है के माध्यम से संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंजीकृत ठेका श्रमिक को दुर्घटनावश मृत्यु की स्थिति में 10 लाख रुपये का बीमा कवर प्रदान किया जाता है। बीएसएल प्रबंधन और बोकारो वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान के तहत लागू यह योजना ठेका श्रमिकों एवं उनके परिजनों को ऐसी कठिन परिस्थितियों में आर्थिक सुरक्षा और संबल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बोकारो स्टेशन पर मिली संदिग्ध अवस्था में युवती को आरपीएफ ने किया परिजनों के हवाले



**बोकारो:** रविवार देर रात बोकारो रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने गश्ती के दौरान एक युवती को संदिग्ध अवस्था में अकेले बैठा पाया। जानकारी के अनुसार आरपीएफ के एएसआई डी.के. द्विवेदी, एएसआई एस. शेखर और सीटी जे.एस. चौधरी द्वारा रात करीब 10:05 बजे स्टेशन परिसर की पार्किंग संख्या-1 पर यह कार्रवाई की गई। पूछताछ में युवती ने अपना नाम, उम्र लगभग 20 वर्ष, पता मधुटांड, थाना पिंड्राजोरा, जिला बोकारो बताया। उसने स्वीकार किया कि बिना परिवार को बताये अपने पुरुष मित्रों से मिलने के उद्देश्य से वह घर से बाहर निकली थी। आरपीएफ टीम ने तत्काल उसे सुरक्षित बोकारो आरपीएफ सहायक बूथ लाकर मेरी सहेली टीम की देखरेख में रखा। इसके बाद युवती के परिवार को पूरी जानकारी दी गई। सूचना पाते ही उसका भाई सुनील कुमार रजवार अन्य परिजनों संग बूथ पर पहुँचा, जहाँ चाइल्ड हेल्प डेस्क की उपस्थिति में युवती की काउंसलिंग की गई।

# खिजरी विधायक ने नामकुम प्रखंड में छात्रों के बीच किया साइकिल का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची/नामकुम :** खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने नामकुम प्रखण्ड में निशुल्क साईकिल वितरण किया। साइकिल वितरण का कार्यक्रम दीप प्रज्वलित कर किया गया। विधायक ने उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को साइकिल मिलने से स्कूल जाने आने समय की बचत होगी। जिसका भरपूर उपयोग बच्चे करें। बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव मदद करने की बात कही। विधायक ने कहा कि हमारी झारखंड सरकार बच्चों का मनोबल बढ़ाने एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए साइकिल वितरण कराना सरकार की सराहनीय पहल है। कार्यक्रम का संचालन महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी ने की। आज कुल 40 एवं पुरे प्रखण्ड में 1515 साईकिल का वितरण की जायेगी । मौके पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा देवी, जिला परिषद सदस्य रिता होरो, खिजरी मुखिया कामेर्ला कच्छप, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विजय टोप्पो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचल अधिकारी कमल किशोर सिंह, विधायक प्रतिनिधि एतवा मुण्डा, विधायक प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति कृष्णा गोप, पंचायत समिति सदस्य कल्याण लिण्डा, माधो कच्छप, चामरा भोगता, मरियम गाड़ी, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कल्पना तांती, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी विरेन्द्र राम, संतोष कुमार बड़ाईक, बीपीओ विजय कुमार, लखन नायक, सुम्मी हस्सा, अनील टोप्पो, अंजु लकड़ा, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मोटरसाइकिल चोरी का 48 घंटे में खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

**सरिया :** सरिया थाना क्षेत्र में बीते 15 अगस्त को हुई दो मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सरिया पुलिस ने 48 घंटे के भीतर खुलासा कर लिया। सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ धनंजय राम ने बताया कि संदीप मंडल और बिक्की गुप्ता की मोटरसाइकिल चोरी होने की लिखित शिकायत के आधार पर सरिया थाना में कांड संख्या 145/25 और 146/25 दर्ज किए गए थे। घटना के बाद गिरिडीह एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ धनंजय राम के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम गठित की गई। इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 48 घंटे में चोर गिरोह का पदार्फाश कर दिया। छापेमारी के दौरान सरिया थाना क्षेत्र के बलीडीह निवासी सीताराम यादव और हजारीबाग जिले के बिष्णुगढ थाना क्षेत्र के कीरतोडीह निवासी मो. जमीर साह उर्फ मो. जमीर हुसैन को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से सख्त पूछताछ के बाद उनके निशानदेही पर चोरी गई दोनों मोटरसाइकिलें बरामद कर सरिया थाना लाया गया। दोनों आरोपियों को गिरिडीह जेल भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह, एसआई योगेश कुमार महतो, एएसआई श्रवण कुमार सिंह, पूनम उरांव, गणेश लकड़ा और सशस्त्र पुलिस बल शामिल थे। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

### शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर कमला नेहरू इंटर कॉलेज में दो मिनट का शोक सभा किया



**अनगड़ा :** कमला नेहरू इंटर कॉलेज टाटी सिलवे में झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का देहांत दिनांक 15 अगस्त दिन शुक्रवार को हो गया उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए कॉलेज परिसर में दो मिनट का शोक सभा किया गया जिसमें मौके पर प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिन्हा सभी सभी शिक्षक शिक्षाकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## 205 यूनिट रक्त संग्रह कर पहाड़पुर पंचायत युवा संघ ने बनाया रिकॉर्ड



**पटमदा :** रक्तदान जीवन दान के कहावत को पहाड़पुर पंचायत युवा संघ के आयोजित रक्तदान शिविर में रिकॉर्ड रक्तदान कर चरितार्थ कर दिया। पहाड़पुर पंचायत मंडप में पहाड़पुर पंचायत युवा संघ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सहयोगी संस्था शनिदेव भक्त मंडली ट्रस्ट ओर युवाओं के प्रयास से सफल हुआ। ग्रामीण क्षेत्र के रक्तदान शिविर में दहाई के आंकड़े को पार करना एक बड़ी चुनौती मानी जाती हैं। लेकिन बोड़ाम प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में बसे पहाड़पुर पंचायत के युवाओं ने इस रिकार्ड को तोड़ते हुए दोहरा शतक के आंकड़े को चूमने का काम किया है। पहाड़पुर पंचायत युवा संघ और सहयोगी संस्था शनिदेव भक्त मंडली ट्रस्ट के रक्तदान शिविर में 205 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष सह मुखिया अजब सिंह सरदार,सचिव दीपांकर सिंह लाया,कोषाध्यक्ष गोकुल चंद्र महतो,प्रमुख ललिता सिंह सरदार,पंचायत समिति प्रीति सिंह मुंडा,उप मुखिया सुनील बेसरा,महेंद्र सिंह,अंगद सिंह,रतन महतो,अमित महतो, असित सिंह, अरुण,कुंवर सहित सभी पंचायतवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

## घाटी में दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, तीन चालक गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा :** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-पटना मुख्य मार्ग के एनएच 20 पर स्थित कोडरमा घाटी के नौवां माइल के समीप दो ट्रक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें एक ट्रक का चालक व उपचालक तथा एक अन्य ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार चावल लदा एक ट्रक कोलकाता से कोडरमा के रास्ते बिहार की ओर जा रहा था। इस बीच नौवां माइल के समीप बिहार की ओर से आ रही एक ईंट लदे ट्रक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें चावल लदा ट्रक अनियंत्रित होकर वहीं सड़क पर पलट गया। जबकि ईंट लदा ट्रक पीछे से आ रहे एक ट्रैक्टर से जा टकराई। जिससे ईंट लदा ट्रक व ट्रैक्टर भी क्षतिग्रश्त हो गए। इधर चावल लदे ट्रक के पलट जाने से उसमें रखा सारा हवाल सड़कों पर बिखर गया, जबकि उसमें बैठे चालक व उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## डॉ मयंक मुरारी को मिला तुलसी सारस्वत सम्मान

- बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में कार्यक्रम का आयोजन
- 51000 रुपये का चेक, स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र, फल और अंगवस्त्र भेंट किया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** सिंहभूम जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन की ओर से रांची के वरिष्ठ साहित्यकार और समाजसेवी डॉ मयंक मुरारी को तुलसी सारस्वत सम्मान प्रदान किया गया। रविवार को तुलसी भवन बिष्टुपुर में उन्हें 51000 रुपये का चेक, स्मृति चिह्न, सम्मान पत्र, श्रीफल और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उनकी अब तक 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वे वर्तमान में उषा मार्टिन में महाप्रबंधक सीएसआर और पीआर के रूप में कार्यरत हैं। इस अवसर पर डॉ मयंक मुरारी ने कहा कि तुलसी भवन ज्ञानपीठ की तरह है। भारतीय सभ्यता के निर्माण में पीठों की अहम भूमिका रही है। वैदिक काल में सात ऋषियों ने कुल, ज्ञान और शक्ति के पीठों की परंपरा बनायी। विश्वामित्र ने ज्ञानपीठ के माध्यम से राम को पुरुष से पुरुषोत्तम बनाया। चाणक्य ने ज्ञानपीठों के जरिये ही नंद वंश के राजा को सत्ता से बेदखल किया। मध्यकाल में बप्पा रावल ने गुरु हरित के आशीर्वाद से सौ कोस पर शक्तिपीठ बनाया। जिसने पांच सौ साल तक इस्लामिक आक्रमण से देश को बचाया। गुरु रामदास ने गांव-गांव में व्यायामशाला के रूप में शक्तिपीठ बनाया, जिसने मुगल शासन की नींव हिला दी थी। डा मयंक मुरारी एक विचारक और सक्रिय लेखक हैं। वह व्यक्ति विकास के लिए आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर लिखते और काम करते हैं। वह भारत के ज्ञान प्रणाली के आंतरिक मूल्य और अंतर्निहित पहलू पर सोचते और चिंतन करते हैं। उन्होंने 30 सालों में अभी तक 18 किताबें और 700 से अधिक रिपोर्ट, भारतीय समाचार पत्र और पत्रिका में लिख चुके हैं। इन कार्यों के कारण उन्हें कई अवार्ड और पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह उषा मार्टिन में महाप्रबंधक सीएसआर और पीआर के रूप में काम कर रहे हैं। वे पिछले 15 सालों से गांवों के टिकाऊ विकास के प्रति संकल्पित है। वह हमारे समाज की सामूहिक जागरूकता के लिए विभिन्न मंचों से व्याख्यान भी देते है।



### झारखण्ड सरकार
### अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा
### गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

## ई0-निविदा सूचना

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, सिमडेगा। |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, चिकन, आलू, फल, चीनी, दुध एवं अण्डा आदि के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0निविदा का आमत्रण। चतुर्थ त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.10.2025 से 31.12.2025 तक |
| 3. | निविदा प्रपत्र मूल्य (Non refundable) online स्वीकार की जायेगी। | ₹5000.00(पाँच हजार) मात्र(त्रैमासिक एवं वार्षिक अवधि हेतु अलग- अलग) |
| 4. | Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि-25.08.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 15.09.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि-25.08.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 15.09.2025 के अपराह्न 04.00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample)जमा करने की तिथि | तिथि-16.09.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹2500/- से अधीक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि-16.09.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में (त्रैमासिक एवं वार्षिक अवधि हेतु अलग- अलग) जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | तिथि- 18.09.2025 को मध्याहन 12.00 बजे मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता, सिमडेगा की उपस्थिति में। |

नोट:-
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त /स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Hepline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
मंडल कारा, सिमडेगा।

PR 359710 (Simdega) 25-26 (D)


## सरिया बाजार में नालियों की बदहाली, स्टेशन रोड के दुकानदार और राहगीर परेशान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरिया :** सरिया बाजार की नालियों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। सरिया हाई स्कूल से लेकर स्टेशन रोड तक नालियों में जमा गंदगी और बदबू ने स्थानीय दुकानदारों, होटल मालिकों और आसपास के निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। खासकर स्टेशन रोड पर स्थिति इतनी भयावह है कि नाली के आसपास खड़ा होना तक मुश्किल हो गया है। नाली का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे न केवल दुकानदारों को परेशानी हो रही है, बल्कि पास के बजरंगबली मंदिर में भी गंदगी फैल रही है। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने नगर पंचायत से बार-बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। स्टेशन रोड पर होटल और दुकान चलाने वाले व्यवसायी सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। गुप्ता होटल के मालिक रूपेश कुमार गुप्ता ने बताया कि नाली का गंदा पानी रिसकर सड़कों पर बहता है और पास के बजरंगबली मंदिर के अंदर तक घुस जाता है। इससे मंदिर परिसर में गंदगी फैल रही है और श्रद्धालुओं को भी असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा, ₹हमारी दुकानों में दिनभर नाली की बदबू आती रहती है। ग्राहक बैठने से कतराते हैं और दुकानदारों का स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। इस लाइन में काम करने वाले लोग अक्सर बीमार पड़ जाते हैं। रूपेश ने आगे बताया कि उन्होंने और अन्य दुकानदारों ने नगर पंचायत में कई बार लिखित आवेदन दिए, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ₹नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से आंख मूंदे हुए हैं। नालियों की सफाई के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## गुरुद्वारा साहिब में भाई जोगिंदर सिंह रियाड़ का शबद कीर्तन, संगत हुई भावविभोर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में रविवार शाम को विशेष दीवान सजाया गया। विशेष दीवान में विश्व प्रसिद्ध रागी जत्था भाई जोगेंद्र सिंह रियाड़ अपनी टीम के साथ पहुंचे। ₹बिन बोल्या सब किछ जांदा, किस आगे कीजिये अरदास, वाहेगुरु वाहेगुरु, जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, जैसे शब्दों से संगत का मन मोह लिया। भाई साहब भाई जोगिंदर सिंह रियाड़ जी के मधुर शब्दों से संगत मंत्रमुग्ध हो रहे थे। गुरुद्वारा साहिब का पूरा वातावरण भक्ति में हो गया था। एक से बढ़कर एक शबद सुन संगत उठने का नाम नहीं ले रहे थे। भाई साहब भाई जोगिंदर सिंह जी रियाड़ ने गुरुद्वारा साहिब में लगभग ढाई घंटे शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। भाई साहब भाई जोगिंदर सिंह जी रियाड़ रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा का विशेष रूप से धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मित प्रधान पर अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा सचिव हरदीप सिंह होरा हरपाल सिंह अरोड़ा रघुवीर सिंह जोगिंदर सिंह जग्गी प्रीतम सिंह कालरा नरेंद्र सिंह होरा, तेजिंदर सिंह सोनी मनपाल सिंह सोनी कुलजीत सिंह कालरा जितेंद्र सिंह पवार जगजीत सिंह जग्गी कुलवंत सिंह मारवाह कमलजीत सिंह लांबा रविंद्र सिंह छाबड़ा उर्फ बिट्टी नरेंद्र सिंह चमन बबलू छाबड़ा हरमिंदर छाबड़ा रिंटू छाबड़ा गुरजीत सिंह होरा, स्त्री सत्संग की प्रधान बलविंदर कौर छाबड़ा डॉ मनबीर कौर पम्मी गांधी पिंकी सलूजा महेंद्र कौर विमला मेहरा सुमी जोली जसप्रीत कौर नीलम अरोड़ा जसमीत कौर सोनी शामिल थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपालपुर में बच्चों ने लगाया स्टॉल



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बांगुडदा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपालपुर के छात्राओं ने सहायक अध्यापक सौरब मिश्रा के नेतृत्व में स्टॉल लगाकर प्रदर्शन दिखाया। सहायक अध्यापक सौरभ मिश्रा ने बताया कि बच्चों के द्वारा प्रदर्शनी में लगाए गए स्टॉल का उद्देश्य वर्तमान समय में व्यापार करने की कला को प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया था ।ताकि बच्चों में भी व्यापार करने की कला का अनुभव का विकास हो।



### कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची।
E-mail ID – csofficeranchi@yahoo.com

**e-Tender No. : 4167 Date 14-8-2025**

**अल्पकालीन ई- निविदा**

सदर अस्पताल, रॉची के लिए कैथ लैब का क्रय एवं अधिश्ठापन हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्राधिकृत प्रतिष्ठान एवं फर्म से दिनांक **2.9.2025 के अपराह्न 5.00 बजे** तक ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित तकनीकि विवरण/ स्पेशिफिकेशन /संबंधित नियम/शर्त आदि **website http://jharkhand tenders.gov.in** पर दिनांक 19.8.2025 से देखा जा सकता है। ई-निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्धि पत्र **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉची।

PR.NO.359750 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D


# राज्य सरकार की योजनाओं में सांसद-विधायक का शिलान्यास अनुचित : झामुमो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति ने एक संयुक्त बयान जारी कर राज्य सरकार के द्वारा जारी योजनाओं में भारतीय जनता पार्टी के सांसद तथा विधायक के शिलान्यास के कार्यक्रम को अनुचित बतलाया है विदित हो की मुख्यमंत्री के द्वारा ग्रामीण विकास के अंतर्गत ग्राम काटी से मूर्तियां तक 4 किलोमीटर तक सड़क मरमती का कार्य प्रस्तावित है जो राज्य सरकार के द्वारा जारी की गई योजना है जिसका शिलान्यास कोडरमा की सांसद तथा बरकट्ठा के विधायक ने संयुक्त रूप से किया है झारखंड मुक्ति मोर्चा कोडरमा जिला समिति इसका विरोध करती है तथा जिला उपायुक्त कोडरमा और उप विकास आयुक्त नगर विकास विभाग कोडरमा से मांग करती है कि इस तरह की कार्रवाई किसके इशारे पर हो रही है राज्य सरकार के द्वारा जारी अधिसूचना 22 फरवरी 2022 को झारखंड सरकार के कैबिनेट से आदेश पारित है कि राज्य सरकार की योजनाओं में सांसद भागीदारी नहीं कर सकते फिर किस अधिकार के तहत ग्रामीण कार्य विभाग विकास अंतर्गत मुख्यमंत्री के द्वारा जारी योजनाओं का शिलान्यास यहां के सांसद ने किया है जिला प्रशासन इसका संतुलित जवाब दे अन्यथा झारखंड मुक्ति मोर्चा इसका चरणबद्ध आंदोलन करेगी और झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को इसकी जानकारी उपलब्ध कराएगी जिला प्रशासन की खामोशी इसके मौन सहमति को प्रमाणित करती है जो पूर्णतया गलत है झारखंड सरकार के विकास की योजनाओं को देखकर भारतीय जनता पार्टी के सांसद और विधायकों के सब्र का बांध टूटता जा रहा है जो अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर भी कार्रवाई करने के लिए विवश है झारखंड राज्य के विकास के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क विकास योजना संचालित है बेहतर होता कि केंद्र सरकार के द्वारा जारी योजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण सांसद महोदय के द्वारा किया जाता झारखंड मुक्ति मोर्चा इसके विधिवत जांच की मांग करती है और गलत तरीके से किए गए शिलान्यास को तथा लगाए गए पट को विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए हटाया जाए तथा राज्य सरकार के द्वारा जारी प्रोटोकॉल के तहत इसका शिलान्यास किया जाए।



### झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० -14/2025-26**

1. विभाग का नाम :- पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :- 23.08.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :- 25.08.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :- 25.08.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :-1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :- कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :-

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Improvement of water supply and replacement of water tank old and damaged rusted GI pipes, sanitary fittings at Premises area GNM School Nursing Hostel, Rims, Ranchi under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 282562.00 | 6000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 2. | Improvement of water supply from existing HYDT to water tank of old and damaged rusted GI pipes, water storage PVC tank at Premises area Anotomi Department, Rims, Ranchi under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 147852.00 | 4000.00 | 500.00 | 15 Days |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.359726 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

# भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसे की बड़ी छलांग

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की आर्थिक ताकत और नीतिगत प्रतिबद्धता को मान्यता देने वाला एक विशेष समय सामने आया है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी 'एसएंडपी ग्लोबल' ने 18 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारत की दीर्घकालिक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीबीबी-' से बढ़ाकर 'बीबीबी' और अल्पकालिक रेटिंग को 'ए-3' से 'ए-2' कर दिया है। यह सुधार किसी सामान्य तकनीकी घोषणा भर का मामला नहीं है बल्कि यह उस आर्थिक आत्मविश्वास और नीतिगत स्थिरता का प्रमाण है, जिसे भारत ने निरंतर बनाए रखा है। दरअसल, वर्ष 2007 के बाद यह पहली बार है जब भारत की रेटिंग में सुधार हुआ है और इस अंतराल में दुनिया की अर्थव्यवस्था ने कई गहरे झटके झेले हैं। 2008 की वैश्विक वित्तीय मंदी, यूरोपीय ऋण संकट, कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और हालिया पश्चिम एशियाई अस्थिरता जैसी चुनौतियाँ भारत के सामने भी थीं, लेकिन इन सबके बीच भारत ने न केवल अपने विकास को स्थिर बनाए रखा बल्कि भविष्य की संभावनाओं को भी और मजबूत किया। रेटिंग सुधार इसीलिए भारत की नीतिगत क्षमता और आर्थिक लचीलापन दोनों की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति है।

### बना हुआ है निवेशकों का भरोसा

यह सुधार निवेशकों के लिए एक भरोसे का संदेश है। 'बीबीबी' श्रेणी को निवेश ग्रेड माना जाता है और इसका अर्थ यह है कि भारत अपने वित्तीय दायित्वों को समय पर पूरा करने की पर्याप्त क्षमता रखता है। यद्यपि यह रेटिंग अभी 'ए' या 'एएए' स्तर तक नहीं पहुँची है, लेकिन यह मान्यता महत्वपूर्ण है कि भारत अब उन देशों की श्रेणी में शामिल है जिन्हें सुरक्षित निवेश गंतव्य माना जाता है। अल्पकालिक 'ए-2' रेटिंग भी यही बताती है कि भारत की तत्कालीन वित्तीय प्रतिबद्धताओं पर कोई खतरा नहीं है। यह सुधार भारत की उस दीर्घकालिक आर्थिक योजना का हिस्सा है, जिसमें तेज जीडीपी वृद्धि, मजबूत मौद्रिक ढाँचा, नियंत्रित मुद्रास्फीति और बुनियादी ढाँचे में भारी निवेश शामिल है।

अगर हालिया आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। वित्त वर्ष 2022 से 2024 के बीच भारत की औसत वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.8 प्रतिशत रही है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। एसएंडपी का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में भी भारत 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ता रहेगा। यह दर उस समय में उल्लेखनीय है जब चीन की वृद्धि दर पाँच प्रतिशत से नीचे जा रही है और यूरोप व अमेरिका की बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ मंदी के दबाव से जूझ रही हैं। इसका अर्थ यह है कि भारत वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन बन चुका है और आने वाले वर्षों में इसका दबदबा और बढ़ेगा।

### राजकोषीय घाटे का कम होना लेकर आया है नई उम्मीद

इस वृद्धि के पीछे सरकार का राजकोषीय प्रबंधन और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित नीतियां प्रमुख कारण रही हैं। महामारी के दौरान भारत का राजकोषीय घाटा जीडीपी के 9 से 13 प्रतिशत तक पहुँच गया था। लेकिन अब यह घटकर वित्त वर्ष 2025 में 4.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026 में 4.4 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। राज्य सरकारों का घाटा भी अगले तीन-चार वर्षों में औसतन 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। केंद्र और राज्यों दोनों को मिलाकर सामान्य सरकारी घाटा 2029 तक 6.6 प्रतिशत पर आ सकता है। यह सुधार न केवल वित्तीय अनुशासन का प्रमाण है बल्कि यह भी बताता है कि सरकार ने बड़े पैमाने पर निवेश को बिना चालू खाता घाटा बढ़ाए सफलतापूर्वक वित्तपोषित किया है। यह भारत की विश्वसनीयता में बढ़ोतरी करने वाला कारक है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में किए गए निवेश ने भी भारत की आर्थिक संभावनाओं को एक नई दिशा दी है। वित्त वर्ष 2026 तक केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय 11.2 ट्रिलियन रुपये तक पहुँचने का अनुमान है, जो जीडीपी का 3.1 प्रतिशत होगा। यदि राज्यों को मिलाया जाए तो यह अनुपात 5.5 प्रतिशत तक जाता है। इतनी बड़ी पूंजीगत हिस्सेदारी केवल आँकड़ों का खेल नहीं है बल्कि यह सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों, ऊर्जा संयंत्रों और डिजिटल अवसंरचना के निर्माण में परिलक्षित होती है।

### सूडोकु नवताल- 7526

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7525 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# एनसीईआरटी ने विभाजन पर किया सत्य का संधान

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत का विभाजन केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं था, बल्कि वह एक ऐसी त्रासदी थी जिसने इस उपमहाद्वीप के करोड़ों लोगों के जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। यह घटना केवल भौगोलिक सीमाओं का बंटवारा नहीं थी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक स्तर पर भी भारतीय समाज को गहरी चोट देने वाली थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ जुड़ी यह विभीषिका हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर किन कारणों से वह स्थिति उत्पन्न हुई, जिसने एक अखंड सभ्यता, साझा परंपराओं और हजारों साल पुरानी एकता को अचानक तोड़ दिया।

आज जब यह सवाल उठता है कि विभाजन का जिम्मेदार कौन था, तो तथ्यों और इतिहास की ठोस पड़ताल से यह बात स्पष्ट होती है कि इसके लिए जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन तीनों बराबर रूप से जिम्मेदार थे। एनसीईआरटी का हाल ही का पाठ्य मॉड्यूल इसी सच्चाई को रेखांकित करता है और यही कारण है कि इस पर कुछ वर्गों द्वारा विवाद खड़ा किया जा रहा है। परंतु यदि हम निष्पक्ष और ठोस ऐतिहासिक साक्ष्यों को देखें तो इस तथ्य को कोई नकार नहीं सकता कि विभाजन इन्हीं तीन कारकों के सम्मिलित निर्णय और क्रियान्वयन का परिणाम था।

विभाजन से जुड़ी विभीषिका की भयावहता को समझने के लिए उसके मानवीय और सांस्कृतिक आयामों पर भी ध्यान देना चाहिए। लगभग बीस लाख लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हिंसा का शिकार हुए और लाखों महिलाओं के साथ अमानवीय अत्याचार हुए। बारह से पंद्रह मिलियन लोग अपने पुश्तैनी घरों से उखाड़े गए और शरणार्थियों के रूप में भारत या पाकिस्तान की ओर पलायन करने को मजबूर हुए। पंजाब, बंगाल और सिंध जैसी समृद्ध सांस्कृतिक इकाइयाँ खंडित हो गईं। धार्मिक उन्माद और अविश्वास की आग ने पड़ोसियों को दुश्मन बना दिया। यह सब कुछ अचानक नहीं हुआ, बल्कि यह राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, नीतिगत भूलों और औपनिवेशिक षड्यंत्रों का परिणाम था।

मुस्लिम लीग और जिन्ना की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में केंद्रीय रही। जिन्ना ने प्रारंभिक दौर में कांग्रेस के साथ मिलकर काम किया था और खुद को 'हिंदू-मुस्लिम एकता के राजदूत' के रूप में प्रस्तुत किया था। लेकिन धीरे-धीरे उसने महसूस किया कि कांग्रेस में उनका प्रभाव सीमित होता जा रहा है और यही असंतोष आगे चलकर कटुता में बदल गया, जिसके बाद जिन्ना ने मुस्लिम लीग को एक अलग ताकत के रूप में खड़ा किया। 1940 का लाहौर प्रस्ताव इस दिशा में निर्णायक मोड़ था, जब मुस्लिम लीग ने पहली बार औपचारिक रूप से पाकिस्तान की मांग रखी। इसके बाद जिन्ना ने 'डायरेक्ट एक्शन डे' जैसे हिंसक आंदोलनों का सहारा लिया, जिनके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गए।जिन्ना का तर्क था कि मुसलमानों की राजनीतिक और सांस्कृतिक पहचान हिंदुओं से बिल्कुल भिन्न है और वे एक ही राष्ट्र में रहकर सुरक्षित नहीं रह सकते। यह विचारधारा मूलतः विभाजनकारी थी, जिसने भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने को सबसे गहरा आघात पहुँचाया। लेकिन केवल जिन्ना और मुस्लिम लीग को ही दोष देना ऐतिहासिक दृष्टि से अधूरा है। कांग्रेस के नेताओं की नीतिगत भूलें भी उतनी ही बड़ी वजह थीं। गांधीजी का यह मानना कि मुसलमानों के साथ लगातार रियायतें देकर उन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में बनाए रखा जा सकता है, एक रणनीतिक गलती थी। खिलाफत आंदोलन का समर्थन इसी का उदाहरण है, जिसने भारत की राष्?ट्रीय चेतना को धार्मिक आधार पर बाँटने की नींव रखी।

नेहरू और पटेल, जो उस समय कांग्रेस की मुख्यधारा का नेतृत्व कर रहे थे, अंततः इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि विभाजन के बिना आगे बढ़ना संभव नहीं है। पटेल ने कई बार यह कहा कि यदि विभाजन से देश की आजादी शीघ्र आ सकती है तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। नेहरू भी सत्ता हस्तांतरण में जल्दबाजी के पक्षधर थे। लोहिया जैसे समाजवादी चिंतकों ने उस समय ही यह कह दिया था कि कांग्रेस ने पाकिस्तान को 'एक मजबूरी नहीं बल्कि अपनी सुविधा के लिए स्वीकार किया'। इस तरह कांग्रेस की राजनीतिक सोच और सत्ता प्राप्ति के उतावले पन ने विभाजन को और तेज कर दिया।

इसके अलावा एक तीसरा पक्ष भी है, ब्रिटिश सत्ता की भूमिका, यहां इसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन आर्थिक और राजनीतिक रूप से बहुत कमजोर हो चुका था और वह भारत को जल्द से जल्द छोड़ना चाहता था। वावेल जैसे गवर्नर जनरल अखंड भारत के पक्ष में थे, लेकिन 1947 में जब एटली की लेबर सरकार ने सत्ता माउंटबेटन को सौंपी, तो परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। माउंटबेटन ने जानबूझकर सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया को जल्दबाजी में पूरा किया। उन्होंने सीमाओं के निर्धारण का जिम्मा सर रेडक्लिफ जैसे व्यक्ति को सौंपा, जिन्हें भारत के भूगोल और समाज की कोई गहरी समझ नहीं थी। नतीजा यह हुआ कि सीमाएँ खींचने का काम बिना स्थानीय वास्तविकताओं की परवाह किए जल्दबाजी में हुआ और पंजाब तथा बंगाल जैसे प्रदेश दो हिस्सों में बँटकर हिंसा की ज्वाला में झोंक दिए गए। माउंटबेटन के इस रवैये की आलोचना आज भी इतिहासकार करते हैं कि यदि थोड़ा धैर्य रखा जाता तो इतनी भयावह हिंसा को टाला जा सकता था।

कांग्रेस नेताओं की वैचारिक कमजोरी भी इस पूरी प्रक्रिया में सामने आई। जिन्ना ने इस्लामी अलगाववाद की खुलकर पैरवी की और अपनी मांग को कठोरता से रखा। इसके विपरीत कांग्रेस नेताओं ने इस चुनौती का वैचारिक स्तर पर सामना करने के बजाय समझौतों और रियायतों का रास्ता अपनाया। इस्लामी राजनीति के मूल चरित्र मजहबी राष्ट्रवाद और अलगाववाद को कभी गहराई से चुनौती नहीं दी गई। इसके बजाय अंग्रेजों को दोषी ठहराकर समस्या से बचने की कोशिश की गई। इससे मुस्लिम लीग का मनोबल बढ़ता गया और कांग्रेस बार-बार पीछे हटती रही।

दिलचस्प बात यह है कि मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे नेता, जिन्होंने खुद को राष्ट्रवादी घोषित करने का प्रयास किया, वह भी मूलतः एक इस्लामी चिंतन से प्रेरित थे। वे कांग्रेस के भीतर मुस्लिम लीग के विकल्प के रूप में देखे जाते थे, परंतु अंततः उनका झुकाव भी इस्लामी पहचान की रक्षा पर अधिक था, न कि एक पूर्ण धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत राष्ट्र खड़ा करने पर। यही कारण था कि देवबंद के उलेमा और अन्य मुस्लिम बुद्धिजीवी भले ही विभाजन के विरोधी थे, परंतु उनकी सोच में भी इस्लाम की सर्वोच्चता और अलग पहचान को लेकर गहरी चिंता थी। इस प्रकार भारत में मुस्लिम राजनीति का मूल चरित्र कभी पूरी तरह बदला ही नहीं। इसलिए जिस गजबा-ए-हिंद का सपना विभाजन के पूर्व देखा जा रहा था, वह आज भी देखा जा रहा है।

शिक्षा व्यवस्था और इतिहास लेखन ने भी स्वतंत्र भारत में इस सच्चाई को दबाने का काम किया। लंबे समय तक हमारे इतिहास की किताबों में इस्लामी आक्रमणों की विभीषिका, धार्मिक कट्टरता और विभाजन के असली कारणों को दबाया गया। इसके बजाय मुगलकाल का महिमामंडन किया गया और विभाजन के लिए केवल अंग्रेजों को दोषी ठहराने की कहानी गढ़ी गई। यह वैचारिक प्रवृत्ति इतनी गहरी रही कि पीढ़ियाँ दर पीढ़ियाँ यह मानती रहीं कि विभाजन अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' नीति का परिणाम था। जबकि सच यह है कि मुस्लिम लीग की स्पष्ट माँग, कांग्रेस की स्वीकृति और अंग्रेजों के क्रियान्वयन, इन तीनों के मेल से भारत का विभाजन हुआ था। आज एनसीईआरटी के पाठ्यक्रम में जब यह सच्चाई सामने रखी जा रही है कि जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन तीनों ही जिम्मेदार भारत के विभाजन के लिए जिम्मेदार हैं, तब कुछ राजनीतिक दल और विचारधाराएँ इसे विवादित बताने की कोशिश कर रही हैं। लेकिन वस्तुतः यह विवाद केवल वैचारिक है, तथ्यात्मक नहीं। ऐतिहासिक दस्तावेज, कांग्रेस नेताओं के भाषण, जिन्ना के वक्तव्य और ब्रिटिश शासन के आधिकारिक रिकार्ड इस सच्चाई की गवाही देते हैं। कोई भी निष्पक्ष इतिहासकार इस तथ्य को नकार नहीं सकता कि विभाजन इन्हीं तीन शक्तियों के आपसी तालमेल और निर्णय का परिणाम था। विभाजन का संक्षेप में सत्य यही है कि मुस्लिम लीग ने मांग रखी, कांग्रेस ने उसे स्वीकार किया और अंग्रेजों ने उसका क्रियान्वयन किया। यह तीन वाक्य ही उस पूरी त्रासदी का सार हैं, जिसने करोड़ों लोगों को उजाड़ दिया और भारत की आत्मा को गहरी चोट पहुँचाई।

वस्तुतः इस सच्चाई को नई पीढ़ी को जानना अति आवश ?यक है कि यदि हम अपने इतिहास को सही रूप में नहीं जानेंगे तो भविष्य की गलतियों से कैसे बचेंगे? विभाजन केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए चेतावनी है। यह हमें बार-बार याद दिलाता है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षा, वैचारिक कमजोरी और बाहरी शक्तियों का हस्तक्षेप मिलकर किस तरह किसी राष्ट्र की एकता को तोड़ सकता है।

# मोदी में है विषम परिस्थितियों में कड़े निर्णय लेने की क्षमता

**संजय सक्सेना**

देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाते हुए तेजी से आगे बढ़ रहा हिन्दुस्तान कुछ देसी-विदेशी ताकतों की आंख की किरकिरी बन गया है। विदेशी ताकतों के साथ-साथ हमारे देश के कुछ नेताओं एवं सामाजिक संगठनों को भी आगे बढ़ता भारत रास नहीं आ रहा है। विश्व की राजनीतिक हवाएं भारत के खिलाफ तेजी से बह रही थीं। इसके पीछे इन देशों के कुछ आर्थिक या राजनीतिक कारण हो सकते हैं लेकिन अपने ही देश को खाकर अपने ही देश को नीचा दिखाने में लगे रहने वालों के रवैये पर आश्चर्य होता है। भारत के बढ़ते कदमों को रोकने के लिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका और यूरोपीय संघ के देशों द्वारा भारत के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंधों की साजिश रची जा रही है। अजब तमाशा देखने को मिल रहा है कि जो अमेरिका अपने दुश्मन देश रूस से तमाम चीजें आयात करता है, वही भारत पर इस बात का दबाव डाल रहा है कि वह रूस की जगह अमेरिका से तेल खरीदे। ऐसा नहीं करने पर अमेरिका द्वारा भारत के ऊपर 50 फीसदी टैरिफ ठोक दी गई। क्योंकि अमेरिका के दबाव के बाद भी भारत ने रूस के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को बनाए रखा था। जबकि हकीकत यह है कि अमेरिका अपने कुछ उत्पाद, जिसमें मांसाहारी मिल्क प्रोडक्ट्स खासकर शामिल हैं, उसे भारत में खपाना चाहता है, लेकिन मोदी सरकार ने इससे साफ इंकार कर दिया तो कथित विश्व गुरु बौखला गया।

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि अगर भारत रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा, तो वे जी-7 में भारत को अलग-थलग कर देंगे, उस पर टैरिफ लगा देंगे। ऐसे समय में देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को देश और प्रधानमंत्री के साथ खड़ा होना चाहिये था, लेकिन विपक्षी नेता राहुल गांधी ट्विटर पर पोस्ट कर रहे थे 'मोदी जी की विदेश नीति फेल हो गई है, जनता भुगत रही है।' दिल्ली की सड़कों पर प्रदर्शन होने लगे, जहां लोग 'मोदी हटाओ, देश बचाओ' के नारे लगा रहे थे। यह सब इंडिया गठबंधन के नेता करा रहे थे। वहीं इससे विचलित हुए बिना मोदी मीटिंग में हर मंत्री से सवाल पूछ रहे थे इन प्रतिबंधों का क्या विकल्प हैं? क्या प्रभाव पड़ेगा? उनका तरीका है सुनना, विश्लेषण करना और फिर निर्णय लेना। वे कहते हैं, राष्ट्रहित पहले। अंतरराष्ट्रीय दबाव से झुकना नहीं, बल्कि संवाद से समाधान निकालना होगा। उन्होंने निर्णय लिया कि भारत रूस के साथ व्यापार जारी रखेगा, लेकिन अमेरिका से बातचीत बढ़ाएगा।

इसी तरह से भारत को चीन की सीमा पर भी तनाव का सामना करना पड़ रहा था। उधर, पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की घटनाएं फिर से सिर उठा रही थीं। देश के अंदर कांग्रेस, टीएमसी, समाजवादी पार्टी सहित कई और दल भी नकारात्मक राजनीति पर उतर आए हैं। वे जनता को भड़काने में लगे हैं। कभी देश के प्रधानमंत्री को 'चौकीदार चोर है' कहकर अपमानित किया जाता है तो कभी आरोप लगाया जाता है कि मोदी सरकार तानाशाही चला रही है। इसी के साथ जनता से ठुकराये गये कुछ नेता और राजनीतिक दल बेरोजगारी, महंगाई और किसानों के समर्थन के नाम पर आंदोलनों और अराजकता फैलाने लगते हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी को हर कदम पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मोदी इन विषम परिस्थितियों में कैसे काम करते हैं? कैसे लेते हैं महत्वपूर्ण निर्णय? यह यक्ष प्रश्न है, जहां दृढ़ता, रणनीति और राष्ट्रभक्ति की मिसाल मिलती है। इसको कुछ उदाहरणों से समझा जा सकता है।

एक बार, जब कोविड-19 महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ा था, डब्ल्यूएचओ और पश्चिमी देश भारत की वैक्सीन नीति पर सवाल उठा रहे थे। तब मोदी ने साहसिक निर्णय लिया था कि भारत स्वदेशी वैक्सीन पर फोकस करेगा। आज भी, 2025 में, जब अंतरराष्ट्रीय दबाव से देश की अर्थव्यवस्था डगमगा रही है, मोदी चट्टान के समान सामने खड़े नजर आ रहे हैं। मोदी जी का पहला सिद्धांत है डेटा आधारित निर्णय। वे कभी भावनाओं में बहकर फैसला नहीं लेते। विपक्ष की नकारात्मक राजनीति से जनता भड़क रही हो, तो भी वे आंकड़ों पर भरोसा करते हैं। किसान आंदोलन के दौरान, जब मोदी सरकार पर किसान-विरोधी होने का आरोप लगाया जा रहा था, तब मोदी ने कृषि विशेषज्ञों से रिपोर्ट मंगवाई और कानूनों को वापस लेने का फैसला किया न कि दबाव में, बल्कि लंबे विचार-विमर्श के बाद।

देश के अंदर की चुनौतियां और भी कठिन हैं। विपक्ष नकारात्मक राजनीति कर रहा है। जनता को भड़काने के लिए फेक न्यूज फैला रहा है। जैसे, जब जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाई गई, विपक्ष ने कहा यह देश-विरोधी है, मुसलमानों के खिलाफ। प्रदर्शन हुए, अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भारत को बदनाम किया। लेकिन मोदी ने बिना विचलित हुए ग्राउंड लेवल पर टीम भेजी, स्थानीय नेताओं से बात की, विकास योजनाएं शुरू कीं। निर्णय लेते समय वे हमेशा दीर्घकालिक हितों का ध्यान रखते हैं। उनका तरीका है विपक्ष की राजनीति को अनदेखा कर, जनता के हित पर फोकस। वे रोजाना सोशल मीडिया मॉनिटर करते हैं न कि ट्रोल होने से डरकर, बल्कि जनता की नब्ज जानने के लिए। एक बार, जब हैशटैग 'फार्मर प्रोटेस्ट' ट्रेंड कर रहा था, उन्होंने खुद ट्वीट किया कि किसानों से बात हो रही है, समाधान निकलेगा। यह उनकी रणनीति है जनता से सीधा जुड़ना, विपक्ष के भड़कावे को बेअसर करना।

मोदी अकेले नहीं सोचते। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से वे रोज बात करते हैं। जब चीन की सीमा पर एलएसी पर तनाव बढ़ा, अंतरराष्ट्रीय दबाव था कि भारत पीछे हटे। विपक्ष ने कहा मोदी जी ने देश बेच दिया। लेकिन मोदी ने सेना को मजबूत किया, डिप्लोमेसी बढ़ाई। गलवान घाटी की घटना के बाद, उन्होंने निर्णय लिया कि बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च दोगुना किया जाएगा। यह फैसला विषम परिस्थिति में लिया गया, जब अर्थव्यवस्था दबाव में थी। लेकिन मोदी कहते हैं सुरक्षा पहले, बाकी बाद में।

ऐसी परिस्थितियों में काम करने का उनका रहस्य है अनुशासन और विजन। 2025 में, जब क्लाइमेट चेंज पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ा, पश्चिमी देश भारत से कोयला छोड़ने की मांग कर रहे थे। मोदी ने सीओपी सम्मेलन में घोषणा की कि भारत नेट जीरो का लक्ष्य रखेगा, लेकिन अपनी गति से। विपक्ष ने इसे झूठा वादा कहा, जनता को भड़काया। लेकिन मोदी जी ने घरेलू स्तर पर सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट्स तेज किए। निर्णय लेते समय वे हमेशा बहुमत की राय नहीं सुनते, बल्कि सही क्या है, वह चुनते हैं। जैसे, डिमोनेटाइजेशन के दौरान, जब विपक्ष ने काला धन का शोर मचाया, मोदी जी ने कहा यह अर्थव्यवस्था को साफ करेगा। आज, डिजिटल पेमेंट्स की सफलता उसका प्रमाण है।

मोदी जी की स्टोरी प्रेरणादायक है। गुजरात के मुख्यमंत्री से प्रधानमंत्री तक का सफर आसान नहीं था। चाय बेचने वाले लड़के से विश्व नेता बनने में उन्होंने सीखा कि दबाव सहना पड़ता है। 2025 की इन विषम परिस्थितियों में, वे काम करते हैं सुबह योग से, दिन भर मीटिंग्स से, रात को प्लानिंग से। महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं डेटा, टीम और राष्ट्रहित पर आधारित। विपक्ष की नकारात्मकता को वे चुनौती मानते हैं, जनता को भड़काने की कोशिशों को संवाद से काटते हैं। अंतरराष्ट्रीय दबाव से झुकते नहीं, बल्कि भारत की आवाज बुलंद करते हैं। उनकी दृढ़ता से भारत आगे बढ़ता है।

# गागर में सागर है राष्ट्र के स्व जागरण के लिये "हिन्दी विवेक" का ग्रंथ "दीप स्तंभ"

**रमेश शर्मा**

मुंबई से छपने वाली "हिन्दी विवेक पत्रिका ने एक ग्रंथ" राष्ट्र के स्व जागरण का दीप स्तंभ₹ निकाला है। 426 पृष्ठ के इस ग्रंथ की सामग्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा पर केंद्रित है। इस ग्रंथ में संघ के विविध आयामों पर सामग्री संजोई गई है। मानों यह गागर में सागर है। राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विषयों पर केंद्रित अनेक पत्रिकाएँ प्रकाशित होतीं। समय समय पर उनके विशेषांक भी प्रकाशित हुये हैं। उनमें कुछ विशेषांक पठनीय भी रहे हैं। इसी श्रृंखला में पत्रिका "मासिक हिन्दी विवेक" का राष्ट्र के स्व जागरण का यह ग्रंथ "दीपस्तंभ" प्रकाशित हुआ है। पत्रिका हिन्दी विवेक मुम्बई से प्रकाशित होती है। भारत राष्ट्र का "परम वैभव" और समाज में "सांस्कृतिक पुनर्जागरण" पत्रिका का मुख्य ध्येय है। "हिन्दी विवेक" ने समय समय पर अपने कयी विशेषांक और शोधपरक ग्रंथ प्रकाशित किये हैं।

इसी श्रृंखला में "दीप स्तंभ" है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा पर केन्द्रित है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी यात्रा के विभिन्न आयामों को केंद्र में रखकर सामग्री संजोई गई है। इसके आलेख, उनका प्रस्तुतिकरण और संघ की पूरी शताब्दी यात्रा का सैद्धांतिक विवेचन पठनीय है। इस ग्रंथ में पचास से अधिक लेखकों के कुल बावन आलेख और एक कविता है। आलेखों में संघ की यात्रा, ध्येय और उद्देश्य का तो विवेचन है ही, इसके साथ अधिकांश आलेखों में अपने विषय के साथ राष्ट्र के स्वत्व और स्वाभिमान कारक तत्वों का विवेचन भी है। जो सामान्य पाठक को भी राष्ट्रवोध के चिंतन की ओर प्रेरित करता है।

426 पृष्ठों का यह ग्रंथ कुल नौ भागों में विभाजित है। पहला भाग "संकल्पना" का है। इसमें पांच आलेख हैं। यह आलेख संघ कार्य की नींव, अंकुरण से लेकर बटवृक्ष की ओर यात्रा का विवेचन है, एक आलेख इन सौ वर्षों में संघ के सामने आई चुनौतियों की के बीच व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के सुसंकल्प जैसे विषय लिये गये हैं। भैयाजी जोशी और मनमोहन जी वैद्य जैसे साधक चिंतकों के आलेखों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी का साक्षात्कार भी इसी भाग में है। यह सामग्री 53 पृष्ठों में है।

ग्रंथ का दूसरा भाग "बीजारोपण" है। इस भाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी के मन में संघ संस्थापना के विचारों की पृष्ठभूमि, समय की चुनौतियों के बीच संगठन की यात्रा और लक्ष्य के अनुरुप, कालानुप दिशा, कार्यकर्ता तैयार करने का कौशल जैसे विषयों का विवेचन है। यह भाग कुल बत्तीस पृष्ठों का है। राष्ट्रसेविका संघ की प्रमुख संचालिका शांता कुमारी जी का साक्षात्कार भी इस भाग में है। तीसरा भाग "संगठन" है। इस भाग में संघ की राष्ट्रीय दृष्टि, प्राथमिकता, राष्ट्रभक्ति आध्यात्म चेतना और सामाजिक संवेदना का समावेश जैसे विषय लिये गये हैं। इन विषयों को समझाने केलिये संघ के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर जी उपाख्य गुरुजी का चीन चिंतन और राष्ट्रनीति का विवेचन भी किया गया है। यह भाग कुल पैंतालीस पृष्ठ का है। ग्रंथ का चौथा भाग "विस्तार" है। इसमें रामजन्म भूमि आँदोलन, आपातकाल में संघ का संघर्ष, संघ का वैश्विक विस्तार, जैसे विषय लिये गये हैं।

संघ के तृतीय सरसंघचालक देवरस जी के चिंतन और कार्य विस्तार का विवेचन भी इस भाग में है। यह भाग 49 पृष्ठ का है। ग्रंथ का पांचवा भाग "अनुभव" चौतीस पृष्ट का है। इसमें संघ की कार्यशैली पर पांच आलेख हैं। ग्रंथ का छठवां भाग ₹संस्थार₹ है इसमें संघ द्वारा हिन्दु जागरण, संस्कार युक्त शिक्षा, वनवासियों को राष्ट्र की मूल धारा से जोड़ना, छात्र शक्ति में संस्कार वोध, श्रमिकों में राष्ट्रभाव को प्राथमिकता, साहित्य के द्वारा राष्ट्र जागरण और स्वदेशी भाव की जाग्रति जैसे विषयों पर आलेख हैं। यह भाग कुल अड़तालीस पृष्ठों का है। सातवां भाग "विमर्श" है। चालीस पृष्ठों के इस भाग में राष्ट्र के चुनौती के रूप में विषयों पर संघ की विचार यात्रा का विवेचन है। आठवाँ भाग संघ के "वैचारिक अनुष्ठान" का है। अट्ठावन पृष्टों के इस भाग में संगठित और वैभवपूर्ण भारत राष्ट्र केलिये आधारभूत वैचारिक आवश्यकता और प्राथमिकता का विवेचन है। और नवाँ अध्याय "संस्कार" है। पैंतालीस पृष्ठ के इस भाग में एक स्वयं सेवक संस्कारित बनाने, संघ के प्रतीक लक्ष्य की महत्ता, उत्सवों के स्वरूप की ध्येयता, शताब्दी वर्ष के लक्ष्य, पंच परिवर्तन आदि विषय हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संसार का एक मात्र ऐसा संगठन है जिसकी शैली जितनी सहज और सरल है लेकिन उसका वैचारिक अनुष्ठान उतना ही गहन और गंभीर है। सौ वर्षों की संघ यात्रा में प्रचारकों की पीढ़ियां बदलीं हैं लेकिन संघ का ध्येय, संकल्प और लक्ष्य में कोई विचलन नहीं आया। राष्ट्र के परम वैभव और समाज में साँस्कृतिक चेतना को जो संकल्प पहले दिन था वह आज भी है। संघ की यही विशेषता है जो संघ की साख और पहचान सबसे अलग रखती है। "हिन्दी विवेक" के इस ग्रंथ इन सब विन्दुओं, संघ शक्ति, ऊर्जा का आधार और स्वयंसेवकों की एकनिष्ठा का यथेष्ट चित्रण है। इस ग्रंथ की सामग्री पठनीय और अनुकरणीय भी है। अधिकांश लेखकों की भाषा प्रवाहमान है। जो सामान्य पाठक को भी सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रवोध की ओर प्रेरित करती है।

**(समीक्षक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**19 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | सिंह | 05.28 बजे से |
| चंद्र | मिथुन में | कन्या | 07.44 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 09.55 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.09 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.25 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 16.31 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.17 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 19.50 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.20 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 23.01 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मिथुन | 00.59 बजे से |
| बजे तक | | कर्क | 03.12 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 231 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** एकादशी 15.33 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आर्द्रा 01.08 बजे को रात्र समाप्त।
**योग** वज्र 20.30 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 15.33 बजे तदनन्तर कौलव 02.44 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 45'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872441
**जूलियन दिन** 2460906.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सफर **तारीख** 24
**विशेष** अजा एकादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### पेड़ से गिरकर किशोर हुआ घायल

**साहिबगंज :** बरहरवा प्रखंड के कोटालपोखर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत बासु टोला गांव के स्वर्ग रगदा मुर्मू के बेटी का पुत्र सहजन हांसदा 10 वर्ष सोमवार सुबह घर के पास के नीम के पेड़ पर चढ़कर दातुन तोड़ने के दौरान पेड़ के टहनी टूट जाने से जमीन पर गिर कर घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल किशोर के कमर में काफी चोट है। परिजनों ने घायल किशोर को इलाज के लिए आनन फानन में सोना जोड़ी अस्पताल पाकुड़ ले गए हैं। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### पदाधिकारियों ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का किया दौरा



**साहिबगंज :** अपर समाहर्ता गौतम भगत के नेतृत्व में सोमवार को सदर एसडीओ अमर जॉन आइन्द व सदर सीओ बासुकीनाथ टूडू ने बाढ़ ग्रस्त रामपुर सकरी गली पंचायत अंतर्गत गोपालपुर दियारा, घिशु टोला, बालू टोला, मकई टोला सहित अन्य इलाकों का दौरा किया। वहीं पीड़ितों के बीच सूखा राहत सामग्री का वितरण किया। अपर समाहर्ता ने बताया कि बाढ़ का पानी उतरा है। लेकिन अभी भी जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। ऐसे में जरूरतमंदों के बीच गुड़ व चूड़ा का वितरण किया जा रहा है। वहीं मवेशियों के लिए चारा की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि डीसी हेमंत सती के निर्देश पर लगातार बाढ़ पर नजर रखी जा रही है। पीड़ितों के बीच भी राहत सामग्री का वितरण पानी उतरने तक जारी रहेगा। इन सब जगह पर पिलर टोला, मकई टोला, दुर्गा स्थान टोला, गोपालपुर डेरा, घीसू टोला बालू टोला और अन्य इलाकों में नजर बनाए हुए हैं।

### इमामे हुसैन की याद में चहेलुम पर ताजिया व अखाड़ा जुलूस निकाला



**साहिबगंज:** तीनपहाड़ में इमामे हुसैन की सहादत कि याद में मनाया जाने वाला पर्व चहेलुम सोमवार को मनाया गया। यह पर्व मुहर्रम के चालीस दिन बाद मनाया जाता है। चहेलुम के दसमी को सार्वजनिक चहेलुम कमेटी तीनपहाड़ के नेतृत्व में इमामबाड़ा से ताजिया अखाड़ा व जुलूस निकाली गयी। जो हाथीगड, बैंक मोड, नीचे टोला, मुख्य बाजार होते हुए देर रात्रि को इमामबाड़ा पहुँचा। इस दौरान खिलाड़ियों ने एक से बढ़ कर एक खेलो का करतब दिखाया साथ ही तीनपहाड़ बाजार में मेला जैसा नजारा लगा रहा इसके साथ ही जगह जगह शर्बत और तबरुक को बाटा गया। वहीं चहेलुम पर बंगाल के रामपुरहाट, बर्धवान, नलहटी, झारखण्ड के दुमका, पाकुड़,बरहरवा, बिहार के भागलपुर, नाथनगर, कटिहार, पीरपैंती, कहलगांव, शिवनारायणपुर, मिजाचौकी के अलावे सहिबगंज और राजमहल के लोग खेलो का करतब दिखाने और ताजिया देखने पहुँचे थे। इसके अलावे बेहतर खेल प्रदर्शन करने वालो को कमेटी द्वारा पुरस्कृत भी किया साथ ही झांकी में मिसाइल को सजाया गया था। वही चहेलुम पर्व को लेकर तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडे अपने दल बल के साथ मुस्तैद थे। इसको सफल बनाने में कमेटी के सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

# उपायुक्त ने 'वज्रपात सुरक्षा रथ' को किया रवाना, आम लोगों को किया जाएगा जागरुक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड में पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को जिलावासियों को आकाशीय बिजली से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से 'वज्रपात सुरक्षा रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुरक्षा रथ के माध्यम से आम लोगों को आकाशीय बिजली से बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी जाएगी। पूर्वी सिंहभूम जिला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने इस अवसर पर कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने का सबसे प्रभावी तरीका जागरूकता है। इसी कड़ी में यह पहल की गई है, जिससे कि ग्रामीण और शहरी,




दोनों क्षेत्रों में लोगों तक आकाशीय बिजली से सुरक्षा संबंधी संदेश पहुंचाया जा सके और जनहानि की आशंका को कम किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि आंधी-तूफान या बारिश के समय खुले मैदान, ऊँचे पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहना चाहिए। खेतों में काम कर रहे किसानों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर जाना चाहिए। घरों में लोग बिजली से जुड़े उपकरण बंद कर दें। मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों का उपयोग न करें। सड़क पर होने पर तुरंत किसी भवन के अंदर शरण लेना सुरक्षित है। वहीं, यदि कोई खुले स्थान पर फंस जाए, तो लेटने के बजाय दोनों कान बंद कर झुककर बैठना चाहिए और बिजली की गर्जन सुनाई देने के बाद कम से कम आधे घंटे तक सुरक्षित स्थान पर रहना चाहिए। उपायुक्त ने सभी जिलावीसियों से अपील की है कि वे आकाशीय बिजली गिरने के दौरान इन निदेर्शों का पालन अवश्य करें, ताकि स्वयं और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

## डीसी कार्यालय कक्ष में बाढ़ प्रभावित इलाके में राहत कार्य एवं स्वास्थ्य कार्य के लिए बैठक आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्य एवं स्वास्थ्य कार्य को लेकर डीसी कार्यालय में एक विशेष बैठक डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से राजमहल विधानसभा के विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा शामिल हुए। बाढ़ प्रभावित इलाकों में जो राहत सामग्री का वितरण किया गया है उसकी समीक्षा की गई। वहीं पुनः बाढ़ प्रभावित इलाके में आवश्यकता के अनुरूप लाभुकों के बीच राहत सामग्री वितरण करने की बात कही गई। गंगा नदी का जलस्तर कम होने के बाद विभिन्न बीमारियों की फैलने की खतरा बनी रहती है इसलिए साहिबगंज सदर प्रखंड, राजमहल प्रखंड व उधवा प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से भी व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल यूनिट भी बाढ़ ग्रस्त इलाके में कार्य करेगी, साथ ही कैंप लगाकर भी बाढ़ प्रभावितों के बीच कार्य करेगी, जिला प्रशासन सभी आवश्यक विभागों के साथ बाढ़ प्रभावित इलाके में राहत कार्य में निरंतर जारी रहेगी। मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, सिविल सर्जन रामदेव पासवान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## टैगोर विचार मंच ने महिला आरपीएफ स्वीटी को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** टैगोर विचार मंच ने सोमवार को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के कार्यालय कक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार ने शिकरत की। इस दौरान टैगोर विचार मंच ने एक महिला यात्री की जान बचाने वाली आरपीएफ स्टाफ स्वीटी सिंह को शॉल ओढ़ा कर एवं मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं मंच अध्यक्ष डॉ रणजीत कुमार सिंह ने पौधा देकर प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार ने आरपीएफ स्टाफ स्वीटी सिंह की बहादुरी और ड्यूटी में सतर्कता की तारीफ की। मंच के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि



स्वीटी सिंह ने ड्यूटी के प्रति अपनी जवाबदेही और मानवता की मिसाल पेश की है। मंच के सचिव हिमांशु शेखर गुहा ने कहा कि किसी का जीवन बचाना मानव की मानवता का प्रदर्शन है। ज्ञात हो कि मालदा रेल मंडल अंतर्गत साहिबगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत आरपीएफ स्वीटी सिंह ने बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए चलती ट्रेन संख्या 53030 भागलपुर-अजीमगंज पैसेंजर ट्रेन से उतरने का प्रयास करते समय अपना संतुलन खो बैठी एक महिला यात्री की जान बचाई। स्वीटी सिंह की इस बहादुरी व ड्यूटी के प्रति सतर्कता पर मालदा डिवीजन ने उनके साहसिक कार्य की सराहना की थी। मौके पर सेवानिवृत सीआईटी विजय कुमार, नवीन भगत, उमा शंकर प्रसाद, समीर साहा व अन्य मौजूद थे।

## 20 को जिले के सभी स्कूलों में तिथि भोज सह जन्मोत्सव कार्यक्रम का होगा आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला के सभी प्रधानाध्यापकों, मुखियाओं, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी एवं पंचायत सेवक के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस बैठक में 20 अगस्त 2025 को जिले के सभी स्कूलों में तिथि भोज सह जन्मोत्सव के रूप में मनाने की तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि 20 अगस्त को पुनः तिथि भोज सह जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस बार का तिथि भोजन के दिन बैगलेस डे होगा। इस दिन बच्चे बैग लेकर स्कूल नहीं आएंगे। तिथि



रोज के दिन सभी स्कूलों में साइंस बेस्ट प्रोजेक्ट बनवाया जाए।सभी स्कूल में विज्ञान आधारित प्रोजेक्ट बच्चों से बनवाना सुनिश्चित करायें। उपायुक्त ने सभी स्कूलों में सुगर बोर्ड लगाना अनिवार्य किया है। बच्चों को उत्कृष्ट पेंटिंग बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिनमें से चुनिंदा पेंटिंग सरकारी ऑफिसों में लगाई जाएगी। सभी स्कूलों में क्लब्स का गठन किया जाएगा। परख 2.0 के तहत ट्रेनिंग और टीचिंग के लिए ओरियंटेशन कराया जाएगा। 2 अक्टूबर से हर दो महीने में 50 बच्चों की टीम को कोलकाता भेजा जाएगा, जहां वे रवींद्रनाथ टैगोर की भूमि और बंगाल के हेरिटेज को देखेंगे, परखेंगे और समझेंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने बताया कि 25 अगस्त से सभी घरों में कालाजार का छिड़काव किया जाएगा। बच्चों को स्कूल असेंबली में कालाजार के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि वे अपने माता-पिता और गांव वालों को इसके बारे में बता सकें। कालाजार प्रभावित गांवों में मच्छरदानी का वितरण किया जाएगा।

## यूनिट रक्त संग्रह कर पहाड़पुर पंचायत युवा संघ ने कायम किया रिकॉर्ड

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** रक्तदान जीवन दान के कहावत को पहाड़पुर पंचायत युवा संघ के आयोजित रक्तदान शिविर में रिकॉर्ड रक्तदान कर चरितार्थ कर दिया। पहाड़पुर पंचायत मंडप में पहाड़पुर पंचायत युवा संघ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सहयोगी संस्था शनिदेव भक्त मंडली ट्रस्ट ओर युवाओं के प्रयास से सफल हुआ। ग्रामीण क्षेत्र के रक्तदान शिविर में दहाई के आंकड़े को पार करना एक बड़ी चुनौती मानी जाती हैं। लेकिन बोड़ाम प्रखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में बसे पहाड़पुर पंचायत के युवाओं ने इस रिकार्ड को तोड़ते हुए दोहरा शतक के आंकड़े को चूमने का काम किया है।पहाड़पुर पंचायत युवा संघ और सहयोगी संस्था शनिदेव भक्त मंडली ट्रस्ट के रक्तदान शिविर में 205 यूनिट



रक्त संग्रह किया गया। शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से संघ के अध्यक्ष सह मुखिया अजब सिंह सरदार, सचिव दीपांकर सिंह लाया, कोषाध्यक्ष गोकुल चंद्र महतो, प्रमुख ललिता सिंह सरदार, पंचायत समिति प्रीति सिंह मुंडा, उप मुखिया सुनील बेसरा, महेंद्र सिंह, अंगद सिंह, रतन महतो, अमित महतो, धीरेन सिंह, दुलाल चंद्र महतो, लाल बाबू सिंह, अनूप सिंह, दिलीप सोरेन, महेश्वर सिंह, नकुल कुंभकार, नीलकांत सिंह, अभिराम हांसदा, धनंजय, जगरनाथ, कृतिवास, गौतम, असित सिंह, अरुण, कुंवर सहित सभी पंचायतवासियों का सराहनीय योगदान रहा।

# लंबित दाखिल-खारिज और भूमि विवादों के निपटारे हेतु विशेष राजस्व कैंप 21 तक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** उपायुक्त कोडरमा ऋतुराज के निदेर्शानुसार कोडरमा जिला अंतर्गत सभी अंचलों में दिनांक 19 अगस्त, 20 अगस्त एवं 21 अगस्त 2025 को विशेष राजस्व कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प दाखिल-खारिज, निबंधन, भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग से संबंधित अन्य लंबित मामलों के निष्पादन हेतु जनहित में आयोजित किया जा रहा है। विदित हो कि पूर्व माह में भी सभी अंचलों में इस प्रकार के राजस्व कैम्प का सफल आयोजन किया गया था, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए थे। इसी कड़ी में इस माह पुनः विशेष राजस्व कैम्प आयोजित कर 30




दिनों से अधिक समय से लंबित आपत्ति सहित एवं आपत्ति रहित दाखिल-खारिज मामलों का निष्पादन किया जाएगा। प्रत्येक कैम्प दिवस में संबंधित अंचल अधिकारी द्वारा राजस्व दस्तावेजों का सत्यापन एवं सुनवाई करते हुए मामलों में उचित निर्णय लिया जाएगा। विशेष रूप से आपत्ति युक्त दाखिल-खारिज मामलों में संबंधित रैयतों को विधिवत नोटिस निर्गत कर उसकी तामिला सुनिश्चित कर सुनवाई उपरांत निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

**प्रमुख बिंदुः**

सभी अंचलों में तीन दिवसीय विशेष राजस्व कैम्प का आयोजन

दाखिल-खारिज एवं भूमि विवाद संबंधी लंबित मामलों की प्राथमिकता से सुनवाई दस्तावेज सत्यापन, आपत्ति निवारण एवं त्वरित निष्पादन पर जोर वरीय पदाधिकारी करेंगे मामलों की तिथिवार सूची तैयार एवं समन्वय उपायुक्त ने निर्देशित किया है कि सभी अंचल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अधिक-से-अधिक लंबित मामलों का निष्पादन हो तथा प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ शीघ्र कार्रवाई की जाए। परिशोधन के तहत प्राप्त सभी मामलों में दस्तावेजों का गहन सत्यापन कर, संतुष्टि के उपरांत ही निर्णय लिया जाए। सभी वरीय प्रखंड एवं अंचल पदाधिकारी अपने-अपने स्तर से समन्वय स्थापित करते हुए लंबित मामलों की पूर्व समीक्षा कर, तिथिवार सुनवाई हेतु सूची तैयार करेंगे, जिससे राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता एवं गति लाई जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### हिरणपुर प्रखण्ड में प्रतिबंधिति लॉटरी का व्यापार पूरी जोर पर



**पाकुड़/ हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखण्ड में प्रतिबंधिति होने के बावजूद लॉटरी का अवैध कारोबार एक बार फिर से फलने फूलने लगा है। जिसकी चपेट में सबसे ज्यादा दिहाड़ी पर काम करनेवाले मजदूर आ रहे हैं और अपनी गाढ़ी कमाई को इस पर लुटा रहे हैं। इसके साथ ही इस अवैध कारोबार से जुड़ा एक गिरोह इन लाटरियों का जाली टिकट स्थानीय स्तर पर छपवा कर संचालन कर रहे हैं। लोगों को ठगने का काम कर रहा है। बताया जा रहा है कि इसकी बिक्री से प्रत्येक दिन हजारों रुपये की ठगी लोगों से कर रहा है। इस धंधे के जुड़े लोगों की माने तो इस जाली टिकट पर दिन में दो से तीन बार लॉटरी निकालने का गोरखधंधा किया जा रहा है। जिसके शिकार मजदूर दिहाड़ी में काम करने वाले मजदूर, भाड़े के वाहनों के ड्राइवर, होटलों में काम करने के अलावा ठेला चलाने वालों के साथ दिहाड़ी मजदूर हो रहे हैं। सूत्रों कि मानें तो स्थानीय स्तर पर जाली टिकटों की छपाई कराने का खर्च प्रति टिकट केवल तीस पैसे आता है। जिसे 60, 120, 180, 240, 480, 550 के डिनोमिनेशन में पाकुड़, तोरई, हिरणापुर, बरहरवा, लिट्टीपाड़ा, सिमलोंग, धमनी बाजार, बरहेट, अमड़ापाड़ा, साहेबगंज, दुमका जैसे जगहों के अलावा आसपास के जिलों में भी भेजा जाता है। इसके लिए उस स्थानीय कुख्यात ने अपने एजेंट जगह जगह नियुक्त कर रखा है। ज्ञात हो कि इस धंधे में प्रतिदिन लाखों रुपए का वारा न्यारा हो रहा है। जिसके लिए बकायदा स्थानीय स्तर के अधिकारियों को मैनेज करने के लिए उनपर भी पैसों की बरसात की जाती है।

### डीटीओ व एमवीआई संयुक्त रूप से चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना परिसर के सामने जिला परिवहन पदाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को संयुक्त रूप से डीटीओ व एमवीआई ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। जहां इस वाहन जांच अभियान के दौरान दो पहिया वाहन व तीन पहिया वाहन को बिना आवश्यक दस्तावेज के साथ पकड़ते हुए थाना के हवाले कर दिया गया। उधर मामले को लेकर अनुज कुमार व अमन कुमार ने बताया कि अक्सर देखा जा रहा है कि वाहन चालक सुरक्षा नियमों की अनदेखी करके वाहनों को तेज गति से चला रहे हैं जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जा रही हैं। जहां ऐसे ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग के कर्मी अलग अलग स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाते हुए आमजनों को जागरूक कर रहे हैं। इस वाहन जांच अभियान के मौके पर जिरवाबाड़ी थाना के कई पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### अवैध खनन से टास्क फोर्स की टीम ने दो हाइवा व दो पोकलेन किया जब्त



**साहिबगंज:** मिजाचौकी थाना क्षेत्र के भुतहा मौजा स्थित स्टार इंडिया खदान के पास हो रहे अवैध खनन की सूचना पर बीते दिनों अहले सुबह खनन टास्क फोर्स की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने मौके पर छापेमारी कर दो पोकलेन और दो हाइवा जब्त किया। इस दौरान अवैध खनन में लगे अन्य वाहन व श्रमिक कार्रवाई की भनक लगते ही मौके से फरार हो गये। इस संयुक्त कार्रवाई में साहिबगंज एसडीओ अमर जॉन आइंद, मंडरो बीडीओ-सह-सीओ मेघनाथ उरांव, खनन इंस्पेक्टर राजेश कुमार और मिजाचौकी थाना पुलिस बल शामिल थे। सदर एसडीओ ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसी आधार पर छापेमारी की गयी। जब्त किये गये चार वाहनों को मिजाचौकी पुलिस को सौंप दिया। बीडीओ को प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। कार्रवाई के बाद पूरे इलाके में हड़कंप की स्थिति है। लोग खनन विभाग की सक्रियता की चर्चा कर रहे हैं। चार नंबर स्थित क्रशर मशीन पर भी कार्रवाई इसी दिन टास्क फोर्स की टीम ने मिजाचौकी चार नंबर स्थित चौरसिया स्टोन वर्कर्स क्रशर मशीन को भी जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। टीम ने बताया कि कार्रवाई हाइकोर्ट के निर्देश पर की गयी है। संबंधित केस वर्षों से अदालत में लंबित था। संचालक की हार के बाद न्यायालय के आदेश के अनुरूप मशीन को ध्वस्त किया गया। खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई को अवैध खनन और गैरकानूनी पत्थर कारोबार पर बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। पत्थर व्यवसाययों में हड़कम मचा हुआ है।

### शहर के कई वार्डो व दियारा क्षेत्र में उतरा गंगा का पानी, महामारी का बढ़ा खतरा



**साहिबगंज:** नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्ड में सोमवार को गंगा का पानी कम होने लगा है। दो दिनों में ढेड़ फीट पानी नीचे चला गया है। धर्मशाला, स्कूल व अन्य रिश्तेदार के घर पर रह रहे लोग अपने घर वापस आ रहे हैं। भरतिया कॉलोनी में 32 घर व क्वार्टर जलमग्न हो गये थे। लोग वापस आकर अपने घर साफ सफाई कर रहे हैं। दितेश पांडेय, सुशील ठाकुर, राजेश, आयुष ने कहा कि पानी तो कम हुआ है, पर गंदगी से संक्रमण व महामारी फैलने का खतरा बना है। शहर के रिहायशी इलाका भरतिया कॉलोनी, रसूलपुर दहला, नया टोला, हरीपुर, हबीबपुर, कमलटोला, चानन, कबूतरखोपी, गांव में कई घरों में जमा पानी निकल रहा है। वहीं सदर प्रखंड के रामपुर दियारा, दुर्गा स्थान टोला टोपरा, बड़ा रामपुर, छोटा रामपुर, हरप्रसाद में सैकड़ों टोला बाढ़ की चपेट में आ गया है। बाढ़ आने पर सदर प्रखंड के रामपुर दियारा, रामपुर दुर्गा स्थान टोला, शोभनपुर दियारा, गरम टोला, छद्दू टोला, मकई टोला, निचला टोला, लालबथानी दियारा, कारगिल दियारा, मुनीलाल टोला बाढ़ के पानी से घिरा है। ज्ञात हो कि गंगा का जलस्तर चेतावनी रेखा से एक मीटर ऊपर है। साहिबगंज में गंगा का जलस्तर घटने के बाद हबीबपुर मोहल्ले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गंदगी फैल गयी है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से कुलीपाड़ा रोड, नवभारत रोड, हरीपुर व अलीपुर पाइप रोड समेत इलाकों में नालियों की सफाई और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराने की मांग की है। लोगों ने कहा कि गंदगी के कारण डायरिया व वायरल संक्रमण फैलने का खतरा है। मो. आफताब, मो. शाहिद समेत दर्जनों लोग मांग को लेकर उपस्थित रहे।

# फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु में शुरू किया आईफोन-17 का उत्पादन

## - भारत में बढ़ रहा ऐपल का निवेश

नई दिल्ली ।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐपल को भारत में प्रोडक्शन बंद करने के निर्देश के बावजूद कंपनी ने भारत में उत्पादन बढ़ाने का कदम उठाया है। ताइवान की इलेक्ट्रॉनिक कंपनी फॉक्सकॉन ने बेंगलुरु के देवनहल्ली में अपने नए कारखाने में आईफोन-17 की मैन्युफैक्चरिंग शुरू कर दी है। यह फॉक्सकॉन का चीन के बाहर दूसरा सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र है, जिसमें लगभग 2.8 अरब डॉलर (लगभग 25,000 करोड़ रुपये) का निवेश किया गया है। फिलहाल इस कारखाने में आईफोन-17 का उत्पादन छोटे पैमाने पर चल रहा है। फॉक्सकॉन चेन्नई में भी आईफोन-17 बना रहा है। आईफोन-17 के उत्पादन में थोड़ी बाधा तब आई जब कई चीनी इंजीनियर अचानक भारत से लौट गए, लेकिन फॉक्सकॉन ने ताइवान समेत अन्य देशों से विशेषज्ञ बुलाकर इस कमी को पूरा कर लिया है। ऐपल की योजना इस साल भारत में आईफोन उत्पादन को छह करोड़ यूनिट तक बढ़ाने की है, जो पिछले वित्त वर्ष में लगभग 3.5 से 4 करोड़ यूनिट था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में ऐपल ने लगभग 22 अरब डॉलर के आईफोन असेंबल किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 60 फीसदी अधिक हैं। ऐपल के सीईओ टिम कुक ने भी कहा है कि जून 2025 तिमाही में अमेरिका में बिकने वाले अधिकांश



आईफोन भारत से आयातित होंगे। दूसरी तिमाही में ऐपल की भारत में आपूर्ति 19.7 फीसदी बढ़ी है और कंपनी की भारतीय स्मार्टफोन बाजार में हिस्सेदारी 7.5 फीसदी पहुंच गई है। इस बीच, भारतीय स्मार्टफोन बाजार में चीनी कंपनी वीवो 19 फीसदी हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है।

# भारतीय कंपनियों ने बढ़ाया इक्विटी और बॉन्ड से फंड जुटाने का रुख

*कर्ज घटकर कंपनियों की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई*

नई दिल्ली ।

भारत की कंपनियां अब बैंक कर्ज से दूरी बनाकर इक्विटी और बॉन्ड जैसे वैकल्पिक वित्तीय स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में 100 आधार अंक की कटौती के बाद कंपनियों के लिए दीर्घकालिक ऋण पूंजी बाजार से सस्ता और सुगम हो गया है। इसका प्रभाव कंपनियों की बैलेंस शीट में भी साफ दिख रहा है, जहां कर्ज घटकर कंपनियों की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2025 में भारत के उद्योग जगत ने क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के माध्यम से 42,000 करोड़ रुपये से अधिक धन जुटाया। इसी अवधि में कंपनियों ने बड़े सौदों के जरिए 1.07 लाख करोड़ रुपये की फंडिंग हासिल की। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कंपनियों ने बॉन्ड बाजार से 4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा जुटाकर इतिहास रचा है। यह पिछले वर्ष की




समान अवधि में जुटाए गए 2.11 लाख करोड़ रुपये से दोगुना से अधिक है। आईसीआईसीआई बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनियों के पास अब फंड जुटाने के कई विकल्प मौजूद हैं। आंतरिक संसाधन प्राथमिक स्रोत हैं, इसके बाद इक्विटी और बॉन्ड बाजार हैं। बैंक ऋण भी विकल्प के रूप में उपलब्ध है, लेकिन बेहतर रेटिंग वाली कंपनियां अपनी फंडिंग को व्यापक बनाने के लिए इन सभी स्रोतों का उपयोग कर रही हैं।

# चीन का शेयर बाजारः निवेशकों के लिए चुनौती और बचत की बढ़ती प्रवृत्ति

## - चीन के शेयर बाजार में निवेशकों को अपेक्षित रिटर्न नहीं मिल रहा है, जिससे वे बचा रहे पैसा

नई दिल्ली।

चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद, वहां के लोग खर्च करने के बजाय अधिक बचत कर रहे हैं। इसका प्रमुख कारण चीन का कमजोर और अनिश्चित शेयर बाजार है। पिछले दशक में चीन के शेयर बाजार में कई उतार-चढ़ाव आए हैं, खासकर 10 साल पहले एक बड़ा बुलबुला फटना, जिसने निवेशकों को भारी नुकसान पहुंचाया। तब से बाजार अब भी उस स्तर पर नहीं पहुंच पाया है, जिससे लोगों का निवेश पर भरोसा कम हुआ है। एक रिपोर्ट के अनुसार अगर किसी निवेशक ने 10 साल पहले अमेरिका के एसएंडपी 500 इंडेक्स में 10,000 डॉलर लगाए होते, तो आज उसकी रकम तीन गुना से अधिक हो गई होती। वहीं, चीन के सीएसआई 300 बेंचमार्क में इतनी ही रकम लगाने पर निवेशक को केवल 3,000 डॉलर का लाभ हुआ होगा। यह दर्शाता है कि चीन के शेयर बाजार में निवेशकों को अपेक्षित रिटर्न नहीं मिल रहा है, जिससे वे खर्च करने की बजाय पैसे बचाने में लगे हैं। चीन के शेयर बाजार की संरचना भी इसकी समस्या को



बढ़ा रही है। करीब 35 साल पहले इस बाजार को मुख्य रूप से सरकारी परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने के लिए बनाया गया था, न कि निवेशकों को लाभ देने के लिए। इस वजह से बाजार में शेयरों की अधिकता और अनुचित व्यापार प्रथाएं आम हो गईं, जो आज भी 11 ट्रिलियन डॉलर के बाजार पर असर डाल रही हैं। राष्ट्रपति शी जिनपिंग घरेलू खर्च बढ़ाकर 5 फीसदी की आर्थिक विकास दर हासिल करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें शेयर बाजार में सुधार और निवेशकों का विश्वास बहाल करना होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन का पूंजी बाजार निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है, जबकि फाइनेंसर्स को लाभ पहुंचाया है। इस खराब आर्थिक माहौल में चीन की बचत दर 35 फीसदी तक पहुंच गई है, जो कि डिस्पोजेबल इनकम का बड़ा हिस्सा है। इस स्थिति को बदलना आसान नहीं होगा, क्योंकि आर्थिक अनिश्चितता और बाजार की कमजोर स्थिति लोगों को खर्च करने के बजाय बचाने पर मजबूर करती है।

# दिल्ली एयरपोर्ट दुनिया के चुनिंदा 6 एयरपोर्ट्स में शामिल हुआ

## - सालाना क्षमता 109 मिलियन यात्रियों तक पहुंची




नई दिल्ली ।

दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) के तहत संचालित दिल्ली एयरपोर्ट ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मई 2023 में टर्मिनल-1 के पूरी तरह से चालू होने के बाद, दिल्ली एयरपोर्ट की यात्री क्षमता 109 मिलियन (10.9 करोड़) तक पहुंच गई है। इस उपलब्धि के साथ यह एयरपोर्ट एशिया का दूसरा और भारत का अकेला ऐसा हवाई अड्डा बन गया है, जो सालाना 100 मिलियन से अधिक यात्रियों को संभाल सकता है। इससे पहले इस क्लब में केवल टोक्यो हानेडा एयरपोर्ट ही शामिल था। सरकार यदि टर्मिनल-2 के पुनर्निर्माण और आधुनिकीकरण को मंजूरी देती है, तो दिल्ली एयरपोर्ट की कुल क्षमता 140 मिलियन यात्रियों तक बढ़ सकती है।

फिलहाल यह प्रस्ताव विचाराधीन है। दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) के इस साल नवंबर तक शुरू होने की उम्मीद है। इसकी शुरुआती क्षमता सालाना 12 मिलियन यात्रियों की होगी, जो दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ते दबाव को कम करने में मदद करेगा। 2024 में दिल्ली एयरपोर्ट ने 80 मिलियन से अधिक यात्रियों को सफलतापूर्वक संभाला है। वैश्विक स्तर पर देखें तो ऐसे एयरपोर्ट जिनकी क्षमता 100 मिलियन से ऊपर है, उनमें अटलांटा (125.48 मिलियन), दुबई (120 मिलियन), टोक्यो हानेडा (110 मिलियन), लंदन हीथ्रो (103 मिलियन) और डलास (102.9 मिलियन) शामिल हैं। एयरपोर्ट्स के बीच प्रतिस्पर्धा तेज़ हो रही है। इस्तांबुल एयरपोर्ट की क्षमता इस साल के अंत तक 120 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि सऊदी अरब का किंग सलमान इंटरनेशनल एयरपोर्ट 2030 तक 120 मिलियन और 2050 तक 185 मिलियन यात्रियों की सेवा देने का लक्ष्य रखता है। इस तेजी से बढ़ती क्षमता से वैश्विक हवाई यात्रा का नया युग दिख रहा है।

# डेटा सुरक्षा और नवाचार के लिए भारत को स्वदेशी यूपीआई एप की जरूरतः एसबीआई

नई दिल्ली।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के यूपीआई भुगतान क्षेत्र में फिलहाल कुछ बड़े तीसरे पक्ष एप्लिकेशन का प्रभुत्व है, जिनमें फोनपे, गूगल पे और पेटीएम शीर्ष स्थान पर हैं। जुलाई 2025 के आंकड़ों के अनुसार, फोनपे ने 8931 मिलियन लेनदेन और 12,20,141 करोड़ रुपये के मूल्य के लेनदेन किए हैं। इसके बाद गूगल पे ने 692.3 करोड़ लेनदेन और 8,91,297 करोड़ रुपये के लेनदेन किए, जबकि पेटीएम ने 136.6 करोड़ लेनदेन और 1,43,651 करोड़ रुपये के लेनदेन दर्ज किए। एसबीआई रिपोर्ट में बताया गया है कि इन प्रमुख प्लेटफार्मों पर विदेशी स्वामित्व या प्रभाव मौजूद है, जिससे यूपीआई डेटा कुछ बड़े खिलाड़ियों के पास केंद्रित हो गया है। इस स्थिति में देश के वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए यह जरूरी है कि एक घरेलू, काउंटर इंट्यूटिव यूपीआई ऐप विकसित किया जाए, जो न केवल लेनदेन डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करे, बल्कि फिनटेक नवाचार को भी भारत की जरूरतों और प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाए। रिपोर्ट में यह भी सुझाव दिया गया है कि घरेलू यूपीआई ऐप की मौजूदगी से भारत को विदेशी प्रभाव से मुक्त होकर वित्तीय डेटा पर अधिक नियंत्रण मिलेगा। इससे देश की डिजिटल




भुगतान प्रणाली की मजबूती के साथ-साथ वित्तीय स्वायत्तता भी बढ़ेगी। इसके अलावा, यह कदम भारतीय स्टार्टअप्स और फिनटेक कंपनियों को भी प्रोत्साहन देगा और नवाचार को बढ़ावा देगा।

## रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को रुपया 20 पैसे की तेजी के साथ ही 87.37 रुपये पर बंद हुआ। वहीं पिछले कारोबारी दिन रुपया 87.57 पर बंद हुआ था। आज सुबह



रुपया तेजी और निवेशकों की सकारात्मक धारणा के चलते अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे की मजबूती के साथ 87.39 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 87.46 पर खुला और फिर 87.39 के स्तर पर पहुंचा, ये पिछले सत्र के बंद स्तर 87.59 से 20 पैसे ऊपर है। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मुद्रा और शेयर बाजार बंद थे। कारोबारियों के अनुसार भारत और अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क को लेकर जारी अनिश्चितता के बीच बाजार सहभागियों ने सतर्क रुख अपनाया है। डॉलर सूचकांक जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाता है, 0.01 फीससदी की हल्की बढ़त के साथ 97.86 पर बंद हुआ।



## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में स्थिरता जारी

**नई दिल्ली** । देशभर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में सोमवार को भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने 18 अगस्त को भी दरों को यथावत बनाए रखा है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 104.72 और डीजल 90.21 रुपए प्रति लीटर पर बनी हुई है। लंबे समय से यहां सौ रुपए से अधिक पेट्रोल खरीदना आम लोगों की जेब पर भारी पड़ रहा है। देश के अन्य प्रमुख शहरों में भी स्थिति लगभग समान है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 और डीजल 92.15, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 और डीजल 90.76 प्रति लीटर है। वहीं लखनऊ में पेट्रोल 94.69 और डीजल 87.80 लीटर बिक रहा है। इंदौर में पेट्रोल 106.48 प्रति लीटर की ऊंचाई पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि मार्च 2024 के बाद से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में किसी बड़े बदलाव की घोषणा नहीं की गई है। हालांकि, इस बीच कभी-कभार 1-2 रुपए प्रति लीटर का मामूली उतार-चढ़ाव जरूर देखा गया। तेल कंपनियां प्रतिदिन सुबह 6 बजे नई कीमतें अपडेट करती हैं, लेकिन पिछले कई महीनों से उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिल पाई है।

## समतल इस्पात पर सुरक्षा शुल्क की सिफारिश सराहनीय कदम-आईएसए

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय के व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने कुछ समतल इस्पात उत्पादों के आयात पर तीन वर्षों के लिए 12 फीसदी सुरक्षा शुल्क लगाने की सिफारिश की है। इसका उद्देश्य अचानक आयात वृद्धि से घरेलू उत्पादकों की रक्षा करना है। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के अध्यक्ष ने इस फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती देगा और घरेलू इस्पात उद्योग को संरक्षण प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही प्रस्तावित शुल्क वैश्विक मानकों से कम हो, लेकिन इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार स्थानीय उद्योगों को समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने न्यूनतम आयात मूल्य जैसी नीतियों को भी उद्योग के लिए एक सकारात्मक सुरक्षा जाल बताया।

## सेबी की निपटान याचिकाओं में बड़ी वृद्धि, 798 करोड़ का शुल्क वसूला

### - पिछले वर्ष के 434 आवेदनों की तुलना में 62 फीसदी अधिक

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में बाजार नियामक सेबी को प्रतिभूति नियमों के उल्लंघन से जुड़े मामलों में 703 निपटान याचिकाएं प्राप्त हुईं, जो पिछले वर्ष के 434 आवेदनों की तुलना में 62 फीसदी अधिक हैं। यह वृद्धि दर्शाती है कि




बाजार सहभागियों में लंबी कानूनी प्रक्रिया से बचते हुए विवाद सुलझाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। सेबी की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार प्राप्त याचिकाओं में से 284 मामलों का निपटारा किया गया, जबकि 272 याचिकाएं वापस ली गईं, अस्वीकृत की गईं या लौटा दी गईं। निपटाए गए मामलों से सेबी ने 798 करोड़ रुपये निपटान शुल्क और 65 करोड़ रुपये वसूली शुल्क के रूप में प्राप्त किए। निपटान आदेश मुख्य रूप से भेदिया व्यापार, धोखाधड़ीपूर्ण व्यवहार, वैकल्पिक निवेश कोष, म्यूचुअल फंड और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक से संबंधित नियमों के उल्लंघन पर जारी किए गए। सेबी का निपटान तंत्र पक्षकारों को कुछ शर्तों और शुल्क के साथ मामले समाप्त करने का विकल्प देता है, जिससे मुकदमेबाजी से बचा जा सकता है। साथ ही 2024-25 में प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) में सेबी से जुड़े 533 नई अपीलें दायर की गईं, जो पिछले वर्ष की 821 अपीलों की तुलना में कम हैं। इनमें से लगभग 62 फीसदी अपीलें धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध विनियम, 2003 के उल्लंघन से जुड़ी थीं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 676 , निफ्टी 245 अंक ऊपर आया

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 676.09 अंकों की बढ़त के साथ ही 81,273.75 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 245.65 अंकों की बढ़त के साथ ही 24,876.95 अंकों पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की 30 में से 20 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही बंद हुए। वहीं शेष सभी 10 कंपनियों के शेयर नीचे आये। इसी प्रकार निफ्टी 50 की 50 में से 38 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए जबकि 12 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल मारुति सुजुकी के शेयर सबसे ज्यादा 8.94 फीसदी बढ़े। वहीं आईटीसी के शेयर आज सबसे ज्यादा 1.26 फीसदी गिरे।

आज सेंसेक्स की प्रमुख कंपनियों में बजाज





फाइनेंस के शेयर 5.02 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 3.71 फीसदी, बजाज फिनसर्व 3.70 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.54 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 3.46 फीसदी, ट्रेंट 2.82 फीसदी, एशियन पेंट्स 2.29 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 2.08 फीसदी, टाइटन 1.86 फीसदीकी बढ़त के साथ बंद हुए।

दूसरी ओर, सोमवार को एलएंडटी के शेयरों में 1.18 फीसदी, टेक महिंद्रा 1.02 फीसदी, एनटीपीसी 0.91 फीसदी, इंफोसिस 0.82 फीसदी, बीईएल 0.62 फीसदी, सनफार्मा 0.62 फीसदी की गिरावट रही।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स 700 अंक से ज्यादा की उछाल के साथ 81,315 पर खुला और । इसी तरह एनएसई का निफ्टी50 भी 315.85 अंक की बढ़त के साथ 24,947 पर कारोबार करता दिखा। बाजार में यह तेजी ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी के चलते देखी गई। आज एशियाई बाजारों में जापान और ताइवान के शेयरों में तेजी रही। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.7 फीसदी ऊपर कारोबार कर रहा था। हांगकांग का हैंगसेंग 0.45 फीसदी ऊपर रहा। जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 1.23 फीसदी नीचे रहा। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजारों में शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई थी।

## मणप्पुरम फाइनेंस और टाइटन शेयरों में आई मजबूती




**नई दिल्ली** । एंजेल वन के एक सीनियर टेक्निकल और डेरिवेटिव एनालिस्ट के अनुसार मणप्पुरम फाइनेंस ने हाल के हफ्तों में जोरदार रिकवरी दिखाई है। इस स्टॉक ने डेली चार्ट पर सभी प्रमुख ईएमए को पार कर लिया है और ब्रेकआउट की नेकलाइन तक लौटकर फिर से तेजी पकड़ता दिख रहा है। पॉजिटिव क्रॉसओवर, मोमेंटम इंडिकेटर्स का सपोर्ट और बढ़ा हुआ वॉल्यूम इस तेजी को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। कृष्णन ने निवेशकों को सलाह दी है कि वे मणप्पुरम फाइनेंस को 264 से 260 के स्तर पर खरीद सकते हैं। स्टॉप लॉस 245 रखा जाना चाहिए, जबकि टारगेट प्राइस 294 से 300 रूपए तक निर्धारित है। वहीं टाइटन के शेयरों में भी हाल ही में अच्छी तेजी देखने को मिली है। इस स्टॉक ने डेली चार्ट पर 'डबल बॉटम' जैसा पैटर्न बनाकर मजबूती का संकेत दिया है। टाइटन 20 डेमा के ऊपर कारोबार कर रहा है और इसका ट्रेंड बुलिश बना हुआ है। डेली चार्ट पर हायर लो फॉर्मेशन और पॉजिटिव क्रॉसओवर तकनीकी रूप से तेजी का समर्थन कर रहे हैं। सुपर ट्रेंड इंडिकेटर भी हाल के उछाल के बाद बुलिश सिग्नल दे रहा है।

# भारत में इस्पात संयंत्र स्थापित करेंगे जेएसडब्ल्यू स्टील और पॉस्को

## – 60 लाख टन प्रति वर्ष (6 एमटीपीए) की क्षमता प्रस्तावित

नई दिल्ली ।

भारतीय इस्पात कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील और दक्षिण कोरिया की अग्रणी इस्पात निर्माता कंपनी पॉस्को ने भारत में 60 लाख टन प्रति वर्ष (6 एमटीपीए) क्षमता वाला एकीकृत इस्पात संयंत्र स्थापित करने की संभावनाओं का अध्ययन करने के लिए एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता पिछले वर्ष अक्टूबर में किए गए समझौते की अगली कड़ी है। दोनों कंपनियां अब संयंत्र के स्थान चयन, निवेश शर्तें, संसाधन उपलब्धता और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार करेंगी। संभावित स्थान के रूप में ओडिशा को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां प्राकृतिक संसाधनों और संभार-तंत्र की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य भारत में एक वैश्विक स्तर का प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र स्थापित करना है, जो घरेलू और निर्यात दोनों बाजारों की मांग को पूरा करेगा। प्रस्तावित संयंत्र 50-50 संयुक्त उद्यम के रूप में स्थापित किया जाएगा। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें पॉस्को होल्डिंग्स के अध्यक्ष ली जू-ताई और जेएसडब्ल्यू स्टील के सीईओ जयंत आचार्य उपस्थित थे। जयंत आचार्य ने इसे जेएसडब्ल्यू की निष्पादन क्षमता और पॉस्को की तकनीकी विशेषज्ञता का संयोजन बताया।




वहीं ली जू-ताई ने भारत को वैश्विक इस्पात मांग का भविष्य बताया और इस साझेदारी को दीर्घकालिक मूल्य सृजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम करार दिया।

## सेबी करेगा मार्जिन ट्रेडिंग और एंजल फंड्स नियमों की व्यापक समीक्षा

मुंबई ।

सेबी वित्तीय बाजारों में पारदर्शिता और जोखिम प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए मार्जिन ट्रेडिंग फंडिंग (एमटीएफ) के तहत मार्जिन फ्रेमवर्क की समीक्षा करने जा रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 की अपनी वार्षिक रिपोर्ट में सेबी ने कहा कि वर्तमान मार्जिनिंग नियमों की व्यापक समीक्षा जारी है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य क्लीयरिंग कॉरपोरेशनों में जोखिम प्रबंधन को और प्रभावी बनाना है। मार्जिन ट्रेडिंग के तहत निवेशक बिना पूरी राशि दिए शेयर खरीद सकते हैं, जहां वे केवल कुछ प्रतिशत का भुगतान करते हैं और बाकी रकम मार्जिन या गिरवी रखे शेयरों से कवर होती है। साथ ही, सेबी एमटीएफ के तहत पात्र शेयरों की सूची की भी समीक्षा कर रहा है। इसके अलावा, सेबी एंजल फंड्स के नियामक ढांचे में बदलाव पर भी विचार कर रहा है। इस समीक्षा का मकसद फंड रेजिंग, निवेश की शर्तों और संचालन से जुड़े नियमों को आसान और व्यवस्थित बनाना है, ताकि स्टार्टअप्स को निवेश उपलब्ध कराने में सहायता मिल सके। एंजल फंड्स स्टार्टअप्स के लिए एक महत्वपूर्ण फंडिंग स्रोत हैं।

# वोटर अधिकार यात्रा में समर्थकों-पुलिस में हुई धक्का-मुक्की



## राहुल को देखने के लिए पेड़-बसों पर चढ़े लोग, औरंगाबाद में सूर्य मंदिर के दर्शन कर गयाजी पहुंचें





**औरंगाबाद, गया।** SIR सरल शब्दों में वोटर लिस्ट रिवीजन के खिलाफ 'वोटर अधिकार यात्रा' के दूसरे दिन राहुल गांधी का काफिला औरंगाबाद से गयाजी पहुंच गया है। काफिला फिलहाल गयाजी के डबूर में रुका है। शाम साढ़े 6 बजे खलिश पार्क चौक में जनसभा होगी। गयाजी में राहुल की यात्रा को लेकर युवाओं में क्रेज दिखा। लोग राहुल-तेजस्वी को देखने के लिए बसों की छत और पेड़ पर चढ़ गए। इस दौरान दोनों पार्टी के समर्थकों और पुलिस में हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। युवाओं का कहना है, 'हमलोग राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को देखने आए हैं। उनसे उम्मीद है। बिहार में वैसे तो बस पेपर लीक हो रहा है।' इससे पहले सोमवार सुबह राहुल गांधी औरंगाबाद के देव पहुंचे। जहां सूर्य मंदिर में राहुल गांधी ने पूजा की। दंडवत द्वार से राहुल गांधी मंदिर के अंदर गए। गर्भ गृह में पहुंचे, हाथों में फूल लेकर संकल्प किया फिर पूजा की। भगवान के आगे माथा टेका। करीब 5 मिनट बाद गर्भ गृह से बाहर निकले तो ललाट पर तिलक, गले में माला और कंधे पर गुलाबी चुनरी थी। उसके बाद उन्होंने जल चढ़ाकर मंदिर की परिक्रमा भी की। गर्भ गृह के बाहर लगे बड़े से घंटे को बजाया और पुजारी से मंदिर का इतिहास भी जाना। इस दौरान तेजस्वी यादव और मुकेश सहनी भी साथ रहे, उन्होंने भी पूजा की। मंदिर में पूजा-परिक्रमा करने के बाद राहुल दंडवत द्वार से बाहर निकले और उनका काफिला रफीगंज के लिए रवाना हो गया। इससे पहले सुबह करीब 8 बजे राहुल गांधी का काफिला औरंगाबाद के अंबा होते हुए देव के लिए निकला था। राहुल गांधी का काफिला न अंबा चौक पर रुका, न उन्होंने किसानों से मुलाकात की। इसे लेकर कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के अंबा में राहुल गांधी के समर्थकों में नाराजगी दिखी। बभंडीह रेस्ट हाउस से 2 किलोमीटर की दूरी पर सतबहिनी मंदिर के पास से भी कांग्रेस का काफिला सीधे निकल गया। जबकि पार्टी के कार्यकताओं के अनुसार मंदिर पर रुकने की बात बताई जा रही थी। कार्यकर्ता माला लेकर इंतजार ही करते रह गए। इधर बाजार के चौक पर सभा होने थी, यहां भी काफिला चंद सेकेंड के लिए भी नहीं रुका। दोनों जगह राहुल के फैंस नाराज हुए और वापस हो गए। वहीं भारतमाला परियोजना के प्रभावित किसानों की टीम राहुल गांधी से मिलने विश्राम स्थल पर पहुंची थी, लेकिन राहुल गांधी उनसे भी नहीं मिले। किसान इंतजार करते रह गए। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा, "राहुल गांधी अगर चुनाव आयोग की बात नहीं मानते हैं तो आयोग क्या कर लेगा? राहुल गांधी और चुनाव आयोग एक दूसरे के बारे में क्या कह रहे हैं ये जरूरी नहीं है। विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी ने जो मामले सामने रखे हैं, उसपर बिंदुवार जवाब चुनाव आयोग को देना चाहिए। जवाब देने के बजाय आप कह रहे हैं कि माफी मांगो।" बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने मतदाता अधिकार यात्रा पर कहा, "ये यात्रा जनमानस के मन में घुस गई है। चुनाव आयोग और भाजपा का गठजोड़ सबको समझ आ गया है। यात्रा में जिस तरह ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी, उससे साफ है कि बिहार की जनता उन्हें (एनडीए) नकारती है।" डबुर मे राहुल गांधी लंच कर रहे हैं। उसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी जिसमें कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार और मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा शामिल होंगे। यहां से काफिला अहियारपुर के लिए निकलेगा। राहुल गांधी की यात्रा पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, "जिस व्यक्ति पर चोरी का आरोप हो, वही चोरी की बात करता है। जिस व्यक्ति ने बिहार का चारा चोरी किया हो, जिस व्यक्ति ने अलकतरा पिया हो, जिसने जमीन ली हो उस व्यक्ति द्वारा कहा जा रहा है कि चोरी हुई है। ये लोग चोरी करके सीनाजोरी करने वाले लोग हैं।" गयाजी के डबूर से काफिला बक्शीडीह जाएंगे। वहां छोटी जनसभा होगी। यहां से राहुल अहियापुर जाएंगे। वहां कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। इसके बाद पहचानपुर जाएंगे। वहां अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। यहां से शाम 7 बजे खलिश पार्क पहुंचेंगे। वहां जनसभा को संबोधित करेंगे। वहां से 8 बजे रात को निकलेंगे। रसूलपुर पुहंचेंगे। कैंप में रूकेंगे। 19 की सुबह 9 बजे के करीब गयाजी के वजीरगंज में सभा को संबोधित करेंगे। वहां से नवादा जिले में दाखिल होंगे। यात्रा में जुटी भीड़ को कंट्रोल करना पुलिस के लिए मुश्किल हो रहा है। इस दौरान दोनों पार्टी के समर्थकों और पुलिस में हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। गयाजी में राहुल के काफिले में भीड़ दिखी। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को देखने के लिए युवा पेड़ पर चढ़कर बैठे नजर आए। गयाजी में राहुल के काफिले के पास युवाओं की भीड़ दिखाई दी। युवाओं ने कहा, 'हमलोग राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को देखने आए हैं। उनसे उम्मीद है।

# विदेशी शराब देख रहा नहीं गया, मचा दी लूट-खसोट



## लोगों ने बीच सड़क पर कार के शीशे तोड़कर लूटी बोतलें

**मुंगेर।** जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां भीड़ ने एक कार में रखी विदेशी शराब की पेटियां देख आपा खो दिया। फिर वाहन का शीशा तोड़कर शराब की जमकर लूट कर ली। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामला तारापुर थाना क्षेत्र से महज एक किलोमीटर दूर बिहमा चौक का है। यह घटना रविवार देर रात करीब दस बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सुल्तानगंजझसंग्रामपुर मुख्य पथ पर भीड़ ने एक सफेद रंग की कार को रोक लिया। वाहन के पीछे बड़ी मात्रा में शराब की पेटियां रखी हुईं थी। देवगांव विषहरी पूजा को लेकर मेले की भीड़ के बीच जब लोगों की नजर शराब की खेप पर पड़ी, तो हड़कंप मच गया। भीड़ ने वाहन पर बैठे दोनों लोगों को पकड़ने की कोशिश की और पूछताछ शुरू की। इसी बीच कुछ लोगों ने वाहन के आगे-पीछे के शीशे तोड़ दिए और शराब की पेटियां लूटना शुरू कर दिया। जैसे ही शराब मिलने की खबर आसपास फैली, बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। भीड़ में शामिल लोग पेटियां उठाकर ले भागे तो कई लोग शराब की बोतलों को कपड़ों में छिपाकर भागते देखे गए। लूटपाट के इस माहौल को देख वाहन में बैठे दोनों लोग गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन पुलिस को देखते ही भीड़ वहां से छिटपुट रूप से भाग निकली।

## महावीरी झंडा जुलूस में नर्तकियों का प्रदर्शन

**सीवान।** सराय थाना क्षेत्र में प्रशासन के आदेशों की खुली अवहेलना सामने आई है। बैसाखी गांव में रविवार को निकाले गए महावीरी झंडा जुलूस में प्रशासन के निदेशों के विपरीत डीजे बजाया गया। सराय थाना प्रभारी विकास कुमार बिट्टू की मौजूदगी में ही जुलूस में नर्तकियों से अश्लील गानों पर नृत्य करवाया गया। जिला प्रशासन ने शांति समिति की बैठक में डीजे और अश्लील गानों पर रोक लगाने के स्पष्ट निर्देश दिए थे। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जब पुलिस की मौजूदगी में नियमों का उल्लंघन हो रहा है, तो आम जनता से कानून पालन की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

## संक्षिप्त डायरी

### सिगरेट के पैसे मांगने पर पिस्तौल दिखा धमकाने वाले बदमाश को ग्रामीणों ने धुना, किया पुलिस के हवाले





**पटना।** मनेर थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में रविवार को उस समय हड़-कंप मच गया जब सिगरेट का पैसा मांगने पर बाइक सवार बदमाशों ने किराना दुकानदार पर पिस्तौल तान दी। दुकानदार के शोर मचाने पर गांव के लोग जुटे और दो बदमाश मौके से फरार हो गए, जबकि पिस्तौल लहराने वाले बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर उसकी पिटाई कर दी। घायल बदमाश को बाद में पुलिस ने हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा। चश्मदीदों के अनुसार, तीनों बदमाश बाइक से माधोपुर गांव के समीप एक किराना दुकान पर पहुंचे और सिगरेट मांगी। सिगरेट पीने के बाद जब दुकानदार ने पैसे मांगे तो उन्होंने धौंस जमाते हुए मना कर दिया। विवाद बढ़ा तो उनमें से एक बदमाश ने पिस्तौल निकालकर दुकानदार को ठोक देने की धमकी दी। दुकानदार ने जान बचाने के लिए जोर-जोर से शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में जुट गए। दो बदमाश मौका पाकर फरार हो गए, लेकिन पिस्तौल निकालकर धमकाने वाले को ग्रामीणों ने धर दबोचा और लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मनेर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने पकड़े गए बदमाश को पिस्तौल समेत पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने मौके से दो बाइक भी जब्त कीं। घायल बदमाश को मनेर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मनेर थानाध्यक्ष ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एक बदमाश को पिस्तौल और दो बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए। फरार बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।

### बिहार में एक साथ पांच बच्चों की मौत, स्नान करने के दौरान हुआ हादसा



**मुजफ्फरपुर।** जिले के कटरा प्रखंड से एक दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां कटरा प्रखंड के खंगुराडीह एवं बंधपुरा पंचायत के सीमा पर चौर मे गोरधुवा पुल के नजदीक डूबने से खंगुराडीह गाँव के पांच बच्चो की मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे अंचल अधिकारी और कटरा थाना की पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी बच्चे तालाब में नहाने के लिए गए थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने के दौरान पांचो डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे खेलने के लिए गांव के पास बने तालाब की ओर गए थे। इसी दौरान वे लोग नहाने लगे और नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। परिजन और स्थानीय लोग बच्चों को बचाने के लिए दौड़े,लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। सभी को आनन फानन में स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने पांचों को मृत घोषित कर दिया।

# अफेयर में युवक को घर में ही गोली मारी, मौत



पटना। बाढ़ थाना क्षेत्र के नवादा पंचायत स्थित लालाबागी में एक 16 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राज कुमार के रूप में हुई है। राज कुमार अपने निमार्णाधीन घर में सो रहा था। उसकी मां और बहन बगल में बने करकट के छोटे घर में थीं। सुबह जब परिजन राज को जगाने गए, तो उसका शव बिस्तर पर मिला। उसकी कनपटी में गोली लगी थी और बिस्तर पर खून बहा हुआ था। राज के पिता की 10 साल पहले सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो चुकी थी। सरकार से मिले मुआवजे से वह नया घर बना रहा था। पिछले साल चोरी की घटना के कारण निर्माण कार्य रुका हुआ था। मृतक की मां ने बताया कि दो महीना पहले लड़की के परिजनों ने प्रेमी जोड़े के भागने की जानकारी दी थी। लेकिन युवक घर में था। लड़की के परिजन पास के ही हैं। उस समय थाना में शिकायत करने से रोका था। उसका कहना था कि मामले की शिकायत करने से बेइज्जती होगी। लड़की बराबर उसके बेटे से मिलती थी। उसकी तस्वीर भी है। दोनों अगर शादी करते तो वह लड़की को स्वीकार कर लेती। एसडीपीओ-2 अभिषेक सिंह ने बताया कि युवक को गोली मारकर हत्या की गई है, प्रेम प्रसंग में हत्या करने की जानकारी मिली है। जिस लड़की से युवक प्रेम करता था, उसके भाई को यह रिश्ता पसंद नही था। इसी को लेकर उसके द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। गोली चलाने वाले की पहचान हो गई है, जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी। अन्य बिंदुओं पर जांच की जा रही है। एफएसएल को साक्ष्य के लिए सूचित किया गया है। घटना कारित करने वाले और सहयोग करने वाले सभी को गिरफ्तार किया जाएगा। पूछताछ के लिए लोगों को हिरासत में लिया जा रहा है।

# बांग्लादेश के रास्ते खाड़ी देशों में भेजी जाती हैं लड़कियां: बेगूसराय में 6 रेड लाइट एरिया

## ऑर्केस्ट्रा के नाम पर लाई जाती हैं, कीमत 1.5 लाख



**बेगूसराय।** 6 रेड लाइट एरिया है, जहां 250 घर हैं। इन घरों में देह व्यापार का धंधा फल-फुल रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस रेड लाइट एरिया में सिर्फ बिहार की नहीं, बल्कि झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और असम समेत अन्य राज्यों से लड़कियां को बहला फुसला लाया जाता है। इसकी कीमत डेढ़ लाख रुपए तक लगाई जाती है। लोकल दलाल का नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय दलालों तक फैला है। बेगूसराय से लड़कियों को पूर्णिया के रास्ते किशनगंज लाया जाता है। फिर चोरी-छिपे बांग्लादेश बॉर्डर पार कराया जाता है। इसके बाद खाड़ी देशों में लड़कियों को भेज दिया जाता है। खाड़ी देशों में कम उम्र की भारतीय लड़कियों की काफी डिमांड है, जिससे दलालों को मुंह मांगी कीमत दी जाती है। गिरोह की महिला सदस्य ट्रेन, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड जैसे भीड़-भाड़ वाली जगहों पर लड़कियों को अपना शिकार बनाती हैं। गिरोह में महिला सदस्य भी शामिल है। जिनका काम लड़कियों को बहला-फुसला कर रेड लाइट एरिया तक लाना होता है। इसके लिए गिरोह की महिलाएं ट्रेन, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड जैसे भीड़-भाड़ वाली जगहों पर खड़ी रहती है। ये उन लड़कियों को निशाना बनाती है, जो अकेली है या किसी मानसिक परेशानी से गुजर रही हैं। गिरोह की महिला उन लड़की से हमदर्द बनकर बात करती है, फिर उसे अच्छी जिंदगी का सपना दिखाकर रेड लाइट एरिया तक ले आती है। बेगूसराय में एक लड़की को रेस्क्यू किया गया था। पुलिस की पूछताछ में पता चला था कि धंधे से कुछ लड़के भी जुड़े होते हैं। जिनका कनेक्शन दलालों के साथ रहता है। ये लड़के पहले लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाते है। फिर लड़का दलाल से संपर्क करता है और लड़की को उसके हाथ सौंप देता है और रुपए लेकर फरार हो जाता है। इसके अलावा लड़कियों का अपहरण कर भी लाया जाता है। बेगूसराय में बखरी में 4 और बलिया में 2 रेड लाइट एरिया हैं। बखरी में आशा पोखर, इस्माइल नगर, सोनमा-सिमरी और नदैल घाट है। इस्माइल नगर से आशा पोखर की दूरी डेढ़ किमी है और नदेल घाट से आशा पोखर 3 किमी के डिस्टेंस पर है। इसके अलावा बलिया में सती चौड़ा और डंडारी ढ़ाला नूरजमापुर रेड लाइट एरिया है। जिला मुख्यालय से दोनों रेड लाइन एरिया की दूरी 12 किमी है। यहां लड़कियां कितने दिनों तक रहेगी ये फिक्स नहीं रहता है, मगर 8-9 महीने के बाद लड़कियों को दूसरे देश में भेज दिया जाता है। स्थानीय लोगों ने इस धंधे को बंद कराने का प्रयास किया। पुलिस प्रशासन ने दर्जनों बार छापेमारी की, लेकिन धंधा बंद नहीं हो सका है। देह व्यापार की सूचना पर इसी साल 27 जून को एसपी के निर्देश पर स्पेशल टीम बनी थी। उस वक्त नदैल घाट रेड लाइट एरिया में पुलिस ने छापेमारी की थी। पुलिस ने पिंटू खलीफा के घर पर रेड की, लेकिन पिंटू नहीं मिला। हालांकि एक नाबालिग के साथ उसकी पत्नी जागो देवी को गिरफ्तार किया। 27 जून को बरामद लड़की ने पुलिस को बताया था कि वो पटना की रहने वाली है। एक लड़के से लंबे समय से प्यार करती थी। 9 महीना पहले प्रेमी की बात पर विश्वास कर वह घर से भाग गई। मंदिर में जाकर शादी किया, लेकिन लव और सेक्स के बाद मेरा प्यार धोखेबाज निकल गया।

# राजगीर तैयार! बिहार में पहली बार होगा हीरो एशिया कप-2025



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प सभागार में हीरो एशिया कप-2025 के आधिकारिक शुभंकर चांद और ट्रॉफी का भव्य अनावरण किया। इसके साथ ही उन्होंने ट्रॉफी गौरव यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बता दें कि पुरुष हॉकी का यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट पहली बार बिहार में आयोजित होने जा रहा है। 29 अगस्त से 7 सितंबर 2025 तक इसका आयोजन राजगीर के अत्याधुनिक अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हीरो एशिया कप का आयोजन बिहार के लिए गौरव की बात है। इससे न केवल राज्य की खेल आयोजन क्षमता प्रदर्शित होगी बल्कि पर्यटन, कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी बिहार की छवि और सशक्त होगी। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजगीर में विश्वस्तरीय खेल परिसर का निर्माण बिहार के खेल विकास की दिशा में बड़ा कदम है। आधिकारिक शुभंकर ह्यचांदह्न भारत के राष्ट्रीय पशु बाघ से प्रेरित है, जो साहस और चपलता का प्रतीक है। इसका लाल लबादा शक्ति और उत्साह को दशार्ता है, जबकि जादूगर की टोपी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित करती है। ह्यचांदह्न नाम भी मेजर ध्यानचंद से प्रेरित है। यह शुभंकर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के गौरवशाली बाघ से भी जुड़ा है और अनुशासन, समर्पण एवं जीत के जज्बे को दशार्ता है। इस टूनार्मेंट में भारत, चीन, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, ओमान और बांग्लादेश की टीमें भाग लेंगी। विजेता टीम को सीधे हॉकी विश्व कप का टिकट मिलेगा। अब तक दक्षिण कोरिया ने सबसे अधिक पांच बार खिताब जीता है, जबकि भारत और पाकिस्तान तीन-तीन बार चैंपियन रहे हैं। खेल के प्रति उत्साह जगाने के लिए ट्रॉफी गौरव यात्रा 17 अगस्त से शुरू होकर बिहार के सभी जिलों के अलावा चेन्नई, चंडीगढ़, दिल्ली, ओडिशा, असम और झारखंड तक जाएगी।

# बाढ़ की विभीषिका हर साल....

## मेडिकल कालेज की घोषणा से आगे नहीं बढ़ी बात



**गोपालगंज।** गोपालगंज सदर विधानसभा क्षेत्र में ही मां थावे भवानी का दरबार आता है। मां थावे भवानी के दर्शन को आने वाले भक्त थावे की पिड़िकिया खाते हैं और उसे प्रसाद के रूप में लेकर भी जाते हैं। सदर विधानसभा सीट पर 17 वर्ष से भाजपा के सिंबल पर सुभाष सिंह विधायक रहे। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी कुसुम देवी को पार्टी ने प्रत्याशी बनाकर मैदान में उतारा। जनता ने उन्हें सहानुभूति लहर में वोट देकर विधायक बनाया। विधायक कुसुम देवी का दावा है कि उनके व उनके पति के कार्यकाल में विस क्षेत्र का विकास हुआ है। इसके बावजूद गोपालगंज सदर विधानसभा क्षेत्र में जो भी बड़ी समस्याएं थीं, वह लगभग बरकरार है। दियारा क्षेत्र गंडक नदी के कटाव से स्थाई समाधान की दिशा में कार्य नहीं किया गया। दियारा के करीब तीन दर्जन से अधिक गांव गंडक नदी के कटाव के कारण तबाह हो चुके हैं। इन गांवों के लोग जिले के अलग-अलग जगहों पर जाकर रह रहे हैं। विस क्षेत्र के लोग बाढ़ की विभीषिका हर साल झेलने को विवश होते हैं। जिले के थावे में बिहार सरकार की तरफ से मेडिकल कालेज बनाने की घोषणा की गई थी, लेकिन घोषणा से आगे बात नहीं बढ़ सकी है। लोगों को अब भी मेडिकल कालेज का इंतजार है। शहर से गुजरने वाली छाड़ी नदी के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा नहीं हुआ। 101 गोपालगंज विधानसभा क्षेत्र में गोपालगंज, थावे व उचकागांव प्रखंड के कुछ हिस्सों के साथ नगर परिषद क्षेत्र भी शामिल है। नगर परिषद क्षेत्र का भी समुचित विकास नहीं हो सका है। कई इलाकों में लोग आज भी जलजमाव के साथ नाला व सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। सदर विधायक कुसुम देवी को करीब तीन साल कार्य करने का मौका मिला है। उनके कार्यकाल में सदर अस्पताल में पांच सौ बेड का भवन, जादोपुर, बसडीला, सेमरा व बरईपट्टी में अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र, शहर में जाम की समस्या से निजात के लिए एलिवेटेड कारिडोर बनाने का कार्य किया गया है। इस अवधि में बंजारी मोड़ से थावे बाइपास का निर्माण कराया गया तथा तुरकाहां बाइबास का निर्माण प्रस्तावित है। सदर प्रखंड के रामपुर टेंगराही पंचायत, कटघरवा, जगीरी टोला, जादोपुर दुखहरण पंचायत सबसे अधिक गंडक नदी के कटाव से प्रभावित हैं। इन पंचायतों के अधीन आने वाले करीब चार दर्जन से अधिक गांव के लोग हर साल गंडक नदी के कटाव से अपने अपने घर को छोड़कर पलायन करते हैं। इस बीच विस्थापित होने वाले लोगों को बसाने के दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं किया गया। सदर विधानसभा सीट से विधायक रहे सुबाष सिंह के निधन के बाद वर्ष 2022 में हुए उप चुनाव में भाजपा की सिंबल पर चुनाव मैदान में उतरीं उनकी पत्नी कुसुम देवी निर्वाचित हुईं। सदर विधायक की तरफ से बीते तीन साल में थावे मंदिर का विकास का कार्य किया गया। मंदिर परिसर में दुकानों के अलावे भव्य गेट निर्माण व अन्य कई कार्य किए गए। इसके साथ ही एलिवेटेड कारिडोर, जो अधूरा था उसे भी पूर्ण कराया गया। सदर अस्पताल को नया भवन व अतिरिक्त स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया गया। सदर विधानसभा के बेहतर विकास को लेकर सदर विधायक कुसुम देवी की तरफ से कोईनी मोड़ से मीरगंज तक रिंग रोड बनाने की दिशा में प्रयास किया गया।



# फेसपैक रात के लिए

दलिया से बने फेसपैक को रात में आसानी से इस्तेमाल किया जा सकता है, जो काफी लाभप्रद होता है। इसे बनाने के लिए दो चम्मच दलिया लें। इसमें ऑयल की कुछ बूंद डालकर पेस्ट बना लें और इस पेस्ट में एक चम्मच शहद और 2-3 चम्मच नींबू का रस मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा लें। जब मिश्रण सूखने लगे तो स्क्रब कर लें बाद में निकाल दें। गर्म पानी से चेहरा धोएं।

## जब सिर में हो खारिश

केले में शहद मिला कर मसल लें। उसमें प्याज का रस मिक्स करें। फिर इसे बालों की जड़ों में लगा कर 20 मिनट तक छोड़ दें और बाद में शैंपू कर लें। इस मास्क से रूसी खत्म होगी। जै तून का तेल लें और उसे गरम करें। उसमें शहद की कुछ बूंदें डालें और उससे सिर की कुछ देर मसाज करें। बीस मिनट के बाद सिर को शैंपू से धो लें। खारिश दूर हो जाएगी।



# हाथों को सुंदर बनाने के टिप्स

*खूबसूरत हाथ सभी को आकर्षित करते हैं। अपने हाथों को सुंदर बनाने के लिए आप मैनिक्योंर करवा कर हाथों को हमेशा नर्म और मुलायम बना सकती हैं। हाथों को खूबसूरत बनाएं रखने के लिए जानें ये मेनिक्योंर टिप्स-*



हाथ रुखे होने पर आप इनमें तेज खुशबू वाला लोशन लगाएं।

अक्सर नेलपॉलिश हटाने के बाद नेल्स रुखे हो जाते हैं ऐसे में आप नेल रिमूवर में कुछ बूंदें जोजोबा ऑयल की डालें और इसे नेपॉलिया हटाने केबाद नाखूनों पर लगाएं।

नेलपॉलिश को ज्यादा दिनों तक फ्रेश बनाए रखने के लिए शीशी के मुंह पर क्यूटिकल ऑयल लगाएं और शीशी बंद कर दें।

गीले हाथों पर नेल फाइलिंग न करें, क्योंकि गीले होने पर नाखून कमजोर हो जाते हैं। नाखूनों को एक ही दिशा में फाइल करें नहीं तो वे टूट भी सकते हैं।



# घर सजाओ कुछ हटकर

**होम डेकोर में कुशन, कर्टन, बेड कवर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि इनसे आप कम समय में घर का मेकओवर कर सकती हैं, इसलिए अलग-अलग उत्सव के लिए खास कलेक्शन रखें।**

दीवारों पर सॉफ्ट कलर का पेंट है, तो एक्सेसरीज ब्राइट कलर की और दीवारों का कलर हाईलाइट करना हो, तो एक्सेसरीज सॉफ्ट रखें। घर का लुक अच्छा आता है।

पहले ही डिसाइड कर लें कि आपको कमरे का लुक एथनिक चाहिए या फिर मॉडर्न। इस बात को ध्यान में रखकर ही कमरे को सजाने की शुरूआत करनी चाहिए। कुशन और बेड कवर्स के साथ भी एक्सपेरिमेंट किया जा सकता है। अजकल मार्केट में कई तरह के कुशन कवर्स और बैड कवर्स उपलब्ध है जो आपके कमरे की सजावट को कॉम्प्लीमेंट करेगा। दीवारों पर भी रंग कुछ हटकर चुन सकते हैं। इससे कमरे की काया ही बदल जाएगी।





# डाइनिंग टेबल डेकोर

घर की शोभा बढ़ाने में डाइनिंग टेबल का भी बड़ा हाथ होता है। डायनिंग टेबल से लिविंग रूम की शोभा चार गुना बढ़ती है और अगर यह ठीक से अरेंज हो तो इसकी खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। डायनिंग टेबल सैट करते वक्त कुछ बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

1. डानइनिंग टेबल साफ रखें। अपनी डायनिंग टेबल को हमेशा साफ रखें। अगर आपके घर पर पार्टी है या फिर गेस्ट आने वाले हैं तो अपनी डायनिंग टेबल को पोंछ कर ही उस पर नैपकिंस और पल्ट्स सजाएं।

* डाइनिंग टेबल पर टेबल मैट ऐसा होना चाहिए चाहिए जो दिखने में खूबसूरत होने के साथ-साथ साफ करने में भी आसान हो।
* टेबल पर बीचों-बीच एक सेंटर पीस रख देने से टेबल पर रखें अन्य समान अपनी जगह पर ठीक से अरेंज हो जाएंगे। सेंटर पीस के रूप में आप फूलों का वास या शो पीस आदि रख सकती हैं। अगर आपको सेंटरपीस नहीं रखने का मन है तो आप वहां पर नैपकिन का सेट भी रख सकती हैं।
* कटलरी परोसे गए खाने के आइटम के हिसाब से होनी चाहिए। इसे बाहर से अंदर के हिसाब से रखना चाहिए।
* डाइनिंग टेबल पर ज्यादा भीड़ न लगाएं. डिनर के लिए अपने डायनिंग टेबल को यूजर फ्रेंडली बनाइए। वहां पर केवल वही चीजें रखें जिनकी जरूरत हों।

# बटुआ बना नया फैशन ट्रेंड





यह सच है कि फैशन हर पल बदलता रहता है। इन दिनों बटुओं को सबसे ज्यादा फैशन है। जहां पहले लड़कियां बड़े बैग्स कैरी करना पसंद करती थीं वहीं इन दिनों बड़े बैग की जगह उनके हाथों में छोटा बटुआ देखने को मिलता है। कमाल की बात यह है कि ये बटुए हर शेप, साइज और रंग में मिलते हैं। इन बटुओं की खासीयत यह है कि इन्हें आप हाथ में रख सकती है और साथ ही जब चाहें कंधे पर टांग भी सकती हैं।

यह हर ड्रेस के हिसाब से मैंचिग की जा सकती है।



अब आपको इंडियन आउटफिट पसंद हो या वेस्टर्न बटुआ हर ड्रेस के साथ मैच हो जाता है। बटुए अब हर तरह के मैटीरियल में उबलब्ध हैं। लैदर, रैक्सीन, जूट, कपड़े में यह मार्केट में पाए जाते हैं। एम्ब्रॉएडरी, सीक्वेंस वर्क, स्टोन वकआदि हर रूप में पाया जाता है। बटुआ हर एज ग्रुप को इम्प्रेस करता है। चहे फिर वह कॉलेज गोइंग गर्ल्स हो या फिर हाउसवाइफ या फिर वर्किंग वुमन। यह सबका फेवरेट है।



# शुभमन गिल हो सकते हैं बाहर, यशस्वी जायसवाल एशिया कप टीम में होंगे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ हालिया टेस्ट सीरीज में शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन के बावजूद भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप 2025 टीम में जगह बनाने से चूक सकते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं का मानना है कि गिल फिलहाल उनकी टी20 योजनाओं में फिट नहीं बैठते, जिससे टूर्नामेंट में उनका खेलना मुश्किल हो जाता है। संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित होने वाला एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होगा और टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। भारत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति मंगलवार, 19 अगस्त को मुंबई में टीम की घोषणा करेगी।

जानकारी के मुताबिक गिल की जगह यशस्वी जायसवाल को तीसरे सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने के लिए चुना जा सकता है। जायसवाल भारत की 2024 टी20 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे, लेकिन किसी भी मैच में नहीं खेले। हालांकि गिल के पक्ष में जायसवाल को हटाने के बारे में अनौपचारिक चर्चा हुई थी, लेकिन ऐसा लगता है कि इस सुझाव को खारिज कर दिया गया है। गिल ने आखिरी बार पिछले साल जुलाई में श्रीलंका सीरीज के दौरान भारत का प्रतिनिधित्व टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में किया था।


गिल ने गुजरात टाइटन्स के साथ ढ्क्क 2025 का सफल सीजन खेला जिससे सलामी बल्लेबाज के रूप में उनकी दावेदारी मजबूत हुई। फिर भी प्रबंधन संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की स्थापित सलामी जोड़ी को बनाए रखने के लिए उत्सुक है, जिन्होंने शीर्ष क्रम में अच्छा प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट के अनुसार गिल को शामिल करने के लिए तिलक वर्मा को हटाने पर भी चर्चा हुई थी, लेकिन आईसीसी टी20आई बल्लेबाजी रैंकिंग में वर्मा की दूसरे नंबर के बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में प्रभावशाली स्थिति को देखते हुए इसे अनुचित माना गया।

बीसीसीआई के एक सूत्र के हवाले से कहा गया, 'अगर गिल को शामिल किया जाता है, तो वह सीधे ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी करेंगे। अगर उन्हें कोई मैच नहीं मिलता है तो उन्हें टीम में रखने का कोई मतलब नहीं है। साथ ही यह संजू के साथ अन्याय होगा जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। अगर गिल टीम में आते हैं, तो संजू को टीम में जगह नहीं



मिल सकती है और जितेश शर्मा को एक मैच मिल सकता है।'

# चीन में आयोजित हुआ रोबोट ओलंपिक्स, जहां रोबोट बने मुक्केबाज, पहलवान और धावक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन पूरी दुनिया में अपनी टेक्नोलॉजी और अनोखे कामों के लिए जाना जाता है। इस कड़ी में चीन में द वर्ल्ड ह्यूमनॉइड रोबोट गेम्स का आयोजन हुआ। जिसमें 16 देशों की 280 टीमों ने हिस्सा लिया। इस इवेंट में करीब 500 रोबोट्स ने टेबल टेनिस, फुटबॉल, बॉक्सिंग और एथलैटिक्स के कई गेम्स खेले जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी जुटे। वहीं ये आयोजन करीब 4दिन चला और रविवार को इसका समापन हुआ।

दरअसल, दुनिया भर में रोबोट्स और आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस को लेकर उत्सुकता है। तेजी से रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और एआई का विकास हो रहा है। वहीं चीन ने इस मामले में भी छलांग लगाते हुए दुनिया को अचरज में डाल दिया है। चीन में हुए इस रोबोट ओलंपिक्स ने पूरी दुनिया को रोमांचित किया है। इस आयोजन को ह्यूमनॉयड रोबोट गेम्स नाम दिया गया है, जिसे रोबोट ओलंपिक्स भी कहा जा रहा है।

अक्सर फुटबॉल मैदान पर दिग्गज फुटबॉलर रोनाल्डो, मेसी, बेकहम जैसे खिलाड़ियों को गोल करते हुए देखा गया है। लेकिन इस बार चीन में रोबोट्स ने भी फुटबॉल मैच खेला। इस दौरान इनके दांव देखने वालों की भीड़ जमकर तालियां बजाती दिखीं।

# वैभव सूर्यवंशी को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल करें, पूर्व मुख्य चयनकर्ता ने किया समर्थन



**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता क्रिस श्रीकांत ने आगामी एशिया कप 2025 के लिए 14 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में शामिल करने का सुझाव दिया है। श्रीकांत का मानना है कि जब असाधारण प्रतिभा और फॉर्म मौजूद हो, तो उम्र कोई बाधा नहीं बननी चाहिए।

अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति 19 अगस्त को मुंबई में बैठक करेगी जिसमें 9 से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाले टी20 एशिया कप के लिए भारतीय टीम को अंतिम रूप दिया जाएगा। भारत का पहला मैच 10 सितंबर को है, इसलिए चयनकर्ता कुछ कठिन फैसले लेने की तैयारी में हैं जिनमें श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा और रियान पराग जैसे नाम शामिल हैं। इस बीच श्रीकांत द्वारा सूर्यवंशी को सीनियर टीम में जल्द ही शामिल करने के फैसले ने चयन प्रक्रिया को एक नया आयाम दिया है।

सूर्यवंशी ने 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल में पदार्पण किया। सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक जड़कर IPL इतिहास में किसी भी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक बनाया। उन्होंने अपनी इसी फॉर्म को भारत के अंडर-19 इंग्लैंड दौरे तक जारी रखा, जहां उन्होंने 5 मैचों में 355 रन बनाए जिसमें चौथे वनडे में 143 रन की पारी भी शामिल है।

श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'आपको निडर होकर खेलना होगा। उसे इंतजार मत करवाइए। उसे परिपक्व होने दीजिए जैसी बातें मत कहिए। वह पहले से ही उल्लेखनीय परिपक्वता के साथ खेल रहा है। उसकी शॉट-मेकिंग एक अलग ही स्तर की है। अगर मैं अध्यक्ष होता, तो मैं उसे अंतिम 15 में शामिल करता।'

# साउथ अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया: टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन का तोहफा, क्वेना मफाका-डेवाल्ड ब्रेविस वनडे टीम में शामिल

**केर्न्स (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में चमक बिखेरने वाले क्वेना मफाका और डेवाल्ड ब्रेविस को साउथ अफ्रीका की वनडे टीम में शामिल किया गया है। वनडे सीरीज की शुरुआत से पहले साउथ अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,÷जब आप युवा खिलाड़ियों को देखते हैं, तो यह हमेशा रोमांचक होता है। जाहिर है कि ब्रेविस पर ही सभी की निगाहें हैं। वह अपना दमखम दिखा रहे हैं। अपनी क्षमता दिखा रहे हैं। मैं यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि वह वनडे में कितना कमाल दिखा सकते हैं।÷

19 वर्षीय तेज गेंदबाज क्वेना मफाका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में नौ विकेट अपने नाम किए थे। पहले मैच में उन्होंने 20 रन देकर चार विकेट हासिल किए। अगले मुकाबले में 57 रन देकर तीन शिकार किए। तीसरे मैच में मफाका ने 36



रन देकर दो विकेट चटकाए। वहीं, डेवाल्ड ब्रेविस ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने तीन पारियों में 90 की औसत के साथ 180 रन बनाए।

ब्रेविस सीरीज के पहले मैच में सिर्फ दो ही रन बना सके थे, जिसके बाद उन्होंने अगले मुकाबले में नाबाद 125 रन की पारी खेली। तीसरे और निर्णायक मैच में ब्रेविस के बल्ले से 53 रन निकले। अब दाएं हाथ के इस बल्लेबाज को वनडे फॉर्मेट में डेब्यू का मौका मिला है। ऑस्ट्रेलिया-साउथ अफ्रीका के बीच 19 अगस्त से वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। पहला मैच केर्न्स में खेला जाना है, जिसके बाद 22 अगस्त को मैके में दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा। सीरीज का तीसरा और अंतिम मुकाबला भी मैके में 24 अगस्त को आयोजित होगा।

वनडे सीरीज के लिए साउथ टीम- टेंबा बावुमा (कप्तान), कॉर्बिन बॉश, मैथ्यू ब्रीत्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, नंद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, एडेन मार्करम, क्वेना मफाका, सेनुरन मुथुसामी, केशव महाराज, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और प्रेनेलन सुब्रायन।

# नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में डायमंड लीग 2025 फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

नई दिल्ली। मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम स्टैंडिंग के अनुसार स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में होने वाली डायमंड लीग 2025 फाइनल में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने सिलेसिया डायमंड लीग में भाग नहीं लिया था, लेकिन इस वर्ष दो डायमंड लीग मैचों में 15 अंक हासिल करने के साथ वह 27 और 28 अगस्त को स्विट्जरलैंड में होने वाले ग्रैंड फाइनल के लिए पहले ही स्थान बना चुके हैं। 2025 डायमंड लीग चैंपियन का फैसला करने के लिए पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा 28 अगस्त को आयोजित की जाएगी। इस सीजन में अपने दो डायमंड लीग मुकाबलों में 27 वर्षीय भारतीय एथलीट ने पेरिस चरण में 88.16 मीटर के थ्रो के साथ जीत हासिल की, जबकि दोहा में उन्होंने 90.23 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर स्वर्ण पदक जीता था। चोपड़ा और वेबर दोनों 15 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जबकि त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कॉट तीन स्पर्धाओं में 17 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। 2012 लंदन ओलंपिक चैंपियन वाल्कॉट सिलेसिया में 82.54 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और ब्राजील के लुईज मौरिसियो दा सिल्वा के भी ज्यूरिख में होने वाले ग्रैंड फाइनल में जगह बनाने की उम्मीद है। नीरज चोपड़ा ने अभी तक ज्यूरिख डायमंड लीग फाइनल में अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है।

# बुमराह 24 कैरेट सोना है, उनके जैसा कोई गेंदबाज नही: पूर्व भारतीय क्रिकेटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने जसप्रीत बुमराह का समर्थन किया है। बुमराह की हाल के दिनो में लगातार आलोचना हो रही है। बुमराह आखिरी बार इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचो की टेस्ट सीरीज में खेले थे। जहा उन्होंने तीन मैच खेले। लेकिन अपने कार्यभार को नियंत्रित करने के लिए अंतिम मैच नही खेल पाए। उस समय भारत 1-2 से पिछड़ रहा था। ऐसे में उनकी अनुपस्थिति ने प्रशंसको और विशेषज्ञो के बीच व्यापक बहस छेड़ दी थी।

आकाश चोपड़ा ने आलोचको को इस तेज गेंदबाज पर अनावश्यक दबाव डालने के प्रति आगाह किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बुमराह एक दुर्लभ प्रतिभा है और उनके करियर को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें सावधानी से संभाला जाना चाहिए।उन्होंने कहा, 'बुमराह जैसा कोई गेंदबाज नही है। उन्हें जबरदस्ती जल्दी रिटायरमेंट के लिए मजबूर न करें क्योंकि वह 24 कैरेट शुद्ध सोना है। वह कोहिनूर हीरा है। वह जितना ज़्यादा खेलेंगे, उतना ही बेहतर होगा। मुझे नहीं लगता



कि वह ज़्यादा टेस्ट क्रिकेट खेलेंगे। लेकिन मैं कहूगा कि जब तक वह खेलने चाहे, तब तक खेलते रहे।'चोपड़ा ने आगे कहा, 'ईमानदारी से कहू तो मुझे नहीं लगता कि वह सभी टेस्ट मैच खेलेंगे। वह अपनी पसंद के हिसाब से खेलेंगे। सही है या गलत, यह कोई नैतिक बहस का विषय नही है। अगर आपके पास उस स्तर का कोई खिलाड़ी उपलब्ध है, तो उसे जब भी मौका मिले, खिलाए।'

# फिट और बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ही प्राथमिकता दें : मांजरेकर

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर का मानना है कि भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अगर लगातार दो से अधिक मैच नहीं खेल सकते तो उन्हें मुख्य गेंदबाजी आक्रमण में जगह न देते हुए आराम दिना चाहिये। मांजरेकर के अनसार फिट और बेहतर प्रदर्शन करने के इच्छुक खिलाड़ियों को ही पहले प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि मेरे लिए, मैच फिट, उत्साही, और प्रदर्शन करने के इच्छुक खिलाड़ी पहले आते हैं और इन्हें बड़े खिलाड़ियों से पहले टीम में जगह देनी चाहिये। मांजरेकर ने ये बातें बुमराह के कार्यभार प्रबंधन के कारण टीम के लिए लगातार उपलब्धि न रहने को देखते हुए कही है। बुमराह हाल में समाप्त हुई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में केवल तीन मैच ही खेले। ये भी संयोग रहा कि जिन मैचों में भी वह शामिल नहीं थे। उसमें टीम को जीत मिली। मांजरेकर ने इसी को लेकर कहा, 'खेल हमेशा हमें आईना दिखाएगा, चाहे हम चीजों को कितना भी बेहतर बताने का प्रयास करें। भारत ने जिन दो टेस्ट मैचों में जीत हासिल की, वे दो मैच थे जिनमें बुमराह नहीं खेले इस सीरीज ने उन्हें और हमें भी एक बड़ा सबक सिखाया है, भारत ने जिन दो टेस्ट जीत हासिल कीं उसमें युवा खिलाड़ी ही शामिल थे। संजय ने आगे कहा, 'इस बार टीम में विराट कोहली, रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी नहीं थे। इसने हमें खेल ने बताया कि इसी तरह भारत को बुमराह को संभालना चाहिए। अगर वह लगातार दो से अधिक मैच नहीं खेल सकते या कभी-कभी एक से भी अधिक नहीं खेल सकते, तो उन्हें मुख्य टीम में नहीं होना चाहिए।'



# ईशान किशन दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम की सलाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन दलीप ट्रॉफी के पूर्वी क्षेत्र के पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि वह वर्तमान में यूके में नॉटिंघमशायर के साथ काउंटी क्रिकेट के दौरान लगी चोट से उबर रहे हैं। 28 नवंबर से शुरू होने वाले इस मुकाबले के लिए किशन की जगह पूर्वी क्षेत्र की टीम में ओडिशा के आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। किशन को चोट के कारण कई टांके लगाने पड़े, यही वजह है कि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले ऋषभ पंत की जगह नहीं चुना गया था, क्योंकि सुपरस्टार बल्लेबाज पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे। आखिरकार, ध्रुव जुरेल के बैकअप के रूप में तमिलनाडु के नारायण जगदीशन को उनकी जगह लिया गया।



किशन की चोट गंभीर नहीं है क्योंकि पूर्वी क्षेत्र के लिए अभियान के पहले मैच में न खेल पाना एहतियाती कदम है क्योंकि वह अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो चार दिवसीय मैच खेलने वाली भारत ए टीम में शामिल होने के लिए दौड़ में हो सकते हैं। किशन बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) में अपनी रिकवरी और मूल्यांकन जारी रखेंगे। कुमार कुशाग्र उनकी जगह पहली पसंद के विकेटकीपर के रूप में खेल सकते हैं।

इसके अलावा पूर्वी क्षेत्र को तेज गेंदबाज आकाश दीप की सेवाएं भी नहीं मिलेंगी क्योंकि उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उनकी चोट या अन्य परेशानी को लेकर कोई जानकारी नहीं है। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर जहां वह पीठ दर्द के कारण चौथे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे, उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 13 विकेट लिए थे, जिसमें बर्मिंघम में 10 विकेट भी शामिल है और उन्होंने ओवल में अंतिम टेस्ट मैच में एक शानदार अर्धशतक भी बनाया था। असम के मुख्तार हुसैन ने अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम में उनकी जगह ली है।

ईस्ट जोन अपने अभियान की शुरुआत शुभमन गिल की अगुवाई वाले नॉर्थ जोन के खिलाफ स्टेडियम में करेगा। रियान पराग, ईश्वरन को उप-कप्तान के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। टीम में मोहम्मद शमी भी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले दो सालों में सिर्फ एक प्रथम श्रेणी मैच खेला है और मुकेश कुमार भी।

### दलीप ट्रॉफी के पहले मैच के लिए ईस्ट जोन की टीम

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), आशीर्वाद स्वैन (विकेट कीपर), संदीप पटनायक, विराट सिंह, दानिश दास, श्रीदम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेट कीपर), रियान पराग (उप-कप्तान), उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन और मोहम्मद शमी।

# सैंटोस की करारी हार से टूटे स्टार फुटबॉलर नेमार, बीच मैदान पर फूट-फूटकर रोने लगे

ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार को अपने पेशेवर क्लब करियर की सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी जिसके बाद वो टूट गए। इस दौरान वह फूट-फूटकर रोते दिखे। सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी ए मैच में वास्को दा गामा के हाथों 0-6 से हार झेलनी पड़ी। दूसरे हाफ में 6 में से 5 गोल दागे जाने के बाद सदमे में डूबे नेमार फुल टाइम के बाद रोते दिखे। इस जीत के साथ 16वें स्थान पर काबिज वास्को दा गामा का सैंटोस से दो अंक पीछे 19 अंक रह गया। दोनों क्लब चार टीमों वाले रीलोगेशन जोन से बस थोड़ा आगे थे। लुकास पिटोन के शुरुआती गोल के बाद लिवरपूल और बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड कॉटिन्हो ने दूसरे हाफ में वास्को के लिए दो गोल किए। डेविड कोरेया डी फोंसेका, रेयान और डैनिलो नेवेस के गोल ने बेहतरी स्कोरलाइन को और मजबूत किया। नेमार को सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य और वास्को दा गामा के मुख्य कोच फर्नांडो डिनिज ने सांत्वना दी जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर वापस लौट रहे थे। सैंटोस ने परिणाम पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और मैदान की ओर पीठ करके विरोध जताया। इस अपमानजनक हार के परिणामस्वरूप मुख्य कोच क्लेबर जेवियर को तत्काल बर्खास्त कर दिया गया। इस दौरान नेमार ने कहा कि, मुझे शर्म आ रही है। मैं हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह निराश हूं। फैंस को विरोध करने का पूरा अधिकार है जाहिर है बिना हिंसा के... लेकिन अगर वे गाली देना और अपमान करना चाहते हैं तो उन्हें पूरा हक है। नेमार ने आगे कहा कि, ये बेहद शर्मिंदगी का एहसास है। मैंने जिंदगी में ऐसा पहले कभी नहीं देखा। बदकिस्मती से ऐसा हुआ। आंसू गुस्से से थे। बदकिस्मती से मैं किसी भी तरह से मदद नहीं कर सकता। खैर ये पूरी तरह से बकवास था। यही सच्चाई है। जले पर नमक छिड़कते हुए नेमार को इस सत्र का तीसरा येलो कार्ड भी मिला। इससे वह बहियो खिलाफ अगले मैच से बाहर हो गए।



# सिनसिनाटी ओपन : मेक्टिक-राजीव ने जीता मेंस डबल्स खिताब, डाब्रोव्स्की-राउटलिफ ने विमेंस डबल्स में मारी बाजी

सिनसिनाटी। सिनसिनाटी ओपन के मेंस डबल्स में निकोला मेक्टिक-राजीव राम ने लोरेंजो मुसेट्टी-लोरेंजो सोनेगो को शिकस्त देकर बतौर जोड़ी अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है। साल के अपने तीसरे ही इवेंट में एक साथ अपना पहला टूर-स्तरीय फाइनल खेलते हुए मेकटिक-राम की जोड़ी ने 90 मिनट तक चले मुकाबले में इतालवी जोड़ी को 4-6, 6-3, 10-5 से शिकस्त देकर बतौर टीम अपनी पहली ट्रॉफी जीती। 41 साल 4 महीने की उम्र में राजीव राम सिनसिनाटी में ओपन एरा के दूसरे सबसे उम्रदराज मेंस डबल्स चैंपियन बन गए हैं। इस मामले में उनसे आगे 42 वर्षीय डेनियल नेस्टर हैं, जिन्होंने 2015 में एडवर्ड रोजर-वेसलिन के साथ यह खिताब जीता था। फाइनल में पहुंचकर मेक्टिक उन चुनिंदा सक्रिय डबल्स खिलाड़ियों में शामिल हो गए, जिन्होंने सभी नौ एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स फाइनल खेले। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ रोहन बोपन्ना और माटे पाविक के नाम थी। वहीं दूसरी ओर, विमेंस डबल्स फाइनल में गैब्रिएला डाब्रोव्स्की-एरिन राउटलिफ ने गुओ हान्यू-एलेक्जेंड्रा पानोवा को 6-4, 6-3 से शिकस्त देकर बतौर जोड़ी अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीत लिया। सिनसिनाटी की यह जीत इस सीजन उनका दूसरा और बतौर जोड़ी कुल छठा खिताब है। इस जीत के बाद डब्ल्यूटीए डबल्स रैंकिंग में राउटलिफ सातवें नंबर पर बनी रहेंगी। वहीं, डाब्रोव्स्की पांच स्थान की छलांग लगाकर नंबर 8 पर पहुंच जाएंगी। डाब्रोव्स्की-राउटलिफ ने दो साल पहले मॉन्ट्रियल में पहली बार जोड़ी बनाई थी, जिसके बाद दोनों ने मिलकर पांच खिताब जीते। इनमें यूएस ओपन और डब्ल्यूटीए फाइनल शामिल हैं। इस दौरान जोड़ी ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी हासिल की। यह सिनसिनाटी में राउटलिफ का लगातार दूसरा खिताब है।



# कपिल बैंसला ने एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरियाणा के पलवल के कपिल बैंसला ने कजाकिस्तान के श्यामकेंट में चल रही 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष जूनियर फाइनल में 243.0 का स्कोर बनाया और उज्बेकिस्तान के इल्खोमबेक ओबिदजोनोव को 0.6 अंक से पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर रहे।

कपिल के हमवतन जोनाथन गेविन एंटनी ने 220.7 अंक बनाकर कांस्य पदक जीता, लेकिन 24 शॉट के फाइनल में 22वें शॉट के बाद बाहर हो गए। इससे पहले कपिल ने क्वालीफिकेशन में 579 अंक बनाकर चौथा स्थान हासिल किया था और जोनाथन के साथ शीर्ष आठ में जगह बनाई थी। जोनाथन 582 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे। मुकेश नेलावली जोनाथन से केवल दो इनर 10 अंक कम थे और तीसरे स्थान पर रहे।

इस तरह फाइनल में तीन भारतीय खिलाड़ी पहुंच गए। कोरियाई खिलाड़ी किम डूयोन ने भी 582 अंक हासिल करके शीर्ष स्थान हासिल किया, लेकिन जोनाथन की तुलना में आंतरिक 10-रिंग में कम से कम छह शॉट ज्यादा लगाए। इल्खोमबेक फाइनल में सबसे तेज रहे, कपिल लगातार उनका पीछा करते रहे और फिर 15वें शॉट के बाद पहली बार उनसे आगे निकल गए। उज्बेक खिलाड़ी ने 20वें शॉट के बाद बढ़त हासिल कर ली और अंतिम दो में कपिल से पूरे एक अंक आगे थे।

इसके बाद युवा भारतीय खिलाड़ी ने 10.8 और 10.6 अंक हासिल किए जबकि इल्खोमबेक ने 10.4 अंक हासिल करने के बाद 23वें शॉट में 9.4 अंक हासिल किए और कपिल को खिताब दिला दिया। कपिल और जोनाथन ने विजय तोमर के साथ मिलकर कुल 1723 अंक हासिल करके इस स्पर्धा का टीम रजत पदक जीता। कोरिया ने 1734 अंक के साथ स्वर्ण और मेज़बान कजाकिस्तान ने कांस्य पदक जीता।

सीनियर पुरुष वर्ग के फाइनल में एकमात्र भारतीय अनमोल जैन 155.1 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे। चीन के हू काई ने स्वर्ण पदक जीता जबकि चीन ने इस स्पर्धा में टीम स्पर्धा का स्वर्ण भी जीता। अनमोल ने आदित्य मालरा और सौरभ चौधरी के साथ मिलकर 1735 अंकों के संयुक्त प्रयास से टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता। इस प्रकार भारत ने पहले दिन का अंत एक स्वर्ण और दो रजत पदक के साथ किया, जबकि दूसरे दिन मंगलवार को महिला और जूनियर महिला एयर पिस्टल के फ़ाइनल निर्धारित समय पर खेले जाने थे।



# डब्ल्यूडब्लयूई चैम्पियन लोगन पॉल की नेटवर्थ करोड़ों में पहुंची

सेन डियागो । मॉडल नीना अगडल से शादी करने वाले डब्ल्यूडब्लयूई के अमेरिकी चैम्पियन लोगन पॉल करोड़ों की संपत्ति के भी मालिक हैं। लोगन ने रेसलर के साथ ही यूट्यूबर के तौर पर भी काम करके मोटी कमाई की है। उनकी नेटवर्थ करोड़ों में पहुंच गयी है। लोगन डब्ल्यूडब्लयूई के अलावा प्राइम हाइड्रेशन, यूट्यूब चैनल और स्पॉन्सरशिप से से भी कमाई करते हैं। उनकी कुल संपत्ति लगभग 150 मिलियन डॉलर है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, यूट्यूब से उनकी अनुमानित मासिक आय 300,000 डॉलर से 600,000 डॉलर के बीच है। वह 2017, 2018 और 2021 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले यूट्यूबर भी थे। उनका पॉडकास्ट भी बहुत लोकप्रिय है। वह अक्सर पॉडकास्ट पर डब्ल्यूडब्लयूई के आंकड़े पेश करते हैं, जिससे भी इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। इसके अलावा, उनके पास अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर 90 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जिससे उन्हें कमाई करने और स्पॉन्सरशिप डील हासिल करने में सहायता मिलती है। एक अनुमान के अनुसार वह वह प्रायोजकों से किये करार से हर महीने 150,000 डॉलर से 300,000 डॉलर कमाते हैं।



## टोल प्लाजा कर्मियों ने कहासुनी पर सेना के जवान से की मारपीट, वीडियो वायरल

मेरठ (एजेंसी)। यूपी के मेरठ के टोल प्लाजा पर एक मारपीट का वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो सरूरपुर थाना क्षेत्र के भुनी टोल प्लाजा का बताया जा रहा है। आरोप है कि यहां टोल कर्मियों ने एक सेना के जवान के साथ मारपीट और गाली-गलौज की। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये पूरा मामला रविवार रात का मेरठ के सरूरपुर थाना क्षेत्र के भुनी टोल प्लाजा का है। यहां पास के ही एक गांव का रहने वाले कपिल सेना में पदस्थ है। उनकी तैनाती जम्मू-कश्मीर में है। बताया जाता है कि कपिल कार से अपने दोस्त के साथ दिल्ली जा रहा थे और जब वह करनाल हाइवे पर भुनी टोल प्लाजा पर पहुंचे तो टोल पर जाम और टोल फीस को लेकर टोलकर्मियों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया जिसके बाद टोल कर्मियों ने सेना के जवान की जमकर पिटाई कर दी। वीडियो में देखा जा सकता है कि जवान की लात, घूंसों और डंडे से पिटाई की जा रही है। वहीं, इस दौरान एक टोलकर्मी ने तो मारने के लिए ईंट उठा रखी है। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ देर बाद कपिल पक्ष के लोग भी पहुंच गए और जमकर हंगामा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## दिल्ली में डीपीएस समेत कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराए गए भवन

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। स्कूल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी और आनन फानन में स्कूलों को खाली कराया गया। जानकारी के मुताबिक जिन स्कूकों को बम की धमकी दी गई है उनमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, श्रीराम वर्ल्ड स्कूल और मॉर्डन स्कूल शामिल हैं। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ते के साथ दमकल विभाग की टीमें भी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई हैं। एहतियातन स्कूलों को खाली कराकर सभी छात्रों को वापस घर भेज दिया गया है। बता दें कि स्कूल-कॉलेजों को बम की धमकी मिलने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इस साल अब तक कई बार दिल्ली समेत देशभर के कई स्कूल-कॉलेज और हवाईअड्डों को ऐसी धमकियां मिल चुकी है। हालांकि, हर बार यह धमकी महज अफवाह ही साबित हुई हैं ।दिल्ली पुलिस के अनुसार, दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका, मॉडर्न कॉन्वेंट स्कूल और सेक्टर 10, द्वारका स्थित श्रीराम वर्ल्ड स्कूल को एक ईमेल आईडी के जरिये धमकी मिली। सुरक्षा उपाय के तौर पर, स्कूलों को तुरंत खाली करा लिया गया। पुलिस और बम निरोधक दस्ते के साथ दमकल विभाग की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं। पुलिस की टीमें सभी स्कूलों में गहनता से तलाश जारी है ।हालांकि पिछली दो बम धमकियां अफवाह निकलीं, सुरक्षा एजेंसियां आज की सूचना को गंभीरता से ले रही हैं और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन कर रही हैं। अभी तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

## गुजरात में निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर आप तैयारियों में जुटी

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात में आगामी निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) तैयारियों में जुट गई है। गुजरात में आगामी निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। इस बीच आप गुजरात के सभी पंचायत और निकाय चुनावों को पूरे दमखम से लड़ने के लिए तैयार है। पार्टी ने सोमवार को राज्य में आगामी निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर सभी पंचायतों और निकायों में अपने उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। गुजरात में आप के प्रदेश अध्यक्ष इशुदान गढ़वी ने प्रदेश के युवाओं को उम्मीदवार बनने के लिए आमंत्रित किया है।

## टोल प्लाजा कर्मियों ने कहासुनी पर सेना के जवान से की मारपीट, वीडियो वायरल

मेरठ (एजेंसी)। यूपी के मेरठ के टोल प्लाजा पर एक मारपीट का वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो सरूरपुर थाना क्षेत्र के भुनी टोल प्लाजा का बताया जा रहा है। आरोप है कि यहां टोल कर्मियों ने एक सेना के जवान के साथ मारपीट और गाली-गलौज की। वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये पूरा मामला रविवार रात का मेरठ के सरूरपुर थाना क्षेत्र के भुनी टोल प्लाजा का है। यहां पास के ही एक गांव का रहने वाले कपिल सेना में पदस्थ है। उनकी तैनाती जम्मू-कश्मीर में है। बताया जाता है कि कपिल कार से अपने दोस्त के साथ दिल्ली जा रहा थे और जब वह करनाल हाइवे पर भुनी टोल प्लाजा पर पहुंचे तो टोल पर जाम और टोल फीस को लेकर टोलकर्मियों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया जिसके बाद टोल कर्मियों ने सेना के जवान की जमकर पिटाई कर दी। वीडियो में देखा जा सकता है कि जवान की लात, घूंसों और डंडे से पिटाई की जा रही है। वहीं, इस दौरान एक टोलकर्मी ने तो मारने के लिए ईंट उठा रखी है। पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कुछ देर बाद कपिल पक्ष के लोग भी पहुंच गए और जमकर हंगामा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## लोगों से लाखों की धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले छह साइबर आरोपी गिरफ्तार

नूंह (एजेंसी)। हरियाणा के नूंह जिले में तीन अलग-अलग मामलों में लोगों से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में पुलिस ने छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, फर्जी सिम कार्ड, एटीएम कार्ड और अन्य डिजिटल उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक दो भाइयों को नटराज पेंसिल कंपनी के नाम पर घर बैठे काम दिलाने का झांसा देकर ठगी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। इन मोबाइल फोन पर दोनों भाइयों ने राजीव सिंह और पूजा देवी के नाम से फर्जी व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट बना रखे थे। एक अन्य मामले में, फिरोजपुर धाहर गांव के एक अन्य आरोपी को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

# उपराष्ट्रपति के पद पर राधाकृष्णन की जीत लगभग तय, विपक्ष के लिए खड़ी हुईं चुनौतियां

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगले माह 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति का चुनाव होने जा रहा है। इसके लिए एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है। वोटों की संख्या के आधार पर माना जा रहा है कि राधाकृष्णन की जीत लगभग तय है। इसके बाद भी विपक्ष संभवता अपना उम्मीदवार उतार सकता है। इससे पहले विपक्षी गठबंधन के सामने कई तरह की चुनौतियां खड़ी हो गई है। एनडीए का कहना है कि विपक्ष से बात करके उनका समर्थन मांगेंगे। कोशिश करेंगे कि चुनाव निर्विरोध हो जाए।

वहीं जानकारों का मानना है कि एनडीए के इस दांव से विपक्षी दलों के सामने कुछ चुनौतियां जरुर खड़ी हुई हैं। खासतौर से तमिलनाडू में डीएमके के लिए। जहां ओबीसी के नेता का विरोध करना इनके लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। इसी तरह दूसरे दलों को भी विरोध करने में ओबीसी फैक्टर दिक्कतें खड़ीं कर सकता है। वहीं सूत्रों के अनुसार, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को कॉल कर एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के लिए समर्थन मांगा है। एनडीए के नेताओं ने खुलकर समर्थन का ऐलान भी किया है। बीजेपी चाहती है कि विपक्ष के साथ आम सहमति बन जाए ताकि चुनाव न कराना पड़े। इसलिए राजनाथ सिंह विपक्ष से बातचीत में लग गए हैं। खरगे का क्या जवाब रहा, इस पर कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।



### जीते के लिए चाहिए 391 वोट

543 सदस्यीय लोकसभा में 542 सदस्य अभी मौजूद, बंगाल की एक सीट खाली है। इसी तरह 245 सदस्यीय राज्यसभा में 6 सीटें खाली, जिनमें से 4 जम्मू-कश्मीर, 1 पंजाब और 1 झारखंड से हैं। और 239 वोट हैं। इस तरह कुल 781 वोट होंगे उपराष्ट्रपति चुनाव में होंगे। इसमें एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन की स्थिति को देखें तो 293 सदस्यों का लोकसभा में और 129 का राज्यसभा में समर्थन प्राप्त है। इस तरह 422 सदस्य राधाकृष्णन के समर्थन में होंगे, जिससे उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है।

## राहुल गांधी का समर्थन कर प्रशांत किशोर ने दी चुनाव आयोग को चुनौती

पटना (एजेंसी)। जन सुराज के संस्थापक और पूर्व चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (पीके) ने हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में आकर चुनाव आयोग (ईसीआई) को चुनौती दी है। यह मामला तब सामने आया जब मुख्य चुनाव आयुक्त ने राहुल गांधी द्वारा लगाए गए मतदाता सूची से संबंधित आरोपों को निराधार बताकर उन्हें अपने दावों का सबूत देने के लिए 7 दिन की मोहलत दी, अन्यथा पूरे देश से माफी मांगने की बात कही। इस पर प्रशांत किशोर ने कहा कि चुनाव आयोग को आरोपों का बिंदुवार जवाब देना चाहिए, बजाय इसके कि वह राहुल गांधी से माफी मांगने के लिए कह दें। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाकर कहा कि अगर राहुल गांधी चुनाव आयोग की बात नहीं मानते हैं, तब चुनाव आयोग क्या कर लेगा? पीके ने इस मुद्दे को राहुल गांधी बनाम चुनाव आयोग बनाने के बजाय, सार्वजनिक डोमेन में मौजूद जानकारी के रूप में देखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को खुद ही इन मामलों की जांच करनी चाहिए और जांच के बाद बिंदुवार उत्तर देना चाहिए। प्रशांत किशोर ने चुनाव आयोग से फॉर्म 20, फॉर्म 19 और फॉर्म 6 जैसे डिजिटल डेटा को सार्वजनिक करने की मांग की। उन्होंने चुनाव आयोग के प्राइवेसी के तर्क को खारिज कर कहा कि ऐसा करना लोगों को बेवकूफ बनाने जैसा है। पीके ने यह भी स्पष्ट किया कि राहुल गांधी ने मतदाताओं को चोर नहीं कहा है, बल्कि उन्होंने चुनाव आयोग पर आरोप लगाए हैं।



## जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश की चेतावनी, 11 जिलों में हाई अलर्ट जारी

**– प्रशासन ने नहरों, नालों और पुरानी इमारतों के आसपास न जाने की दी हिदायत**



जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में बारिश से हालात बिगड़ते ही जा रहे हैं। प्रशासन ने अगले 56 घंटे तक हाई अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने 18 और 19 अगस्त को भारी बारिश की आशंका जताई है। इसके चलते जम्मू संभाग में सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। वहीं वैष्णो देवी यात्रा भी रोक दी है और पहाड़ी इलाकों में लोगों की आवाजाही पर प्रतिबंधित लगा दिया है। प्रशासन ने नहरों, नालों और पुरानी इमारतों के आसपास न जाने की सख्त हिदायत दी है। निचले इलाकों में रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश दिया है।

मौसम विभाग ने जम्मू संभाग और कश्मीर के 11 जिलों जिसमें जम्मू, रियासी, उधमपुर, राजौरी, पुंछ, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के कुछ हिस्सों में बादल फटने और लैंडस्लाइड की चेतावनी जारी की है। प्रशासन ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और सेना की टीमों को अलर्ट पर रखा है। बता दें रविवार सुबह कठुआ जिले में तीन जगह बादल फटने की घटनाएं हुई थीं, जोद घाटी में सात लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं।

पुलिस के मुताबिक लैंडस्लाइड से दो से तीन घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और कई लोग मलबे में फंसे हुए हैं। हाईवे और रेलवे ट्रैक भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हैं। 14 अगस्त को किश्तवाड़ के चसोटी गांव में भी बादल फटने से तबाही मची थी। इस घटना में अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है और 200 से ज्यादा लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। 500 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है जबकि 180 घायल हैं।

कठुआ और किश्तवाड़ में सेना और राहत एजेंसियां लगातार काम कर रही हैं। एनडीआरएफ की तीन टीमें, सेना के 300 से ज्यादा जवान, पुलिस और एसडीआरएफ के साथ मिलकर मलबा हटाने और लोगों को सुरक्षित निकालने का काम कर रहे हैं। घायलों को जम्मू और किश्तवाड़ के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। चसोटी गांव में हालात इतने भयावह हैं कि लोग प्रशासन पर नाराजगी जता रहे हैं।

# उत्तराखंड में आसमान से उतरी तबाही की बारिश- सैकड़ों तीर्थयात्री फंसे, गंगोत्री हाईवे बंद

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में बीते कई दिनों से हो रही बारिश आफत बन गई है। द्वितीय केदार मद्महेश्वर पैदल मार्ग बनतोली के पास भूस्खलन से लगभग 50 मीटर ध्वस्त हो गया, जिससे मद्महेश्वर लौट रहे सैकड़ों तीर्थयात्री मार्ग में फंस गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रस्सी के सहारे यात्रियों को सुरक्षित दूसरी तरफ लाया जा रहा है। वहीं, रिश के कारण गंगोत्री नेशनल हाईवे पर भी जगह-जगह भूस्खलन और भूधंसाव हुआ है।

उत्तराखंड आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि पैदल मार्ग में करीब 200 यात्री फंसे थे, जिन्हें रेस्क्यू टीमों द्वारा सुरक्षित निकाला जा रहा है। मार्ग पर मलबा हटाने का काम रविवार देर रात तक जारी रहा और दोनों छोरों से रस्सी बांधकर यात्री सुरक्षित निकाले गए। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग, ऊखीमठ की टीम भी बनतोली की ओर रवाना की गई।

बारिश के कारण गंगोत्री नेशनल हाईवे पर भी जगह-जगह भूस्खलन और भूधंसाव हुआ। डबराणी से सोनगाड़ तक कई स्थानों पर मार्ग 13 दिनों से बाधित है। रविवार को नालूपानी और सालंग पुल के पास भारी मलबा और बोल्डर गिरने से हाईवे बंद रहा। इसी कारण मुसाफिर और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हर्षिल घाटी में प्रभावित धराली और आठ अन्य सीमावर्ती गांवों में जिला प्रशासन ने खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित की। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देश पर ग्रामीणों तक सस्ते गल्ले की दुकानों से अग्रिम राशन पहुंचाया गया, ताकि आपदा से प्रभावित लोगों को राहत मिल सके।

इसके अलावा पुरोला-करड़ा-धड़ोली मोटर मार्ग पर भी सड़क धंसने से आवाजाही ठप हो गई, जिससे सेब बागवानों की फसल मंडियों तक पहुंचने में जोखिम में है। बागवानों ने बताया कि सड़क समय पर नहीं खुली तो गोदामों में रखी सेब की सैकड़ों पेटियां सड़ सकती हैं, जिससे आर्थिक नुकसान हो सकता है। मौसम विभाग ने चमोली और आसपास के जिलों में भारी और मध्यम बारिश की संभावना जताई है और नदियों के जलस्तर में वृद्धि के चलते बाढ़ जैसी स्थिति की चेतावनी दी है। फिलहाल प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग स्थिति पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं। चमोली जिले में गोपेश्वर, बदरीनाथ समेत अन्य स्थानों



पर भी बारिश जारी रही। बदरीनाथ हाईवे के पागल नाला और भन्दैपुर सहित अन्य हिस्सों पर मलबा और बोल्डर गिरने से सड़क अवरुद्ध रही। जिले में करीब 20 ग्रामीण सड़कें भी बंद पड़ीं, जिन्हें मशीनों से मलवा हटाकर सुचारू किया जा रहा है।

## केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस को दिखाया आईना, राहुल गांधी का व्यवहार पूरी तरह से गैरजिम्मेदाराना

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर लगाए वोट चोरी आरोप को बेतुका बताया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाकर देश में अराजकता फैला रहे हैं। रविवार को चुनाव आयोग की प्रेस वार्ता के दौरान राहुल गांधी को हलफनामा देने के लिए 7 दिन का अल्टीमेटम देने पर उपमुख्यमंत्री मौर्य ने बिलकुल सही बताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं, वहां कतई नहीं है। उन्होंने कहा कि हर काम करने की एक तय प्रक्रिया होती है। अगर किसी राजनीतिक दल को मतदाता सूची प्रकाशन और संशोधन पर आपत्ति है, तब वह आधिकारिक तौर पर उठा सकता है। लेकिन, राहुल गांधी देश में अफवाहें फैला रहे हैं। उनका आचरण न लोकतांत्रिक है और न ही संवैधानिक, बल्कि राहुल गांधी का व्यवहार पूरी तरह से गैरजिम्मेदाराना है। लोकसभा में विपक्ष के नेता जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस तरह की हरकतें निंदनीय हैं। एनडीए द्वारा महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करने पर कहा कि मैं इसका स्वागत करता हूं और राधाकृष्णन को बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत को आदिवासी समुदाय से एक राष्ट्रपति मिला है और अब ओबीसी वर्ग से एक उपराष्ट्रपति होगा। यह बहुत बड़ा संदेश है, वहां दक्षिण भारत से आते हैं। एनडीए ने जो फैसला लिया है, यह बहुत ही स्वागत योग्य कदम है। मैं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को बधाई देता हूं।

# विदेश में बैठकर कई गैंगस्टर देश में करवा रहे है हत्याएं और जबरन वसूली

**–तीन बड़ी घटनाओं के बाद पुलिस की कार्यशैली और मुखबिर तंत्र पर उठ रहे सवाल**

गुरुग्राम (एजेंसी)। विदेश में बैठे कई बड़े गैंगस्टर इन दिनों गुरुग्राम पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। देश के बाहर से अपने गैंग चला रहे गिरोह के गुर्गे वसूली, दहशत फैलाने के लिए फायरिंग, सुपारी किलिंग और रंगदारी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। बीते एक महीने में एक के बाद एक हुईं तीन बड़ी घटनाएं पुलिस की कार्यशैली और मुखबिर तंत्र पर सवाल खड़े कर रही हैं।

मशहूर हरियाणवी गायक राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग के 20 दिन बाद उसके करीबी रोहित शौकीन की गोली मारकर हत्या और फिर अब मशहूर यूट्यूबर व राहुल के दोस्त एल्विश यादव के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई। ये तीन मामले एक महीने के अंदर ही हुए हैं। इन घटनाओं की एक-दूसरे से जुड़े हुए गैंगस्टरों ने ही जिम्मेदारी ली है। राहुल फाजिलपुरिया पर हमले के एक महीने बाद भी अब तक शूटर नहीं पकड़े गए। दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है जो रेकी करने वाले थे।

वहीं रोहित शौकीन की हत्या को 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन आरोपी अभी भी पुलिस की गिरफ्त दूर हैं। गुरुग्राम पुलिस को चुनौती देती हुई अब ये तीसरी घटना रविवार सुबह हुई जिसमें पुलिस के हाथ अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। राहुल फाजिलपुरिया पर 14 जुलाई की रात फायरिंग की गई थी। कार सवार हमलावरों ने उनका पीछा किया था और एसपीआर रोड पर उनकी थार गाड़ी रुकवाकर गोलीबारी की थी। इस हमले में राहुल फाजिलपुरिया बाल-बाल बच गए थे। इस हमले के बाद गैंगस्टर सुनील सरधानिया ने जिम्मेदारी ली थी और कहा था कि अगर वह दीपक नांदल के पांच करोड़ नहीं देगा तो उसके करीबियों की हत्या की जाएगी।

इस धमकी के 20 दिन बाद ही राहुल के करीबी दिल्ली के नांगलोई के रहने वाले रोहित शौकीन की राहुल के घर के पास ही एसपीआर रोड पर 4 अगस्त की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बताया गया था कि दीपक नांदल ने ही रोहित को फोन कर गुरुग्राम बुलाया था। उसके बाद वारदात की गई, जिस तरह रविवार सुबह एल्विश यादव के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई, इसका मकसद गैंगस्टर द्वारा इलाके में दहशत पैदा करना है।

गैंगस्टर गोलियां मारकर हत्या करना और इतनी बड़ी संख्या में फायरिंग करने का ट्रेंड अपनाते रहे हैं। इसकी शुरुआत गैंगस्टर कौशल गिरोह ने की थी। उसके बाद लॉरेंस बिश्नोई, फिर उससे जुड़े हुए गिरोह के लोगों ने इसी तरह से कई हत्याएं कीं। घटना के बाद गैंगस्टर का नाम जुड़ने ही एसटीएफ की टीमें भी सतर्क होग गई हैं। राहुल फाजिलपुरिया पर हमला, रोहित शौकीन की हत्या के बाद अब एल्विश यादव के घर पर फायरिंग के मामले में भी एसटीएफ की टीम अपनी तरफ से जांच में जुट गई हैं।

एसटीएफ के सूत्रों का कहना है कि जब भी ऐसे मामले सामने आते हैं या कोई गैंगस्टर इस तरह से घटना की जिम्मेदारी लेता है तो एसटीएफ खुद ही संज्ञान लेकर उस पर काम शुरू कर देती है। एसटीएफ की तरफ से कहा गया है कि फिलहाल गुरुग्राम पुलिस के साथ मिलकर टीमें जांच कर रही हैं। पुलिस प्रवक्ता एएसआई संदीप कुमार ने कहा कि सभी मामलों में पुलिस टीमें तेजी से जांच कर रही हैं। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बंगाल में लगेंगे 45 हजार दुर्गा पंडाल, सीएम ममता पंडालों को दे रही 500 करोड़

कोलकाता(एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में इस बार 45 हजार से ज्यादा दुर्गा पंडाल बनाए जा रहे हैं। इनमें से 3100 सिर्फ कोलकाता में लगाए जाएंगे। साल 2026 की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इस बार सीएम ममता बनर्जी हरेक पंडाल को 1.10 लाख रुपए की अनुदान राशि दे रही हैं। इस हिसाब से देखें तो राज्य सरकार करीब 500 करोड़ रुपए दुर्गा पंडालों को मदद दे रही हैं।



बता दें सीएम ममता बनर्जी ने 2018 में पंडालों को अनुदान देना शुरू किया था। तब 28 हजार पंडाल थे और हरेक को 10 हजार रुपए दिए जाते थे। अब पंडाल 60 फीसदी बढ़ गए हैं और अनुदान 11 गुना। पिछले साल 85 हजार रुपए दिए गए थे। इस बार सीधे 25 हजार रुपए बढ़ाए गए हैं। बीजेपी का आरोप है कि चुनाव नजदीक हैं, इसलिए सीएम ममता ने अनुदान बढ़ाया है।

विश्वविद्यालय के इकोनॉमिक्स विभाग के एचओडी कहते हैं, 10 दिनी शारदीय नवरात्र बंगाल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह छोटे से लेकर बड़े सेक्टर तक को आर्थिक ताकत देती है। सरकारी आंकड़ा है कि पिछले साल इन 10 दिन में 80 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हुआ था। इस बार यह एक लाख करोड़ तक पहुंच सकता है, क्योंकि हर चीज के दाम पिछले साल से ज्यादा हैं और पंडाल भी बढ़ गए हैं। पूजा कमेटियों का कहना है कि बीते सात साल में लेबर, कच्चा माल, लाइटिंग, पूजन सामग्री, सजावट आदि का खर्च 60 फीसदी से ज्यादा बढ़ चुका है। इसलिए पंडालों को भी ज्यादा रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं।

स्क्वॉयर पूजा पंडाल के आयोजक सजल घोष कहते हैं कि हम टीएमसी सरकार से अनुदान नहीं लेते हैं, क्योंकि सरकार इन्हें खुद का प्रचार का मंच बना चुकी है। अगले साल राज्य में विधानसभा चुनाव हैं, इसीलिए ममता ने 25 हजार रुपए ज्यादा अनुदान दे रही हैं। वहीं, विधानसभा के स्पीकर और तृणमूल नेता बिमान बनर्जी ने कहा कि अनुदान देने में सरकार कोई सियासी फर्क नहीं करती। कोलकाता में 4-5 बीजेपी समर्थित पंडाल हैं, लेकिन सरकार इन्हें भी अनुदान देती है। बीजेपी का काम ही आरोप लगाना है।

# अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का स्वागत करने सजने लगा लखनऊ

**–नगर निगम ने सड़क और पार्क का नाम शुभांशु रखने का लिया फैसला**

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी के लखनऊ में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के स्वागत की तैयारी हो रही हैं। शुभांशु जिन्होंने हाल ही में अंतरिक्ष मिशन के जरिए भारत का नाम दुनिया में रोशन किया है। इस वजह से उनके सम्मान में नगर निगम ने कई अहम फैसले लिए हैं। महापौर सुषमा खरकवाल ने बताया कि नगर निगम की बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया है कि उनके घर तक जाने वाली सड़क और शहर का एक पार्क उनके नाम पर रखा जाएगा। यह कदम न केवल उन्हें सम्मान देने के लिए है बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से भी उठाया गया है।

महापौर ने कहा कि शुभांशु शुक्ला लखनऊ शहर में पैदा हुए हैं वह हमारे शहर का गौरव है, हम भाग्यशाली हैं कि हमारे शहर का एक बच्चा विश्वपटल पर अपना नाम रोशन कर चुका है। उन्होंने कहा है कि आज पूरी दुनिया शुभाशु शुक्ला को जानती है। महापौर ने कहा कि शुभांशु उनके घर की रोड को उनके नाम से कर दिया है और सदन में बधाई देकर सबसे पहले इस काम को किया जाएगा।

वहीं उन्होंने एक और अहम फैसला लेते हुए कहा है कि उनके घर के पास नगर निगम एक पार्क बनवाएगा। उनके लखनऊ आगमन को लेकर सुषमा खरकवाल ने कहा कि जिस दिन वह शहर आएंगे उस दिन नगर निगम और सभी पार्षदों के साथ उनका जोरदार स्वागत के करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद रहेंगे। महापौर ने कहा कि शुभांशु शुक्ला आज न केवल लखनऊ बल्कि पूरे देश का गर्व बन चुके हैं।

लखनऊवासी उनके इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहे हैं और शहर उन्हें अपना नायक मानकर भव्य स्वागत की तैयारी में जुटा है। शहर के हर कोने में चर्चा है कि जिस युवा ने आसमान में देश का नाम रोशन किया, उसका सम्मान लखनऊ को और गौरवान्वित करेगा। शुभांशु के स्वागत से शहर का माहौल देशभक्ति और गर्व की भावना से सराबोर होगा। नगर निगम का यह फैसला न केवल एक औपचारिक कदम है बल्कि यह संदेश भी है कि लखनऊ अपने सपूतों के योगदान को कभी नहीं भूलता है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 9386895799, 9507466535, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902